सुप्रभात
रांची, गुरुवार
19.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 334

12 आकाश और अनंत बने भारत के अमीर शख्स



## न्यूज डायरी

### कैबिनेट की बैठक कल, लिए जायेंगे अहम फैसले

**रांची।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 20 जून को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। जानकारी के अनुसार, बैठक में पथ, स्कूली शिक्षा, ऊर्जा सहित अन्य विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### 10 जुलाई को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के आयोजन की आधिकारिक सूचना दे दी है। यह बैठक 10 जुलाई को रांची में होगी। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। बताते चलें कि पिछली बार 10 मई को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के कारण यह बैठक स्थगित कर दी गई थी। सरकार ने बैठक की तैयारियां शुरू कर दी है। बैठक में चार राज्यों झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

### नावाबाजार सीओ ₹30 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**पलामू।** पलामू एसीबी ने बुधवार को नावाबाजार के अंचलाधिकारी शैलेश कुमार को तीस हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी पर जमीन संबंधी एक कार्य के बदले में रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी ने आरोपी अधिकारी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### सांस की नली में फंसा कुरकुरे, बच्चे की मौत

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कीपोना पारडीह गांव में एक साढ़े तीन साल के बच्चे की मौत सांस की नली में कुरकुरे फंसने से हो गई। बच्चे को पहले हिचकी आई और कुछ देर के बाद वह बेहोश हो गया। परिजन जब उस बच्चे को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रेयांश राज कुरकुरे खा रहा था। इसी दौरान उसे पहले गले में परेशानी हुई। कुछ देर तक हिचकी आने के बाद वह असमान्य व्यवहार करने लगा। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचायी जा सकी।

### नक्सली कमांडर बैजनाथ ने किया सरेंडर

**लातेहार।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह ने बुधवार को डीआईजी नौशाद आलम, एसपी कुमार गौरव, कमांडेंट राकेश कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मनिका थाना क्षेत्र के शैलदाग गांव का रहने वाला बैजनाथ कई वर्षों से नक्सली संगठनों में सक्रिय था। बैजनाथ सिंह पर लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 7 से अधिक नक्सली हिंसा के मामले दर्ज थे।

# आज भारी बारिश का रेड अलर्ट, स्कूलों में रहेगी छुट्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों के लिए 19 जून को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान भारी बारिश, तेज हवाएं और बाढ़ जैसी आपदा की संभावना है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने सभी जिलों से पूरी सतर्कता बरतने को कहा है। इधर रांची समेत कई जिलों में प्रशासन ने बचाव की तैयारी शुरू कर दी है।



भारी बारिशा से लातेहार के महुआडांड़ प्रखंड स्थित लोध जलप्रपात उफान पर।

जिला पंचायती राज अधिकारी को कहा गया है कि सभी मुखिया गांवों में मुनादी करवाएं और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दें।

### लोग सतर्क रहें, जरूरी संसाधन तैनात रखें

ग्रामीण इलाकों में लोगों को सुरक्षित जगहों पर रहने और जरूरी सामान जैसे टॉर्च, दवा, सूखा राशन तैयार रखने की सलाह दी गई है। सड़क और यातायात व्यवस्था पर खास ध्यान रखने का निर्देश जारी किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी और जिला परिवहन अधिकारी को कहा गया है कि टूटी सड़कें, बह गए पुल या जाम की स्थिति पर नजर रखें। संबंधित विभागों को कहा गया है कि जाम नालियों की सफाई करें, गिरे पेड़ों को हटाएं, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत के इंतजाम रखें। जनता से सहयोग और सतर्कता की अपील की गई है ताकि कोई बड़ी अनहोनी न हो।

**चेतावनी का पालन करें**

- बिना जरूरत घर से बाहर नहीं निकलें
- कोई आपात स्थिति हो तो नजदीकी प्रशासनिक कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत संपर्क करें।

### सभी स्कूल छुट्टी के आदेश का पालन करें : प्रशासन

रांची समेत राज्य के कई जिलों में गुरुवार को भारी बारिश के मद्देनजर जिला प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने की घोषणा की है। रांची जिले में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के आदेश पर 19 जून को जिले में संचालित सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक समेत) एवं निजी स्कूलों में केजी से 12वीं तक की कक्षाएं नहीं चलेंगी। वहीं सरायकेला-खरसावां, धनबाद और रामगढ़ जिले के स्कूलों में आठवीं तक कक्षाएं स्थगित रहेंगी। आदेश का पालन नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौसम विभाग ने रांची में 21 जून तक भारी बारिश की चेतावनी दी है और रेड अलर्ट जारी किया है। रांची में अगले दो दिन सावधानी बेहद जरूरी है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

## सीएम की मौजूदगी में शिक्षा विभाग और एचसीएल के बीच एमओयू

# सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कॅरियर के लिए टेक-बी बड़ा कदम : मुख्यमंत्री

- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए बिना गारंटी के ₹15 लाख तक का ऋण दे रही सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य की युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। श्री सोरेन बुधवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में आयोजित एमओयू कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी को कॅरियर



निर्माण का रास्ता दिखाने और नया आयाम जोड़ने का प्रयास जारी है। इसी कड़ी में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और एचसीएल टेक के बीच प्लेसमेंट लिंक्ड बेस्ड प्रोग्राम **टेक-बी** के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करने का मौका मिलेगा। यह एक बड़ा कदम है।

### कंपनियों व संस्थानों को सरकार करेगी सहयोग

मुख्यमंत्री ने 12 वीं कक्षा के बाद से ही झारखंड के विद्यार्थियों को आईटी सेक्टर से जोड़ने की दिशा में एचसीएल के **टेक-बी** कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की युवा पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के साथ जॉब उपलब्ध कराने के लिए अगर कोई कंपनी-संस्थान पहल करती है, तो उसे राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी।

### निश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का सुनहरा मौका

मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक-बी एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिये विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा पूरी करने के साथ ही निश्चित भविष्य बनाने का मौका मिल रहा है। इतना ही नहीं, सफल प्रशिक्षण के बाद जॉब और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लगन के साथ इस प्रोग्राम का हिस्सा बनकर अपने कॅरियर को नई दिशा दें।

# 15 अगस्त से फास्टैग का वार्षिक पास होगा लागू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांच।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की घोषणा के बाद अब देश में हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर यात्रा करना और आसान होने जा रहा है। एनएचएआई ने 15 अगस्त से देश में फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करने का फैसला किया है। एक साल के पास की कीमत तीन हजार रुपये होगी। इससे अधिकतम 200 टोल यात्रा की जा सकेगी। यह योजना झारखंड के उन नागरिकों को भी राहत होगी, जो अक्सर रांची, जमशेदपुर, धनबाद जैसे शहरों से हाईवे के माध्यम से दूसरे राज्यों की यात्रा करते हैं।

**वार्षिक पास की खासियत**

- फास्टैग आधारित वार्षिक पास की कीमत मात्र 3,000 रुपये होगी।
- फास्टैग आधारित वार्षिक पास की वैधता 1 वर्ष या अधिकतम 200 यात्राएं (जो पहले हो) मान्य होगी।
- वार्षिक पास का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गो और एक्सप्रेस वे पर होगा।
- फास्टैग आधारित वार्षिक पास वाहनों की श्रेणी में गैर-व्यावसायिक निजी वाहन जैसे कार, जीप और वैन शामिल होंगे।
- फास्टैग आधारित वार्षिक पास लेने के बाद बार-बार भुगतान की जरूरत नहीं होगी।
- देश के टोल बूथों पर लगने वाली लंबी कतारें कम होंगी।
- यात्रा के दौरान समय की बचत होगी।
- नियमित यात्रियों के लिए राहत।
- नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर पास उपलब्ध होगा।
- सड़क परिवहन मंत्रालय की वेबसाइट पर मिलेगा पास।
- राजमार्ग यात्रा ऐप से भी ले सकते हैं वार्षिक पास।

### गुमला की डॉ पार्वती तिर्की को मिलेगा साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार



**नयी दिल्ली।** झारखंड की डॉ पार्वती तिर्की को 2025 के साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। फिर उगना हिंदी कविता के लिए उनका चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है। साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, साहित्य अकादमी द्वारा 35 वर्ष से कम आयु के युवा लेखकों को 24 भारतीय भाषाओं में से किसी एक में उत्कृष्ट साहित्यिक कार्य के लिए दिया जाने वाला यह एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। इस पुरस्कार के तहत 50 हजार रुपए नकद दिया जाता है। इसके साथ ही एक उत्कीर्ण ताम्र पट्टिका दी जाती है। झारखंड के गुमला जिले की रहने वाली डॉ पार्वती तिर्की रांची के रामलखन सिंह यादव कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। यूपी के बीएचयू (बीएचयू) से हिंदी में पीएचडी हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी की ट्रंप को दो टूक

# भारत ने कभी भी मध्यस्थता न स्वीकार की थी और न करेगा

**एजेंसी**

**दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत ने आतंकवाद पर अपनी बात रखी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने कभी मध्यस्थता स्वीकार नहीं की, न ही अब करता है और न ही कभी करेगा। इस मुद्दे पर सभी एकमत है।

**भारत आयेंगे ट्रंप** : विदेश सचिव विक्रम मिसरी के अनुसार दोनों नेताओं की मुलाकात जी7 शिखर सम्मेलन से इतर होनी थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी अमेरिका लौटना पड़ा, जिसके कारण यह मुलाकात नहीं हो सकी। फिर अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुरोध पर बुधवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों के बीच यह बात करीब 35 मिनट तक हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने का न्यौता भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

**पाक के अनुरोध पर हुई सीधी बातचीत** : विदेश सचिव ने कहा, 'पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से साफ कहा कि इस पूरी घटना के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और अमेरिका की ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता को लेकर किसी भी स्तर पर चर्चा नहीं हुई। सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बातचीत भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों सेनाओं के बीच स्थापित मौजूदा चैनलों के तहत सीधे हुई, यह पाकिस्तान के अनुरोध पर हुआ।

## अयातुल्ला अली खामेनेई का राष्ट्रीय संबोधन में ऐलान

# ईरान नहीं झुकेगा, अमेरिका को दिया अल्टीमेटम

**बढ़ता टकराव**

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते टकराव के बीच अब अमेरिका की ओर से भी खुली धमकियां सामने आ रही हैं। ऐसे हालात में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल दोनों को सख्त लहजे में चेताया है। खामेनेई ने राष्ट्रीय संबोधन में कहा-ईरान आत्मसमर्पण नहीं करेगा। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, 86 वर्षीय खामेनेई ने स्पष्ट किया कि अगर अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कदम उठाया, तो उसका अंजाम बेहद गंभीर होगा, जिसकी भरपाई अमेरिका



कभी नहीं कर पायेगा। एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। खामेनेई ने स्पष्ट किया कि ईरान किसी जबरदस्ती थोपे गये युद्ध के आगे झुकेगा नहीं और न ही किसी दबाव में शांति समझौता स्वीकार करेगा।

**ईरान किसी की धमकी नहीं सुनता** : सीएनएन चैनल के अनुसार खामेनेई ने कहा, जो लोग समझदार हैं, वह ईरान और उसके नागरिकों के इतिहास से परिचित हैं। वह लोग कभी ईरान से धमकी की भाषा में बात नहीं करते हैं। खामेनेई ने कहा कि पिछले सप्ताह इजराइल के ईरान पर हमला शुरू करने के बाद यह उनकी दूसरी सार्वजनिक टिप्पणी है।

**इरान का ट्रंप को अल्टीमेटम** : ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप से पूर्ण युद्ध" छिड़ जाएगा। प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश' समाचार चैनल पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इस साक्षात्कार का सीधा प्रसारण किया गया।

**इजराइल को भी चेतावनी** : इजराइली ड्रोन द्वारा ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ पर खामेनेई ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह ईरान की रेड लाइन है, और जो इसे पार करेगा, उसे माफ नहीं किया जाएगा। इजराइल को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई ने नागरिकों से अपील की कि वे इस संकट की घड़ी में एकजुट रहें।

**अमेरिका ने कई युद्धक विमान भेजा** : अमेरिका ने शुरू में ईरान पर इजराइल के हमलों से खुद को दूर रखा था लेकिन बाद में अमेरिका की अधिक भागीदारी का संकेत देते हुए कहा कि वह संघर्ष विराम से कहीं अधिक बड़ा" कुछ चाहते हैं। अमेरिका ने इस क्षेत्र में कई युद्धक विमान भी भेजे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकार ईरानी परमाणु ठिकानों पर संभावित सैन्य हमले को लेकर इजराइल के साथ मिलकर रणनीति बना रहे हैं।



# झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, एक झटके में 67 आईएएस अधिकारी बदले गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। सरकार ने 67 आईएएस अधिकारियों का एक झटके में तबादला कर दिया। सरकारी विभागों में इस फेरबदल को लेकर खूब चर्चा है। 67 आईएएस के ट्रांसफर से प्रदस्थापन (पोस्टिंग) की प्रतीक्षा कर रहे सभी अधिकारियों को नया दायित्व मिला है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक विभाग ने जारी कर दी है। विनोद कुमार के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि इस अधिसूचना के क्रम में प्रभार रहित पदाधिकारी कार्मिक विभाग में योगदान करेंगे।

ट्रांसफर की लिस्ट में आईएएस अमिताभ कौशल, राजेश कुमार शर्मा, अरवा राजमकल, राजेश्वरी बी, शशि प्रकाश झा, शेखर जमुआर, रवि शंकर शुक्ला, नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संजीव कुमार बेसरा, अक्षय कुमार सिंह, कुमुद सहाय, रविरंजन कुमार, मनोहर मराण्डी, घोलप रमेश गोरख जैसे तेजतर्रार अफसरों के नाम शामिल हैं।

## कईयों को अतिरिक्त प्रभार, राप्रसे के नागेंद्र पासवान बने डीडीसी जमशेदपुर

| | | |
|---|---|---|
| अमिताभ कौशल | अतिरिक्त प्रभार | उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग |
| राजेश कुमार शर्मा | अतिरिक्त प्रभार | नागरिक सुरक्षा आयुक्त, झारखंड |
| अरवा राजकमल | अतिरिक्त प्रभार | खान आयुक्त |
| ए दोड्डे | विशेष सचिव | राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, निदेशक भू अर्जन का अतिरिक्त प्रभार |
| राजेश्वरी बी | निदेशक | पंचायती राज |
| शशि प्रकाश झा | अभियान निदेशक | एनआरएचएम |
| शेखर जमुआर | निदेशक | खेलकूद, कार्यकारी निदेशक झारखंड खेल प्राधिकरण का अतिरिक्त परभार |
| रवि शंकर शुक्ला | उत्पाद आयुक्त, | अतिरिक्त प्रभार एम बिवरेज कॉरपोरेशन |
| नेहा अरोड़ा | विशेष सचिव | स्वास्थ्य, अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक झारखंड राज्य आरोग्य समिति और परियोजना निदेशक झारखंड राज्य इड्स कंट्रोल सोसायटी |
| संदीप सिंह | विशेष सचिव | अतिरिक्त प्रभार निदेशक अंकेक्षण निदेशालय और निदेशक पेंशन एवं लेखा निदेशालय। |
| संजीव कुमार बेसरा | परिवहन आयुक्त | |
| अक्षय कुमार सिंह | विशेष सचिव | योजना एवं विकास विभाग |
| कुमुद | सहायक निदेशक | अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय |
| रवि रंजन कुमार विक्रम | श्रमायुक्त, | अतिरिक्त प्रभार निदेशक नियोजन एवं प्रशिक्षण |
| मनोहर मरांडी | विशेष सचिव | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अतिरिक्त प्रभार मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन |
| घोलप रमेश गोरख | विशेष सचिव | पेयजल स्वच्छता विभाग, अतिरिक्त प्रभार एमडी जल जीवन मिशन |
| सूरज कुमार | निदेशक सुडा, | अतिरिक्त प्रभार सीईओ स्मार्ट सिटी और एमडी झारखंड राज्य आवास बोर्ड |
| आदित्य कुमार आनंद | पशुपालन निदेशक | |
| जीशान कमर | गव्य निदेशक, | अतिरिक्त प्रभार एमडी मार्केटिंग बोर्ड |
| मृत्युंजय बरनवाल | अतिरिक्त प्रभार | सीईओ झारखंड राज्य जलछाजन मिशन |
| किरण कुमारी पासी | अतिरिक्त प्रभार | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तेजस्विनी परियोजना |
| अजय कुमार सिंह | अपर सचिव | एसटी-एससी एवं अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण विभाग, अतिरिक्त प्रभार निदेशक टीआरआई |
| नेंसी सहाय | निदेशक | नगरीय प्रशासन नगर विकास |
| सुशांत गौरव | नगर आयुक्त | रांची नगर निगम, अतिरिक्त प्रभार उपाध्यक्ष आरआरडीए |
| कुलदीप चौधरी | आदिवासी कल्याण आयुक्त | |
| भोर सिंह यादव | निदेशक कृषि | |
| शशि रंजन | निबंधक सहयोग समितियां, अतिरिक्त प्रभार सीईओ सिद्धो कान्हों कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ | |
| वरुण रंजन | अतिरिक्त प्रभार | जियाडा |
| मनोज कुमार रंजन | निदेशक | प्राथमिक शिक्षा |
| सुधीर बाड़ा | निदेशक | उच्च शिक्षा |
| संदीप कुमार | सचिव | जेपीएससी |
| राजकुमार गुप्ता | अपर सचिव | उच्च शिक्षा |
| माधवी मिश्रा | निदेशक | उद्यान |
| अनन्य मित्तल | सीईओ | जेएसएलपीएस |
| जाधव विजया नारायण राव | निदेशक | पर्यटन |
| कर्ण सत्यार्थी | अतिरिक्त प्रभार | बंदोबस्त पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम और प्रशासक स्वर्ण रेखा परियोजना |
| मेघा भारद्वाज | आईजी रजिस्ट्रेशन, | अतिरिक्त प्रभार एग्जामिनेशन कंट्रोलर जेसीईसीई बोर्ड |
| गरिमा सिंह | एमडी | झारक्राफ्ट |
| हिमांशु मोहन | संयुक्त सचिव | होम |
| विशाल सागर | निदेशक | उद्योग |
| लोकेश मिश्रा | परीक्षा नियंत्रक | जेपीएससी |
| विजय कुमार सिन्हा | निदेशक | सामाजिक सुरक्षा, अतिरिक्त प्रभार निदेशक सह सदस्य सचिव बाल संरकक्षण संस्था |
| बाघमारे प्रसाद कृष्णा | अपर निदेशक | रिम्स |
| समीरा एस | अतिरिक्त प्रभार | बंदोबस्त पदाधिकारी पलामू |
| दीपक कुमार दुबे | डीडीसी | गोड्डा |
| सौरभ कुमार भुवानिया | डीडीसी | रांची |
| मो. जावेद हुसैन | डीडीसी | पलामू |
| आलोक कुमार | डीडीसी | खूंटी |
| रवि जैन | डीडीसी | कोडरमा |
| दीपांकर चौधरी | डीडीसी | सिमडेगा |
| आशीष अग्रवाल | डीडीसी | रामगढ़ |
| अनिकेत सचान | डीडीसी | दुमका |
| पीयूष सिन्हा | डीडीसी | देवघर |
| रीना हंसदा | डीडीसी | सरायकेला |
| शताब्दी मजूमदार | डीडीसी | बोकारो |
| सैय्यद रियाज अहमद | डीडीसी | लातेहार |
| नागेंद्र पासवान | डीडीसी | पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर |
| ओम प्रकाश गुप्ता | एसडीओ | |
| राजीव रंजन कुमार | निदेशक माटी कला बोर्ड अतिरिक्त प्रभार सीईओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर मध्यम बोर्ड। | |

## राज्यपाल ने डॉ प्रदीप बलमुचू की पुस्तक का किया लोकार्पण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राजभवन में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड एक सिंहावलोकन' का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने प्रदीप बलमुचू को पुस्तक की रचना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि आज हुए लोकार्पण पुस्तक में खासकर झारखंड की संस्कृति, धरोहर, आंदोलनों और आज के ओद्यौगिक विकास तक जिक्र है। मुझे लगता है कि झारखंड के प्रति रूचि रखने वाले लोग पुस्तक पढ़कर झारखंड का इतिहास और उपलब्धियों के बारे में बहुत कुछ जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहु, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, सच्चिदानंद चौधरी, मृत्यूंजय शर्मा, राजेश बलमुचू, रिचर्ड लकड़ा, सुनील तिग्गा, जॉयरूंडा, रामाकांत आनंद, आश्वा तिग्गा, फियाज शामिल थे।

### झारखंड आंदोलन से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर आधारित है पुस्तक : केशव महतो

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखण्ड एक सिंहावलोकन पुस्तक वास्तव में झारखंड शब्द की उत्पत्ति कहां से हुई है, झारखंड आंदोलन से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर आधारित है। इसमें पहला लेख हुल क्रांति दिवस पर लिखी गई है। झारखंड की संस्कृति, सम्पदा, वन, पर्यावरण, विभिन्न विद्रोह शुरू से लेकर अंत तक क्रमबद्ध जिक्र किया गया है। यह प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। एक छोटी से किताब में पूरा झारखंड का विवरण समेटने का काम किया गया है।

# गैंगस्टर अमन साव मुठभेड़ में क्यों दर्ज नहीं की गयी ऑनलाइन एफआईआर?

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर अमन साव की मां की चिट्ठी पर स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी व सरकार का पक्ष सुना। खंडपीठ ने मौखिक रूप से सरकार से पूछा कि परिजन की ओर से एफआईआर के लिए ऑनलाइन शिकायत दी गयी थी। उसे अब तक रजिस्टर्ड क्यों नहीं किया गया? एफआईआर दर्ज करने में क्यों देरी की जा रही है? खंडपीठ ने पूरे मामले में राज्य सरकार को जवाब दायर करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तिथि निर्धारित की।

**ऑनलाइन शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं :** प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत कुमार सिकरवार ने फ्रेश हस्तक्षेप याचिका (आइए) याचिका दायर की। उन्होंने बताया कि परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए ऑनलाइन शिकायत दी थी, लेकिन उसे अब तक रजिस्टर्ड नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के छह न्यायाधीशों के फैसले के बाद ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। अमन साव के मुठभेड़ को फर्जी बतानेवाली शिकायत पर सरकार प्राथमिकी दर्ज नहीं करना चाहती है। वह मामले में देरी कर रही है, ताकि उच्च पदस्थ आरोपी सबूतों को नष्ट कर सकें। मामले में देरी होने से कई साक्ष्य प्रभावित होंगे। कॉल ड्रॉप के रिकॉर्ड मिलने का समय समाप्त हो जाने से कंपनी से इस संबंध में जानकारी नहीं मिल पायेगी।

**अमन साव मुठभेड़ की सीबीआई जांच की मांग :** अमन साव को रायपुर (छत्तीसगढ़) से लेकर जिस रास्ते से पुलिस झारखंड ला रही थी, वह रायपुर से आने का रास्ता नहीं है। मामले में जवाब दायर करने के लिए सरकार को बहुत समय मिल गया है। अब उसे अधिक समय नहीं देना चाहिए। वहीं राज्य सरकार की ओर से तीन सप्ताह का समय देने का आग्रह किया गया। 11 मार्च को पलामू में अमन साव के मुठभेड़ की सीबीआई जांच की मांग की गयी है।

## ग्रामीण विकस और पेयजल मंत्री से मिला झारखंड सचिवालय सेवा संघ का डेलिगेशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार, महासचिव राजेश कुमार सिंह सहित धर्मेंद्र कुमार, शशिकांत गोप, अनिल सरदार, धर्मवीर कुमार, सुश्री अष्टमी बानरा एवं अमिता लकड़ा शामिल थीं। यह मुलाकात सौहार्द्र, पारस्परिक विश्वास और सहयोग की भावना के साथ संपन्न हुई। दोनों मंत्रियों ने नवगठित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दीं और संगठन के साथ सकारात्मक संवाद एवं सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। संघ की ओर से संगठन के विषयों में रुचि लेने के लिए मंत्रियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह भेंट संगठन एवं शासन के मध्य विश्वास और पारस्परिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट पर रोक जारी, 26 जून को होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की स्नातक योग्यताधारी (सीजीएल) परीक्षा के रिजल्ट पर लगी रोक बरकरार रखते हुए हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 26 जून निर्धारित की है। 26 जून को सरकार सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच की रिपोर्ट पेश करेगी। बुधवार को सरकार ने रिपोर्ट पेश करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की पीठ ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 26 जून निर्धारित की। सरकार ने अदालत को बताया कि अब तक के अनुसंधान में पेपर लीक का कोई साक्ष्य नहीं मिला है।

सरकार की इस दलील का प्रार्थियों ने विरोध किया और इस पर जवाब देने के लिए समय देने का आग्रह किया। पूर्व में इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सीआईडी ने दो केस किए हैं दर्ज जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले की जांच सीआईडी कर रही है। सीजीएल परीक्षा-2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआईडी ने दो केस दर्ज किए हैं। पहला केस रांची पुलिस से टेकओवर करने के बाद दर्ज किया गया है, जो रातू थाने में दर्ज हुआ था। जबकि, दूसरा केस जेएसएससी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। इस मामले के अनुसंधान के लिए एसआईटी भी गठित है।

**क्या है याचिका में याचिका में :** कहा गया है कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (2023) 28 जनवरी 2024 को हुई थी। लेकिन, प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इसके बाद एसआईटी का गठन किया गया और परीक्षा रद्द कर दी गई। दोबारा 21 सितंबर 2024 एवं 22 सितंबर 2024 को हुई परीक्षा में भी पेपर लीक होने का आरोप लगाया गया है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रकार, जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

**शपथ पत्र**

मैं सतेन्द्र मेहता, (SATENDRA, MEHTA) पिता सुदर्शन मेहता, ग्राम बड़ेपुर टोला घोड़बंधा, पोस्ट बराही थाना हुसैनाबाद जिला पलामू राज्य झारखण्ड का निवासी हूं। सपथ पत्र संख्या बुक नम्बर 7 क्रमांक नम्बर 4524 दिनांक 18/06/2025 यह कि मैं मुख्य आरक्षी समान्य सतेंद्र मेहता (SATENDRA MEHTA) 41 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रानी दंगा पश्चिम बंगाल में कार्यरत हूं।यह कि समर मेहता (SAMER MEHTA) मेरा पुत्र हैं। जिनका जन्मतिथि 15/10/2017 हैं।यह कि मैं अपने पुत्र समर मेहता की सेवा पुस्तिका में अपने पुत्र का नाम दर्ज कराना चाहता हूं। इसी आशय का यह सपथ पत्र समर्पित कर रहा हूँ। यह कि उपरोक्त कथन सत्य व सही हैं। यह कि उपरोक्त सेवा पुस्तिका में पूर्व से मेरा पुत्र का नाम समर दर्ज हैं । जबकि सही नाम समर मेहता हैं।यह कि दिनांक 18/06/2025 से मेरा पुत्र समर मेहता (SAMER MEHTA) के नाम से जाना जाएगा ।

# झारखंड के सरकारी स्कूलों में नियुक्त किये जायेंगे 1373 शिक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- **माध्यमिक आचार्य नियुक्ति के लिए 27 से भरे जाएंगे ऑनलाइन फॉर्म**
- **510 उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालयों में 1,373 पदों पर होनी है नियुक्ति**

रांची। झारखंड प्रशिक्षित माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 में सम्मिलित होने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन 27 जून से भरे जाएंगे। साथ ही ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। पहले इस परीक्षा के लिए बुधवार (18 जून) से ही आवेदन भरे जाने थे, लेकिन तकनीकी कारणों से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। अब इसकी तिथि बढ़ा दी गई है। साथ ही आयोग ने इसके लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। आयोग ने अब परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 29 जुलाई तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है।

ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन दो से चार अगस्त तक हो सकेगा। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के 510 सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य के 1,373 पदों पर नियुक्ति होनी है। पहली बार प्लस टू उच्च विद्यालयों में आर्टिफिशयल इंटेलीसेंस एंड कोडिंग, साइबर सेक्यूरिटी एंड डेटा साइंस, कंप्यूटर साइंस, अप्लाइड इंग्लिश आदि विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति इस प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से होगी। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन दो से चार अगस्त तक हो सकेगा। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के 510 सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य के 1,373 पदों पर नियुक्ति होनी है। पहली बार प्लस टू उच्च विद्यालयों में आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस एंड कोडिंग, साइबर सेक्यूरिटी एंड डेटा साइंस, कंप्यूटर साइंस, अप्लाइड इंग्लिश आदि विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति इस प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से होगी।

# भाकपा ने अमेरिका और जी-7 के आक्रामकता की निंदा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने ईरान पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आक्रामक बयानों की कड़ी निंदा की है। पार्टी का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी से तनाव और बढ़ेगा और पूरा पश्चिम एशिया क्षेत्र युद्ध और अस्थिरता की ओर बढ़ेगा।

**इजरायल की आक्रामकता की निंदा :** पार्टी ने इजरायल की आक्रामक हरकतों पर भी चिंता व्यक्त की है। गाजा पर अपने नरसंहारक हमले शुरू करके इजरायल ने जानबूझकर सीरिया, लेबनान, यमन और अब ईरान सहित क्षेत्र के अन्य देशों में अपनी सैन्य कार्रवाइयों का विस्तार किया है। पार्टी का मानना है कि इजरायल पर लगाम लगाए बिना, क्षेत्र में शांति और स्थिरता भ्रामक बनी रहेगी।

**अमेरिका और इजरायल पर दबाव बनाने की मांग :** अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की है कि अमेरिका और इजरायल पर दबाव बनाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, ताकि वे अपनी आक्रामक कार्रवाइयों को रोककर कूटनीति की ओर लौट सकें।

**भाजपा सरकार से अमेरिका समर्थक नीति बदलने की मांग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भाजपा के नेतृत्व वाली भारतीय सरकार से अपनी अमेरिका समर्थक और इजरायल समर्थक विदेश नीति का रुख त्यागने की मांग की है। वैश्विक दक्षिण के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता के लिए अन्य देशों के साथ एकजुटता की आवश्यकता है, ताकि सामूहिक रूप से इजरायल और उसके प्रमुख समर्थक संयुक्त राज्य अमेरिका की आक्रामकता को तत्काल समाप्त करने की मांग की जा सके।

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

**रेल पुलिस अधीक्षक का कार्यालय धनबाद**

**प्रेस विज्ञप्ति**

गुमशुदा रौशन कुमार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जसीडीह रेल थाना कांड सं0-29/23 दिनांक-04.05.2023 धारा 363/भा0द0वि0 में गुमशुदा रौशन कुमार दिनांक-04.05.2023 को समय करीब सुबह 04:00 बजे जसीडीह रेलवे स्टेशन के टिकट काउन्टर के पास परिवार वालो के बिच से गायब होने के संबंध में कांड दर्ज कराया गया। उक्त बच्चे का जसीडीह रेलवे स्टेशन पर काफी खोजबीन किया गया साथ ही सी0सी0टी0वी0 फुटेज भी चेक किया परन्तु गुम हुए बच्चा का कोई पता नही चल पाया है। गुमशुदा रौशन कुमार उम्र-04 वर्ष, रंग-गोरा, पहनावा-गुलाबी रंग का टी-शर्ट पहना हुआ।



गुमशुदा रौशन कुमार के बारे में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो, तो निम्नलिखित पदाधिकारियों के मोबाईल नम्बर पर सूचना देने की कृपा करे।

पुलिस अधीक्षक, रेल धनबाद- 9431706117
पुलिस उपाधीक्षक(द्वितीय), रेल धनबाद-7033619661
पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, रेल थाना जसीडीह-7903174831
प्रभारी डी0सी0बी0 शाखा, रेल धनबाद-8340713828

ह0/-
पुलिस अधीक्षक, रेल, धनबाद

PR 355401 Police(25-26)#D

## शराब घोटाले के सात आरोपियों के खिलाफ वारंट निर्गत

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले से जुड़े मामले में अनुसंधान पदाधिकारी ने सात आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तार वारंट प्राप्त कर लिया है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को गिरफ्तार वारंट का आवेदन दिया था। इसे एसीबी कोर्ट ने अनुमति प्रदान की। आईओ ने महाराष्ट्र और गुजरात के सात आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया है। इसमें गुजरात की विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट से जुड़े बिपिन जादवभाई परमार, महेश शेडगे, परेश अभेसिंह ठाकोर और बिक्रमसिंह अभेसिंह ठाकोर शामिल है। जबकि महाराष्ट्र की मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े जगन तुकाराम देसाई, कमल जगन देसाई और शीतल जगन देसाई का नाम शामिल है। एसीबी ने अब तक 16 से अधिक लोगों को आरोपी बना चुकी है। इसमें से तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे समेत छह की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य आरोपी को एसीबी पूछताछ के बुला रही है। इसके लिये सभी को समन कर रखा है। बावजूद आरोपी नहीं पहुंच रहा है। इसको देखते हुए मामले के पूर्व में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी विनय कुमार सिंह और छत्तीसगढ़ के चर्चित कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया के खिलाफ वारंट जारी हो चुका है।

## चार्जशीटेड छह आरोपियों को मिली जमानत की सुविधा

रांची। जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड छह आरोपियों को अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में बुधवार को आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राजीव कुमार सिंह, नंदलाल, डॉ दीनानाथ सिंह, मुनिंद्र तिवारी, शिव बहादुर सिंह एवं रघुवीर सिंह तोमर को अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार किया। इनलोगों ने अप्रैल महीने में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी। वहीं, रजनीश कुमार की याचिका पर 24 जून को भी सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। इसके बाद से आरोपियों का अदालती दौड़ जारी है।

# खेलगांव के हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह आजसू का स्थापना दिवस

- **प्रमुख झारखंड आंदोलनकारी नेताओं ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी**
- **22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनेगा आजसू का स्थापना दिवस**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी नेताओं डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता एवं दीपक महतो ने संयुक्त रूप से कहा है कि 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में आजसू का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मुख्य समारोह खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उस दिन झारखंड के संघर्ष के इतिहास और वर्तमान दशा पर भी मंथन होगा।

पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में युवा नेता संजय मेहता, मीडिया संयोजक परवाज खान, महानगर प्रवक्ता देवाशीष चट्टोराज आदि भी उपस्थित थे।




### शहीदों को समर्पित होगा बलिदान दिवस

मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि यह दिन झारखंड आंदोलन के उन अमर शहीदों को समर्पित है, जिन्होंने राज्य की अस्मिता, अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। बलिदान दिवस केवल अतीत को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और भविष्य निर्माण का भी समय है।

उन्होंने कहा कि 22 जून झारखंडी भावना को जागृत करने और शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प दिवस है। यह दिन हमें सोचने पर विवश करता है कि राज्य गठन के बाद हम जनता की अपेक्षाओं पर कहां तक खरे उतरे हैं।

### राज्य के सभी प्रखंडों से जुटेंगे कार्यकर्ता

वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि इस मौके पर राज्यभर के 24 जिलों और 260 प्रखंडों से आजसू कार्यकर्ता समारोह में जुटेंगे और नवनिर्माण की हुंकार भरेंगे। उन्होंने बताया कि बलिदान दिवस की पूर्व संख्या पर 21 जून को जिला एवं विधानसभा स्तर पर झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### अनुषंगी संगठनों के सदस्य भी पहुंचेंगे

केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने बताया कि पार्टी के केंद्रीय, जिला एवं प्रखंड के कार्यकर्ता बलिदान दिवस की तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि समारोह में सभी अनुषंगी इकाइयों महिला, युवा, छात्र, अधिवक्ता, किसान, बुद्धिजीवी, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य भी पहुंचेंगे। सभी प्रमंडलों तथा जिलों में तैयारी बैठक संपन्न हो चुकी है।

### कई लोगों ने ग्रहण की आजसू की सदस्यता

इस प्रेस कांफ्रेंस से पूर्व सुमित कुमार, अभिषेक त्रिवेदी, संजीव कुमार पासवान, पिंकू कुमार वर्मा, पीनू प्रसाद, अमित समेत कई युवाओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की।

## खबर एक नजर में

### अमित अग्रवाल की जमानत अर्जी पर सुनवाई

**रांची।** बहुचर्चित जीएसटी घोटाले के आरोप में जेल में बंद आरोपी जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी कारोबारी विक्की भालोटिया उर्फ अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने एक दिन का समय देते हुये अगली सुनवाई की तारीख 19 जून निर्धारित की है। ईडी ने उक्त आरोप में उसे 8 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। मामले में शिवकुमार देवड़ा, कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता और मोहित देवड़ा जेल में है।

### जानलेवा हमले के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा नंबर 1 की अदालत ने महिला को डायन बोल कर प्रताड़ित करने और जानलेवा हमला करने के आरोप में जेल में बंद करुणा देवी को जमानत देने से इनकार किया है। वह 28 मई 2025 से जेल में है। उसके खिलाफ उक्त आरोप में सोनाहातू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज है। यह प्राथमिकी पीड़ित महिला का बेटा विपिन बिहारी महतो ने 29 मई 2024 को दर्ज कराई थी। घटना को अंजाम 27 मई 2024 को दिया गया था। महिला पर आरोप है कि सूचक की माता को डायन कहकर गाली गलौज करने, बाल पकड़कर जमीन पर पटकने, चहेरे पर पत्थर से हमला करने समेत अन्य आरोप है। झारखंड हाईकोर्ट से दो बार अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद उसने 28 मई 2025 को अदालत में आत्मसमर्पण किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में है।

### नाबालिग से यौन शोषण का आरोपी बरी

**रांची।** नाबालिग का यौन उत्पीड़न के आरोप में पिछले साढ़े चार साल से लगातार जेल में बंद बबलू शर्मा गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से निकलेगा। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को यौन उत्पीड़न के आरोप से बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता फणीनेश्वर नाथ निलेश ने उसके बचाव में जिरह और बहस की थी। इसका लाभ आरोपी को मिला। वह दिसंबर 2020 से जेल में है। झारखंड हाईकोर्ट ने भी दो बार जमानत देने से इनकार किया था। अधिवक्ता निलेश ने बताया कि घटना को लेकर पीड़िता ने चुटिया थाना में दिसंबर 2020 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर यह बात आयी कि पीड़िता ने अपनी मां के कहने पर बबलू शर्मा के खिलाफ यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। इसमें कहा गया था कि मेरी मां से शादी का झांसा देकर साल 2018 से साथ रहा। इसके बाद छोड़ दिया। सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही पीड़िता का बयान अदालत में दर्ज किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता, उसकी मां और पिता की गवाही दर्ज कराई गई, लेकिन, घटना सही है इसको साबित करने में नाकाम रहा।

### निगम ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए 117 निजी अस्पतालों को दी आईडी

**रांची।** रांची नगर निगम ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए शहर के 117 निजी अस्पतालों को हॉस्पिटल आईडी दी। निगम के मुताबिक, इसका उद्देश्य जन्म-मृत्यु अधिनियम 1969 के तहत शत-प्रतिशत व समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इस कड़ी में बुधवार को उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में एक बैठक भी की गई, जिसमें सभी निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को आईडी संचालन की तकनीकी जानकारी, आवश्यक दस्तावेज तथा पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उप प्रशासक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिनों के भीतर पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि नागरिकों को प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध हो सके।

# रांची हुई तर-बतर, जलजमाव से बढ़ी परेशानी








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मॉनसून का आगाज जोरदार तरीके से हुआ है। मंगलवार से हो रही बारिश से पूरी राजधानी तर बतर हो गई है। जगह-जगह जलजमाव के साथ बिजली भी रूठ गई है। नगर निगम और बिजली विभाग की पहले से की गई तैयारी भी हवा-हवाई हो गई है। नालियां भी उफान मार रही हैं तो कहीं बिजली के तार टूट रहे हैं। बिजली की आंख मिचौनी जारी है। जोरदार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

**पेड़ गिरे, करेंट लगने से कुत्तों की मौत :** रांची के स्टेशन रोड और बहू बाजार में सड़क पर पेड़ गिर गए, जिससे यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। नामकुम इलाके में 11 हजार वोल्ट का तार जमीन पर गिरने से दो कुत्तों की मौत हो गयी। बिरसा चौक के पास सड़क धंस गई और बड़ा गड्ढा हो गया, जिससे यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा।

**जल जमाव की समस्या उभरी :** रांची के कई इलाकों में जलजमाव की गंभीर समस्या है। दीपाटोली स्थित एकलव्य टावर और पुंदाग क्षेत्र में जलजमाव की स्थिति से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**बड़ा तालाब के पास जलजमाव की स्थिति :** बड़ा तालाब के पास जलजमाव की स्थिति बन गयी है। अपर बाजार की टूटी सड़कों में जलजमाव हो गया है। वहीं नालियों का पानी भी सड़क में बह रहा है। रिम्स तालाब के पास भी सड़क पर जल बह रहा है। शहर के कई मुहल्लों में जलजमाव हो गया है।

### आज इन जिलों में बारिश की चेतावनी

**रेड अलर्ट :** रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, कोडरमा और गिरिडीह जिले में कहीं-कहीं पर अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

**ऑरेंज अलर्ट :** खूंटी, देवघर, धनबाद एवं जामताड़ा जिले में कहीं-कहीं पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**येलो अलर्ट :** दुमका,गोड्डा, पाकुड़,साहिबगंज और चतरा में कहीं-कही पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है। इस दौरान इन जिलों में गर्जन के साथ 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है।

### सबसे अधिक खूंटी में 155.8 मिमी बारिश दर्ज

रांची, खूंटी, सरायकेला खरसावां, जामताड़ा सहित कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। बुधवार को खूंटी जिले में 155.8 मिमी, रांची में 47.2 मिमी, जमशेदपुर में 68.8 मिमी, डालटेनगंज में 30.0 मिमी, बोकारो में 20.6 मिमी, चाईबासा में 23.0 मिमी बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने कहा कि गुरुवार और शुक्रवार को राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी रांची में पिछले 36 घंटे से जारी बारिश में हर तरफ पानी पानी हो गया है। कई निचली इलाकों में पानी भर गया है। वहीं तालाबों में जलस्तर बढ़ गया है। लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। लगातार बारिश से अधिकतम तापमान में कमी आयी है। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस बोकारो में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में दर्ज की गयी।

# एक करोड़ से अधिक ठगी करनेवाली वांटेड उषा बाखला गिरफ्तार, पुलिस खंगाल रही खाता

## नौकरी, बिजनेस और अन्य कार्य का झांसा देकर कई लोगों को ठगा

- रांची पुलिस खंगाल रही है अभियुक्त उषा बाखला की बैंक खाता, बरियातु, धुर्वा, नामकुम व नगड़ी में कई कांड दर्ज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातु थाना की पुलिस ने एक करोड़ से अधिक राशि की ठगी करनेवाली आरोपी महिला उषा बाखला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आयी महिला अभियुक्त सिठियो, धुर्वा, रांची की रहनेवाली है, जो वर्तमान में खूंटी के कालामाटी में रह रही थी। पुलिस इसके बैंक खाता की छानबीन कर रही है। पुलिस ने बुधवार को महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में पुअनि अक्षय कुमार, पुअनि जयदीप बोस व महिला आरक्षी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

**क्या है मामला :** बरियातु हाउसिंग कॉलोनी में रहनेवाले मुन्ना यादव ने 17 मई 2025 को बरियातु थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस के अनुसार बरियातु में रहने के दौरान अभियुक्त उषा बाखला की मुलाकात ओला के चालक संदीप कुमार से हुई थी। जिसमें आरोपी महिला अभियुक्त ने उसे बताया था कि वह रिम्स, रांची में डॉक्टर के पद पर है। उषा बाखला के द्वारा रिम्स व अन्य जगहों पर जाने के लिए चालक संदीप कुमार को कॉल कर ओला बुक करती थी। इस दौरान उषा बाखला ने चालक व उसके भाई को विश्वास में रिम्स में फोर्थ ग्रेड या चालक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर चेक व नगद के माध्यम से कुल 23 लाख रुपये ली। इसी तरह अभियुक्त उषा बाखला के द्वारा खरसीदाग ओपी क्षेत्र में कोचबोंग बेरेटोली निवासी बिमल उरांव से फ्लैट निर्माण के नाम पर कुल 58 लाख रूपये, धुर्वा निवासी सत्येंद्र कुमार दुबे से बिजनेस के नाम पर कुल तीन लाख रूपये, नगड़ी निवासी बुलबुल मुंडा से नौकरी के नाम पर कुल 22 लाख रूपये की ठगी किया गया है। इसके आलावे रांची व आसपास क्षेत्र के कई व्यक्तियों से भी आरोपी अभियुक्त उषा बाखला ने ठगी की है। गिरफ्त में आयी अभियुक्त उषा बाखला ने रांची जिला से कुल एक करोड़ छह लाख रूपये की ठगी की है। इसके खिलाफ बरियातु, धुर्वा, नामकुम व नगड़ी में कई कांड दर्ज है।

# फायरिग मामले के आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बरियातू निवासी कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर फायरिंग करने से जुड़े मामले में छह आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर न्यायिक दंडाधिकारी पीके वर्मा की अदालत ने संज्ञान ले लिया है। जेल में बंद आरोपियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। मामले में अब आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा जायेगा। इसके लिए अदालत ने एक जुलाई की तारीख निर्धारित की है। मामले के आईओ ने जांच पूरी करते हुये 16 जून को विशाल मुंडा, करण कुमार उरांव, अविनाश कुमार ठाकुर उर्फ सिल्लू, शोभित सिंह उर्फ मकसूदन, प्रेम पांडेय उर्फ प्रेम प्रकाश पांडेय के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अदालत ने सभी पर संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य के रूप में संविदा पर हत्या या जानलेवा हमला करने, साजिश रचने एवं आर्म्स एक्ट के 8 अलग-अलग धाराओं के तहत संज्ञान लिया है।

### अमन साहू गिरोह ने कोयला कारोबारी को फिर धमकी दी

**रांची।** झारखंड के कुख्यात अमन साहू गिरोह ने एक बार फिर कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा को जान से मारने की धमकी दी है। अपराधी राहुल सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा कि, बिपिन मिश्रा बाजार में बयानबाजी कर रहा है कि अमन साहू के मरने के बाद गैंग कुछ नहीं कर पाएगा। उसने चेतावनी दी कि तुम चाहे जितनी भी सुरक्षा बढ़ा लो, लेकिन इस बार सीधा पोस्टमार्टम हाउस भेजा जाएगा, हॉस्पिटल नहीं।



# आगामी रांची नगर निगम चुनाव में जमीनी कार्यकर्ताओं को उतारेगी कांग्रेस : के राजू

- रांची नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीतिक बैठक
- उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया हुई प्रारंभ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आगामी रांची नगर निगम चुनाव की तैयारियों के तहत बुधवार को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक का आयोजन रांची के कार्निवल बैंक्वेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर रांची नगर निगम के कार्यकर्ताओं का समागम विषयक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा और रांची लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय ने संयुक्त रूप से की। बैठक का उद्देश्य नगर निगम चुनाव के दृष्टिकोण से संगठन की स्थिति का आकलन करना, संभावित उम्मीदवारों से संवाद स्थापित करना और प्रत्याशी चयन प्रक्रिया की रूपरेखा पर चर्चा करना था। बैठक में वार्ड पार्षदों से लेकर डिप्टी मेयर पद तक के सभी संभावित नामों पर विस्तार से मंथन किया गया। साथ ही, उन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया, जो चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू तथा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश। इनके साथ मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, हटिया विधायक राजेश कच्छप, जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व महापौर रमा खलखो, वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान, शमशेर आलम समेत अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि रांची नगर निगम चुनाव कांग्रेस के लिए सिर्फ एक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जनता के बीच अपनी नीतियों, सिद्धांतों और विकास की प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है। हम पूरी पारदर्शिता और संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं की भागीदारी के साथ उम्मीदवारों का चयन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी रांची नगर निगम चुनाव में पूरी ताकत और प्रतिबद्धता के साथ हिस्सा लेगी। हमारे प्रत्याशी मजबूत, कर्मठ और जनता के साथ जुड़ाव रखने वाले होंगे। पार्टी संगठन हर वार्ड में सक्रिय रहेगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि रांची की जनता अब झूठे वादों, प्रचार की राजनीति और खोखली योजनाओं से ऊब चुकी है। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक ताकत है जो ईमानदारी, पारदर्शिता और वास्तविक विकास के एजेंडे के साथ काम करती है। रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि हम कार्यकर्ताओं की ताकत, एकता और अनुभव के बल पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। यह समागम न केवल संगठन की शक्ति का प्रतीक है, बल्कि हमारी आगामी चुनावी रणनीति का स्पष्ट संकेत भी है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों की राय लेकर शीघ्र ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। बैठक में रांची नगर निगम के कई निवर्तमान व पूर्व पार्षदों की सक्रिय उपस्थिति रही। इनमें राजन वर्मा, मो. एहतेशाम मंजर, दीपक राम, शाजदा खातून, कुलभूषण डुंगडुंग, नाजिमा रजा, हुस्ना आरा, सविता कुजूर, नीतू पासवान एवं कविता सांगा। इन सभी नेताओं ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। बैठक में महानगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यकर्ताओं में बबलू शुक्ला, अमरेंद्र सिंह, प्रिंस बप्त, मेहुल प्रसाद, मो. हुसैन सहित अन्य कई सक्रिय नेता शामिल थे। यह बैठक रांची नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस की प्रतिबद्धता, सांगठनिक शक्ति और जनभागीदारी की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## कंटेनर चोरी करने का आरोपी ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** नामकुम थाना के मुख्य द्वार से कंटेनर गाड़ी चोरी के मामले को साबित करने पुलिस अधिकारी अदालत नहीं पहुंचे। अदालत ने गवाहों को आने का इंतजार ढाई साल तक किया। बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी एनके आजम की अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी यूपी के मैनपुरी जिला निवासी राम कुमार को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार पक्ष रखा था। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन मामले में जब्त कंटेनर गाड़ी नामकुम थाना के मुख्य गेट के सामने खड़ा किया गया था। आरोपी ने 21 अप्रैल 2022 की रात्रि गश्त में तैनात पुलिस को चकमा देकर कंटेनर को चोरी करके ले भागा था। हालांकि, सीसीटीवी के आधार पर राम कुमार को 23 अप्रैल 2022 को लातेहार में कंटेनर के साथ पकड़ा गया था। घटना को लेकर एएसआई बाबूलाल टुडू ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जबकि, शिव नारायण तिवारी ने जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर सिर्फ एक गवाह पहुंचा था। इसका लाभ आरोपी को मिला।

## खबर एक नजर में

### संजय सेठ से मिला रांची माली समाज का प्रतिनिधिमंडल, रातू रोड फ्लाईओवर का नाम महात्मा फुले पथ करने की मांग की



**रांची।** .जिला माली (मालाकार) कल्याण समिति ने हाल ही में निर्मित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का नामकरण महात्मा ज्योतिबा राव फुले पथ करने की मांग की है। इसके साथ ही समिति ने फ्लाईओवर के दोनों छोर पर महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले की संयुक्त आदमकद प्रतिमा या स्मृति चिन्ह लगाने का अनुरोध किया है। समिति ने इस संबंध में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले ने समाज में शिक्षा, समानता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। उनके विचार और योगदान आज भी समाज के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। समिति के अध्यक्ष सुरेश मालाकार ने बताया कि पूरे झारखंड में अभी तक महात्मा फुले के नाम पर कोई मार्ग, प्रतिमा, पार्क या अन्य स्मारक नहीं है। ऐसे में राजधानी रांची के इस महत्वपूर्ण फ्लाईओवर का नामकरण उनके नाम पर होना चाहिये। ज्ञापन में यह भी सुझाव दिया गया है कि फ्लाईओवर के दोनों छोर पर महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले की संयुक्त आदमकद प्रतिमा या साइड मूर्ति स्थापित की जाये। समिति ने आशा व्यक्त की है कि सांसद संजय सेठ इस मांग को उचित मंच पर उठायेंगे।

### डिस्टलरी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए नगर प्रशासक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** डिस्टलरी छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश महतो के नेतृत्व मे बुधवार को प्रतिनिधिमंडल रांची नगर निगम के नगर प्रशासक संदीप सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डिस्टलरी तालाब के जीर्णोद्धार से सम्बंधित ज्ञापन नगर प्रशासक को सौंपा। डिस्टलरी छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश महतो ने ज्ञापन सौंपने के पश्चात कहा कि स्वामी विवेकानंद पार्क आज रखरखाव के अभाव में खत्म हो रहा है। वहां अवैध कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिस्टलरी तालाब को पुनः तालाब में परिवर्तित किया जाए, उसकी सजावट की जाए ताकि आस-पास के क्षेत्रों का पानी का लेयर बढ़े, पहले क्षेत्र की आधी आबादी तालाब पर निर्भर थी, आज तालाब नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। प्रतिनिधिमंडल में सुनील कुमार, सोनू मिश्रा, बबलू सिंह, ललिता देवी, रूबी देवी शामिल थीं।

### अधिवक्ता संघ की बैठक में बलिदान दिवस को सफल बनाने का निर्णय



**रांची।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की एक बैठक आज न्यू बार भवन के प्रथम तल्ला पर संघ के महासचिव भरत चन्द्र महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 22 जून को आजसू पार्टी के द्वारा खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में मनाए जाने वाले बलिदान दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने कहा कि बलिदान दिवस को एतिहासिक रूप देना है। उन्होंने संघ से जुड़े अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया। बैठक में रेखा वर्मा,अंजित कुमार, बी खंडित, समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### पेनेशिया हॉस्पिटल रांची में रक्तदान शिविर का आयोजन कर 50 यूनिट रक्त संग्रह



**रांची।** एक जागरूकता पहल के तहत बुधवार को स्थानीय क्षेत्र में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस शिविर में कुल 75 लोगों ने भाग लिया, जिनमें चिकित्सक, स्टाफ एवं स्वयंसेवक शामिल थे। शिविर का आयोजन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरवर राशिद, शहनवाज आलम, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अरविंद चरण मंगल, डॉ. प्रशांत कुमार एवं श्वेता वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने न केवल कार्यक्रम की निगरानी की, बल्कि उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक भी किया। शिविर के आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो अनेक जिंदगियों को बचा सकता है।

### एचईसी के आठ सप्लाई श्रमिकों को ग्रेच्युटी भुगतान का आदेश

**रांची।** एचईसी के आठ सप्लाई श्रमिकों को ग्रेच्युटी के भुगतान का आदेश क्षेत्रीय श्रमायुक्त ने दिया है। सभी श्रमिकों को सेवानिवृत्ति की तिथि से ग्रेच्युटी की राशि पर 7.1 फीसदी ब्याज के साथ भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। श्रमायुक्त के इस आदेश का हटिया मजदूर यूनियन ने स्वागत किया है। यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा है कि एचईसी सप्लाई श्रमिक ग्रेच्युटी के हकदार हैं। सभी सप्लाई श्रमिकों को इसका लाभ दिलाया जाएगा।

### पूर्व पार्षद सलाउद्दीन को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम बेल

**रांची।** रांची के पूर्व पार्षद मो. सलाउद्दीन उर्फ संजू खान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उसे 25-25 हजार के दो निजी मुचलकों पर अग्रिम बेल दे दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में मो. सलाउद्दीन उर्फ संजू खान की अग्रिम बेल पर सुनवाई हुई। सलाउद्दीन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता जावेद ने बहस की। जिस मामले में सलाउद्दीन को हाईकोर्ट ने अग्रिम बेल दी है, वह वर्ष 2018 का है। आरोपों के मुताबिक, निगम चुनाव के बाद विजय जुलूस के दौरान सलाउद्दीन ने गोली चलाने की कोशिश की थी। जिसके बाद रांची के लोअर बाजार थाना में कांड संख्या 138 दर्ज की गई थी।

## जैक बोर्ड की मैट्रिक-इंटर स्क्रूटनी के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जैक बोर्ड ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए सूचना जारी की है। अगर आप अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप स्क्रूटनी के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके लिए 18 से 28 जून तक परीक्षार्थी आवेदन कर सकते हैं। जैक बोर्ड के वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन भरा जा सकता है।

**प्रैक्टिकल और इंटरनल एसेसमेंट की नहीं होगी स्क्रूटनी :** जैक बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रैक्टिकल और इंटरनल एसेसमेंट के प्राप्तांक की स्क्रूटनी नहीं होगी। स्क्रूटनी के तहत उत्तरपुस्तिका में अंदर के पृष्ठों पर दिये गये अंक अगर मुख्य पृष्ठ पर अंकित नहीं होंगे, तो उसे अंकित कर जोड़ा जायेगा।

### स्क्रूटनी के लिए क्या है शुल्क

**मैट्रिक :** प्रति विषय 450 रुपये देने होंगे

**इंटर :** प्रति विषय 750 रुपये देने होंगे

## रथ यात्रा में राज्यपाल व सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में आगामी 27 जून को भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल मेला भी लगेगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बीते दो महीनों से कारीगर रथ को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

**राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश होंगे मुख्य अतिथि :** मंदिर के प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने जानकारी दी कि इस वर्ष की रथ यात्रा में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन समिति का उद्देश्य इसे जनसहभागिता से सम्पन्न कराना है।

रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भव्य रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

रथ का निर्माण सखुआ की लकड़ी से पारंपरिक तकनीकों द्वारा किया गया है। रथ निर्माण से जुड़े कारीगर महावीर लोहरा ने बताया कि यह आयोजन आदिवासी और सदान समुदाय की एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। रथ को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक रोशनियों और धार्मिक प्रतीकों से सजाया जाएगा। रथ यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है। वहीं, जिला प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुटा हुआ है।

## झारखंड निर्माण के अगुवा बिनोद बिहारी महतो के नाम हो रातू रोड एलिवेटेड फ्लाई ओवर : डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रातू रोड से पिस्का मोड़ के बीच नवनिर्मित ऐलिवेटेड फ्लाई ओवर का नामकरण झारखंड आंदोलन के अगुवा और झारखंड राज्य निर्माण में अवर्णनीय भूमिका वाले सांसद व विधायक रहें बिनोद बिहारी महतो करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा है कि बिनोद बिहारी महतो को जन सेवक समाज के रूप में समाज को शिक्षित करने में भी उनकी अपनी उल्लेखनीय भूमिका को भी हम सब याद रखते हैं। इसको देखते व समझते हुए हम यह आशा और उम्मीद करते हैं कि रातू रोड से पिस्कामोड़ तक नवनिर्मित एलिवेटेड फ्लाईओवर का नामकरण बिनोद बिहारी महतो करने को लेकर आवश्यक व समुचित कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इस एलिवेटेड फ्लाई ओवर के लिए केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी धन्यवाद के पात्र हैं।

## रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 117 निजी अस्पतालों को आइडी उपलब्ध

- सभी निजी अस्पताल को ससमय जन्म मृत्यु पंजीकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जन्म-मृत्यु अधिनियम-1969 के तहत प्रत्येक होने वाली जन्म एवं मृत्यु की घटना को शत प्रतिशत ससमय निबंधन करने के लक्ष्य को प्राप्ति के निमित रांची नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत सभी निजी अस्पताल को हॉस्पिटल आई डी उपलब्ध कराया गया है। सभी अस्पतालों को उपलब्ध कराई गई आई डी का प्रभावी रूप से संचालन एवं ससमय पंजीकरण हेतु सभी अस्पताल प्रबंधन के साथ बुधवार को उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में तकनीकी तथा जन्म-मृत्यु से संबंधित दस्तावेज इत्यादि की जानकारी दी गई। उप प्रशासक के द्वारा सभी निजी अस्पताल प्रतिनिधियों को ससमय जन्म मृत्यु पंजीकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके द्वारा बताया गया कि नागरिकों की सहूलियत हेतु रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत कुल 117 निजी अस्पतालों को आई डी उपलब्ध कराई गई है। अतः जन्म-मृत्यु की घटना घटित होने के 21 दिनों के अंदर पंजीकृत करना सुनिश्चित करें ताकि जल्द से जल्द प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके।

वहीं बैठक में बताया गया कि अपने दिए गए दायित्व का पालन ना करने वालों पर पेनल्टी का प्रावधान भी है। इस बैठक में सहायक प्रशासक-सह-निबंधक (जन्म मृत्यु) मुकेश कुमार, उप निदेशक, सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड, आई टी शाखा प्रभारी, जन्म मृत्यु शाखा के सभी कर्मी एवं विभिन्न अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और सरला बिरला विश्वविद्यालय, के बीच एमओयू



**रांची।** एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी थाईलैंड और सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीच एकेडमिक समझौता किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन के नेतृत्व में 17 जून को एआइटी बैंकॉक के कॉन्फ्रेंस हॉल में इस समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता, नये रिसर्च और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में काम किया जायेगा। समझौते पर एआईटी के उपाध्यक्ष एकेडमिक एंड रिसर्च प्रो मनुकित पर्निचकुन व एसबीयू के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने हस्ताक्षर किया। मौके पर एआईटी के कार्यकारी निदेशक प्रो नितिन के. त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय मामलों की विभाग की निदेशक डॉ सुमना श्रेष्ठ तथा एआईटी थाईलैंड से अन्य डीन भी उपस्थित थे। एसबीयू की ओर से डीन डॉ. संदीप कुमार, डीन अजय कुमार, डॉ. बी. समंता, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ. मीता वर्मा, स्वेता कुमारी, डॉ. उत्सव विशाल, डॉ. सागर साड़ंगी और डॉ. अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा गुरुनानक भवन कमेटी और गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के द्विवार्षिक चुनाव (2025-27) के लिए खड़े हुए उम्मीदवारों की अंतिम सूची बुधवार को को शाम चार बजे प्रकाशित कर दी गई। मुख्य चुनाव पदाधिकारी पूर्व पार्षद देवराज खत्री ने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी पूर्व पार्षद देवराज खत्री ने बताया कि गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के चुनाव में पांच सीटों के लिए पांच ही उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। इसलिए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है।

निर्वाचित हुए सदस्यों में मोहन लाल अरोड़ा, चंदू गिरधर, अश्विनी सुखीजा, दिनेश गाबा और कमल धमीजा शामिल हैं। साथ ही बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की इक्कीस सीटों के लिए चौबीस और गुरुनानक भवन कमेटी की पांच सीटों के लिए सात उम्मीदवार अपना अपना भाग्य आजमाएंगे।

सह चुनाव पदाधिकारी डॉ अजय छाबड़ा, प्रकाश अरोड़ा और हरीश नागपाल ने बताया कि सत्र 2025-27 के लिए गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, गुरुनानक भवन कमिटी और गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी का द्विवार्षिक चुनाव 22 जून को होना है, मतदान सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक गुरुनानक भवन के हॉल में होगा और रात नौ बजे तक तीनों संस्थाओं के परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। साथ ही बताया कि शहर से बाहर रह रहे सदस्यों के लिए लिंक के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था की गई है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

## क्षेत्रीय सहकारी सम्मेलन में नैनो उर्वरकों के बारे में हुई चर्चा






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सभी सहायक निबंधक, जिला सहकारी पदाधिकारी, सयुंक्त निबंधक के साथ एक गोष्ठी का आयोजन दिनांक 18 जून 25 को पशुपालन भवन में इफको द्वारा आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरज कुमार,(आई.ए.एस) निबंधक सहकारी समितियां, झारखंड सरकार, डॉ रमेश वर्मा, वरीय प्रबंधक इफको नई दिल्ली, शशि भूषण समदर्शी राज्य विपणन प्रबंधक इफको झारखंड, डॉ अजीत सिंह, वरीय कृषि वैज्ञानिक केवीके रांची ने अपनी सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वर्तमान खरीफ में पारम्परिक उर्वरकों के साथ नैनो उर्वरकों को लेकर कैसे अच्छी खेती की जाए पर चर्चा की गई।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों को बताया और आश्वस्त किया कि धान की खेती में नाइट्रोजन की आवश्यकता को आधी मात्रा दानेदार यूरिया एवं आधी मात्रा नैनो यूरिया के प्रयोग कर पूरा करते हुए अधिक उत्पादन किसान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को यह बतलाना है कि फसल के आरम्भिक अवस्था में बढ़वार के समय यानि खर पतवार नियन्त्रण के उपरांत दानेदार यूरिया का छिड़काव खेतों में करें एवं जब फसल खेत को पूरी तरह से ढंक दें यानि दानेदार यूरिया के प्रयोग के 10-15 दिन बाद नैनो यूरिया का स्प्रे धान के पत्तियों में करें।

डॉ रमेश वर्मा ने नैनो उर्वरकों के विभिन्न फसलों में प्रयोग के बारे में जानकारी दी और सभी अधिकारियों से निवेदन किया कि इसे किसानों तक अपने सभी क्षेत्र के अधिकारियों के माध्यम से पहुंचायें। डॉ शशि भूषण ने झारखंड राज्य में खरीफ मौसम में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में चर्चा की और बताया कि समय के साथ नैनो उर्वरकों का फसलों में प्रयोग आज की आवश्यकता हो गई है क्योंकि पारम्परिक उर्वरकों के लगातार बढ़ते प्रयोग के बावजूद भी उत्पादन घटता जा रहा है साथ ही मिट्टी, पानी और पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। सूरज कुमार, निबंधक महोदय ने उपस्थित सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करते हुए नैनो तकनीक से निर्मित नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी को किसानों तक लैम्पस और पैक्स के माध्यम से ले जाने को कहा और यह भी कहा कि इसके वृहत्त प्रचार-प्रसार के लिये प्रदर्शन, कृषकों के साथ बैठक, ड्रोन से स्प्रे एवं अन्य सभी तकनीकी को बढ़-चढ़कर किसानों तक ले जाएं। इसके लिए आप सभी इफको से लगातार वार्ता करें। चंदन कुमार प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति ने किया धरना-प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में बुधवार को कृषि योग्य भूमि जबरन हड़पने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन राज भवन के समक्ष किया गया। इसकी अध्यक्षता भीमा पाहन ने की व संचालन विकास टोप्पो ने किया। इस महाधरना में राज्य के कई जिलों से विभिन्न समाजिक व राजनीतिक अगुवा शामिल थे। इस धरना के माध्यम से वक्तागणों ने कहा कि राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण कानून 2013 का पालन नहीं किया जा रहा है और जबकि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार 70 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति बिना अधिग्रहण नहीं किया जा सकता है। अभी तक की नगड़ी जमीन पर अधिग्रहण करने का कोई लेखा-जोखा नहीं है। इस जमीन के चले जाने से हजारों परिवार विस्थापित हो जाएंगे, क्योंकि खेती करने के लिए उनके पास और जीवन यापन का एकमात्र साधन नगड़ी की कृषि योग भूमि है। राज्य सरकार नगड़ी में किसी योग्य भूमि को लूट के लिए तानाशाह की तरह काम कर रही है। आदिवासी समाज विकास के विरोधी नहीं है। रिम्स -2 के भी हम लोग विरोधी नहीं है, लेकिन सरकारी जमीन पर बनना चाहिए और बहुत सारे ऐसी जमीन रांची में हैं। सरकार को वहां अधिग्रहण करना चाहिए। राज्य सरकार को संज्ञान लेकर के इस नगड़ी में कृषि योग्य भूमि है उनको रैयतों के लिए छोड़ देनी चाहिए। नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति ने महामहिम राज्यपाल से अपील की है कि नगड़ी जमीन को बचाने के लिए हस्तक्षेप से करें। अन्यथा सभी लोग विस्थापित हो जाएंगे। आंदोलन तेज किया जायेगा सभा कर खेती कर नगड़ी जमीन पर कब्जा करने का काम करेगी।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व मंत्री देव कुमार धान, भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, निरंजना हेरेंज, कुंदर्शी मुंडा, सेलिना लकड़ा, आकाश तिर्की, राहुल तिर्की, बलकु उरांव, संदीप तिर्की, नगड़ी के रैयत विकास टोप्पो, सीता कच्छप, लक्ष्मी मुंडा, हर्षिता मुंडा, सीता कच्छप, अनुराधा टोप्पो, सरोज गाड़ी, मनुजला टोप्पो, पार्वती गाड़ी, प्रीति टोप्पो, गीता टोप्पो छाया टोप्पो सहित सैकड़ों रैयत शामिल थे।

# लगातार वर्षा से सब्जी की फसलों को भारी नुकसान


बेड़ो के जरिया गांव में वर्षा के बाद खेत से तोड़ कर रखा गया टमाटर।


बेड़ो के जरिया में वर्षा से टमाटर खेत में भरा पानी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। खेतों में लगी सब्जी की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। वर्षा ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वर्षा से किसानों के खेतो में लगी टमाटर, कद्दू ,भिंडी, मिर्चा, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन,झिंगी व नेनूवा आदि फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। जबकि गांव के लोगों की जीविका का एक मात्र साधन सब्जी खेती है। किसानों ने हाड़तोड़ मेहनत से सब्जी लगाया था। इसी बीच हुई मंगलवार की रात हो रही झमाझम वर्षा ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

### किसानों ने कहा सरकार अविलंब मुआवजा दे...

प्रखंड के किसान पवन महतो, ब्रजेश महतो, राजेंद्र महतो, बलदेव महतो, विजय महतो, ईश्वर महतो, अशोक महतो, हरि महतो, दिनेश महतो, अशोक महतो, गोपाल महतो, श्याम महतो, गंदुरा कुजूर, पंकज कुजूर, प्रकाश उरांव, जुब्बी उरांव, जेवियर तिर्की, सुलेमान तिर्की, मंगलू उरांव, जतरु उरांव, भीम व सुनील समेत दर्जनों किसानों का कहना है कि परिवार की भरण पोषण की उम्मीद सिर्फ सब्जी की फसल पर टिकी हुई थी। लेकिन, लगातार वर्षा ने खेतों में कहर बरपाया। प्रकृति की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी। किसानो ने प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि प्रखंड क्षेत्र में बारिश से हुए किसानों की फसलों के नुकसान का अविलंब मुआवजा दिया जाए।

### तीन महीने पहले ओला से नष्ट हुई फसल किसानों को अभी तक नहीं मिला मुआवजा....

प्रखंड के किसानों का कहना है कि तीन महीने पहले ओलावृष्टि में सब्जी की फसलें नष्ट हो गई थीं। जिसका मुआयना प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने किया था और मुआवजा देने आश्वासन दिया गया था। इसके वावजूद अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।

किसान मुआवजा न मिलने से परेशान हैं। किसानों ने कहा कि मुआवजा नहीं मिला तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## वर्षा के बाद लोगों को लुभाने लगी घघारी जलप्रपात की खूबसूरती


घघारी जलप्रपात से गिरते झरना।

**लापुंग।** मंगलवार की रात से लागातर हो रही झमाझम वर्षा से लापुंग प्रखंड स्थित घघारी जलप्रपात की खूबसूरती चरम पर पहुंच गई है। ऐसे में अब पर्यटकों की भारी भीड़ यहां जुटने लगेगी। यहां घघारी नदी का पानी नीचे गिरता है जो लोगों का मन मोह लेता है। बेड़ो से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध घघारी की प्राकृतिक सौंदर्यता काफी अनुपम है। नदी का पानी झरने के रूप में सीधे पहाड़ी से नीचे गिरता है। यह विहंगम दृश्य इतना मनोरम होता है कि जब लोग यहां पहुंचते हैं तो उन्हें यहां से जाने का मन नहीं करता। जब मूसलाधार बारिश होती है तो इस जलप्रपात की खूबसूरती और भी बढ़ जाती है।

# मानसून के दस्तक देते ही खिल उठे किसानों के चेहरे



- बिचड़ा लगाने की तैयारी
- धान की हो रही खरीदारी

**शेख मुजिबुल**

**रातू (रांची)।** झारखंड में 17 जून से मानसून ने दस्तक दे दी है। झमाझम बारिश होने से किसान न केवल उत्साहित, बल्कि उनके चेहरे भी खिल उठे हैं। वह खेतों में बिचड़ा लगाने की तैयारी में जुट गये हैं। बीज भंडारों में उन्नत किस्म के हाइब्रिड धान की खरीदारी के लिये भीड़ उमड़ने लगी है। बिचड़ा लगाने का काम आम तौर पर इसी माह किया जाता है। यह खरीफ फसल के लिये उत्तम और उपयोगी है। समय पर रोपनी होने से फसलें अच्छी होती है। चालू सप्ताह में इसके रफ्तार पकड़ने की संभावना है। ताकि, पैदावार दोगुनी हो सके। उम्मीद की जा रही है कि 140 दिनों में तैयार होने वाली धान की फसल के लिये 5 जुलाई के बाद एक नंबर खेतों में धनरोपनी होने लगेगी। वहीं, दो नंबर में 15 से रोपनी की जा सकती है।

### प्रखंड में हैं 8 हजार कृषक

प्रखंड में करीब 8 हजार कृषक हैं। इनके जीने का मुख्य आधार खेती है। इसके जरिये प्रगतिशील किसान परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। लेकिन, सरकार की ओर से विशेष प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। औपचरिकता मात्र के लिये लैम्स से अनुदानित दर पर धान की बीज दी जाती है, जो पर्याप्त नहीं है। उन्हें सस्ते दर पर खाद और बीज उपलब्ध कराने की जरूरत है।

### यह है धान की उन्नत किस्म

इलाके के बीज भंडार मालिको से बात की गयी। बिजुलिया महादेव टंगरा स्थित महतो बीज भंडार के प्रो मृत्युंजय महतो ने बताया कि उनके पास विभिन्न कंपनी की विश्वसनीय व प्रमाणित हाइब्रिड धान बीज का स्टॉक है। इसमें पायोनियर, देहात, अड़वांटा, बजाज, साजेंटा, बायर, नॉवेल्टी, टू फ़्लोरा, नुजीन्स, नामधारी व एलजी आदि शामिल हैं, जो ऊपज की दृष्टिकोण से बेहत्तर है। उन्होंने सुझाव दिया कि किसानों को इन्हीं धान बीज का बिचड़ा लगाने चाहिये।

## किसानों के बीच अरहर व मूंगफली बीज का वितरण


बीज का वितरण करते अतिथि।

**ठाकुरगांव।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र मोराबादी के सौजन्य से बुढ़मू प्रखंड के चैनगड़ा तथा काटंगदिरी गांव में बुधवार को किसानों के बीच अरहर व मूंगफली बीज का वितरण किया गया। वितरण कृषि वैज्ञानिक डॉ ओ पी शर्मा ने किया। इस अवसर पर 52 किसानों के बीच अरहर व मूंगफली बीज दिया गया। मौके पर कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र अटारी के सहयोग से बीज का वितरण किया गया। मौके पर किसानों को उन्नत कृषि का प्रशिक्षण भी दिया गया। मौके पर बालगोविंद महतो, गणपत लोहरा समेत अन्य किसान मौजूद थे।

## रातू : सांप के काटने से 72 वर्षीय वृद्ध की मौत

**रातू।** प्रखंड के पाली में घर बनाकर पत्नी के साथ रह रहे 72 वर्षीय कलेश्वर महतो की मंगलवार की रात सांप के काटने से मौत हो गयी। वह हजारीबाग जिले के बड़कागांव के रहने वाले और पाली निवासी नारायण महतो के समधी थे। घटना रात करीब 2 बजे की है। सुबह 5 बजे उनकी पत्नी समधी के घर पहुंची और इसकी जानकारी दी। जब लोग वहां पहुंचे, तो देखा कि उनकी मृत्यू हो चुकी है। इसके बाद इसकी खबर हरमू में रहने वाला उनका पुत्र दशरथ महतो को दी गयी। बुधवार की शाम हरमू मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## इटकी क्षेत्र में जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित


भारी बारिश से खेतों में जलजमाव।

**इटकी।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने इटकी क्षेत्र में जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। बुधवार को इटकी में लगने वाला बाजार सूना रहा, दुकाने कम लगी और खरीदारों की आवाजाही बेहद कम रही। सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे खेत में लगे मकई, बैगन, धनिया पत्ती सहित अन्य फसल बर्बाद हो गई। प्रखंड के मोरो पोखरा टोली के प्रगतिशील किसान नंदलाल महतो ने बताया कि लगातार बारिश से खेतों में जलजमाव हो गया है, जिससे मेहनत से तैयार की गई फसलें अब खेतों में ही खराब होने लगी हैं। धान के बीचडा लगाने का कार्य भी प्रभावित हुआ। झखरा टोली में जुगवा महतो, गुड़ना महतो, सुनील महतो, जतरू उरांव के खेतों में पानी भर जाने से फसलों को नुकसान हुआ। वही खेतों में लगी मूली और टमाटर बारिश में बह गए। मल्टी के मोहन महतो के डेढ़ एकड़ में लगी फूलगोभी पूरी तरह नष्ट हो गए। डिबना महतो के घर के पास एक विशालकाय करंज का पेड़ गिर गया है। मौसम विभाग ने 19 जून को भारी बारिश की संभावना जताते हुए रांची जिला में रेड अलर्ट जारी किया है।

## सिकिदिरी थाना की पुलिस ने मादक पदार्थो के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी क्लब घर में बुधवार को सिकिदिरी थाना की पुलिस ने मादक पदार्थ व नशा के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस केंद्र से आये इंस्पेक्टर ब्रह्मदेव प्रसाद व सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा के द्वारा लोगों को मादक पदार्थ व अन्य प्रकार के नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के बारे बताया। उसके खरीद-बिक्री करने पर पकड़े जाने पर होने वाले कानूनी कार्यवाही के बारे में भी लोगों को बताया गया। लोगों को नशा मुक्त समाज बनाने में अपनी भूमिका निभाने हेतू लोगों को प्रेरित किया गया तथा शपथ दिलाई गई। मौके पर एसआई वरुण कुमार, समाजसेवी खालिक खान,संजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, लक्ष्मण सैनी, राजेश पाहन, पप्पू सिंह, महेंद्र बहादुर गुरूम आदि शामिल थे।

## सडक दुघर्टना में एक की मौत, मामला दर्ज

नामकुम। बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे थाना क्षेत्र के रामपुर में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त सिदरौल टांगर टोली के रहने वाले जगमोहन बैठा के बेटे रोहित बैठा 22 वर्ष के रूप में की गई। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि मृतक रोहित पांचा स्थित अर्बन कंपनी में काम करता था। वह लगभग तीन बजे अपनी बाइक संख्या जेएच 01 एफवाई 8139 से पांचा जा रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से तेजी और लापरवाही से आ रहे कंटेनर वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची नामकुम पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भिजवा दिया। इधर कंटेनर वाहन का चालक दुर्घटना के बाद गाड़ी लॉक कर मौके से फरार हो गया।पुलिस गाड़ी के मलिक का पता लगा रही है। जिससे कंटेनर वाहन को जब्त कर थाने लाया जा सके। मृतक के पिता जगमोहन बैठा के ब्यान पर पुलिस ने कंटेनर चालक पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।


झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची
जिला-हजारीबाग (पार्ट-1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्दनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0-328/25<br>2. आवेदक-सीता देवी, पति-स्व0 फिरंगी यादव<br>3. ग्राम-चुरचू, पोस्ट-चुरचू, थाना-चुरचू, प्रखण्ड-चुरचू<br>4. लिंग-महिला, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गर्दन के तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0-329/25<br>2. आवेदक-मो0 अब्दुल खाँ, पिता-मो0 इब्राहिम खाँ<br>3. ग्राम-बमनबै, पोस्ट-बमनबै, थाना-मुफ्फसिल, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0-330/25<br>2. आवेदक-गोपाल ठाकुर, पिता-स्व0 गेन्दो ठाकुर<br>3. ग्राम-कुम्हार टोली, पोस्ट-बड़म बाजार, थाना-सदर, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-75 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0-331/25<br>2. आवेदक-राजेन्द कुमार, पिता-स्व0 गोवर्धन ठाकुर<br>3. ग्राम-रामनगर, पोस्ट-सदर हजारीबाग, थाना-सदर, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-75 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गाल में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0-332/25<br>2. आवेदक-अर्चना सिन्हा, पति-प्रभात कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम-न्यू एरिया दूसरी गली, पोस्ट-सदर हजारीबाग, थाना-सदर, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-महिला, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0-333/25<br>2. आवेदक-प्रदीप पाण्डेय, पिता-स्व0 भरत पाण्डेय<br>3. ग्राम-सुल्ताना, पोस्ट-सुल्ताना, थाना-कटकमदाग, प्रखण्ड-कटकमदाग<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ के छोटी अंगुली में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0-334/25<br>2. आवेदक-जयनाथ राम, पिता-श्री फुलचन्द<br>3. ग्राम-पसई, पोस्ट-रेवाली, थाना-कटकमदाग, प्रखण्ड-कटकमदाग<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना छाती में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0-335/25<br>2. आवेदक-प्रभात कुमार सिन्हा, पिता-स्व सच्चिदानंद प्रसाद<br>3. ग्राम-न्यू एरिया दूसरी गली, पोस्ट-सदर हजारीबाग, थाना-सदर, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु- 53 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0-336/25<br>2. आवेदक-रंजीत रविदास, पिता-स्व पोखन राम<br>3. ग्राम-कुम्हार टोली पार नाला, पोस्ट-सदर हजारीबाग, थाना-सदर, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु- 46 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथा में कम हुआ का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0-337/25<br>2. आवेदक-गुलाब यादव, पिता-स्व केशर यादव<br>3. ग्राम-नेवरी करमा, पोस्ट-चौपारण, थाना-चौपारण, प्रखण्ड-चौपारण<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें तरफ ओठ कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0-338/25<br>2. आवेदक-प्रीति सिन्हा, पति-अजित कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम-ओकनी, पोस्ट-सदर हजारीबाग, थाना-सदर, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-महिला, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-ठुड्डी के नीचे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्दनाथ भाई पटेल एवं दशरथ महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0-339/25<br>2. आवेदक-अशोक भाई पटेल, पिता-जागो महतो<br>3. ग्राम-खरना, पोस्ट-विष्णुगढ, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0-340/25<br>2. आवेदक-स्वेता कुमारी, पति-कुन्दन लाल<br>3. ग्राम-सातमील चौक, रमुआ, पोस्ट-विष्णुगढ, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-महिला, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने कलाई में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0-341/25<br>2. आवेदक-शंकर महतो, पिता-स्व0 तुलसी महतो<br>3. ग्राम-बलमक्का, पोस्ट-खरकी, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-कान में तिल। | कंडिका-2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0-429/25<br>2. आवेदक-देवकी चन्द चौधरी, पिता-शिकारी महतो<br>3. ग्राम-दुर्गी बस्ती, बरकाकाना, पोस्ट-बरकाकाना, थाना-बरकाकाना, प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें घुटने में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0-342/25<br>2. आवेदक-कुन्दन लाल, पिता-मिश्री लाल<br>3. ग्राम-सातमील चौक, रमुआ, पोस्ट-विष्णुगढ, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने कंधे पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्दनाथ भाई पटेल एवं जहूर मियाँ के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 17. | 1. आवेदन क्र0-343/25<br>2. आवेदक-रमेश कुमार, पिता-जेपाल महतो<br>3. ग्राम-ओम, पोस्ट-केरेडारी, थाना-केरेडारी, प्रखण्ड-केरेडारी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0-344/25<br>2. आवेदक-उमेश्वर प्रसाद महतो, पिता-स्व0 जयपाल महतो<br>3. ग्राम-ओम, पोस्ट-केरेडारी, थाना-केरेडारी, प्रखण्ड-केरेडारी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 महमूद आलम एवं मौलाना मोबीन रिजवी द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 19. | 1. आवेदन क्र0-345/25<br>2. आवेदक-करीमुद्दीन अंसारी, पिता-स्व0 शकुर मियाँ<br>3. ग्राम-नवादा, पोस्ट-नवादा, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में लहसन का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0-346/25<br>2. आवेदक-मोहम्मद सिराज, पिता-मोहम्मद अब्बास अंसारी<br>3. ग्राम-कुसुम्भा, पोस्ट-नवादा, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0-347/25<br>2. आवेदक-अनंतलाल महतो, पिता-स्व0 जवलाल महतो<br>3. ग्राम-गोलगो, पोस्ट-सिरारी, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-ठुड्डी में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0-348/25<br>2. आवेदक-सरफुद्दीन अंसारी, पिता-अब्दुल हमीद<br>3. ग्राम-धरमपुर, पोस्ट-खाम्बा, थाना-टाटीझरिया, प्रखण्ड-टाटीझरिया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ आँख में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0-349/25<br>2. आवेदक-रूपलाल यादव, पिता-स्व0 भवन यादव<br>3. ग्राम-अल्पितो, पोस्ट-अल्पितो, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायाँ आँख के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0-430/25<br>2. आवेदक-निसार अहमद, पिता-मो0 अब्बास<br>3. ग्राम-दिगवार, पोस्ट-दिगवार, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक के नीचे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0-350/25<br>2. आवेदक-मो0 एकराम, पिता-मो0 मुस्तकीम<br>3. ग्राम-दिगुरा, पोस्ट-मरहन्द, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-कमर में लहसन का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0-351/25<br>2. आवेदक-जहीर उद्दीन अंसारी, पिता-स्व0 मायासुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम-इन्दरा, पोस्ट-जरवा, थाना-बरही, प्रखण्ड-चुरचू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ हाथ में टीका का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0-352/25<br>2. आवेदक-मो0 इजराइल अंसारी, पिता-मो0 अब्दुल हमिद<br>3. ग्राम-नवादा, पोस्ट-नवादा, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0-353/25<br>2. आवेदक-कृपा नारायण सिंह, पिता-बासुदेव सिंह<br>3. ग्राम-राजपूत टोला0, पोस्ट-विष्णुगढ, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0-431/25<br>2. आवेदक-टेकलाल महतो, पिता-दुखन महतो<br>3. ग्राम-लइयो, पोस्ट-लइयो, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-पीठ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0-354/25<br>2. आवेदक-सोमर महतो, पिता-स्व0 तालो महतो<br>3. ग्राम-नावाटान्ड, पोस्ट-बनासो, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0-355/25<br>2. आवेदक-सोबरन महतो, पिता-स्व0 कुंजा महतो<br>3. ग्राम-रखवा, पोस्ट-नवादा, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-73 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0-356/25<br>2. आवेदक-अशोक प्रसाद सिंह, पिता-स्व0 सत्यनारायण सिंह<br>3. ग्राम-राजपूत टोला0, पोस्ट-विष्णुगढ, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0-357/25<br>2. आवेदक-मो0 आरीफ हुसैन, पिता-स्व0 हफीजउद्दीन<br>3. ग्राम-पगमील, पोस्ट-सदर हजारीबाग, थाना-पेलावल सदर, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0-358/25<br>2. आवेदक-जीवाधन यादव, पिता-स्व0 बिशुन गोप<br>3. ग्राम-हेठली बोदरा, पोस्ट-अल्पितो, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में लहसन का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0-359/25<br>2. आवेदक-केशो महतो, पिता-स्व0 दयाल महतो<br>3. ग्राम-नावाटान्ड, पोस्ट-बनासो, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0-360/25<br>2. आवेदक-मो0 आफताब आलम, पिता-हैदायत अली<br>3. ग्राम-गरजासु, पोस्ट-गुडीयो, थाना-बरही, प्रखण्ड-बरही<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0-361/25<br>2. आवेदक-कर्णवीर सिंह, पिता-स्व0 राधा गोविन्द सिंह<br>3. ग्राम-परासी, पोस्ट-ईचाक, थाना-ईचाक, प्रखण्ड-ईचाक<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायाँ आँख में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0-362/25<br>2. आवेदक-अशोक ठाकुर, पिता-स्व0 कैलाश ठाकुर<br>3. ग्राम-नवादा, पोस्ट-नवादा, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ पैर में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0-363/25<br>2. आवेदक-अख्तर अन्सारी, पिता-रहीम अन्सारी<br>3. ग्राम-चानो, पोस्ट-उचाघना, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0-364/25<br>2. आवेदक-तजमुल अन्सारी, पिता-अलीबकरा अन्सारी<br>3. ग्राम-चानो, पोस्ट-उचाघना, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0-365/25<br>2. आवेदक-खेमेश्वरी देवी, पति-बालेश्वर महतो<br>3. ग्राम-चानो, पोस्ट-उचाघना, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-महिला, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0-366/25<br>2. आवेदक-बालेश्वर महतो, पिता-स्व0 रमन महतो<br>3. ग्राम-चानो, पोस्ट-उचाघना, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0-357/25<br>2. आवेदक-मोहम्मद नुरैन, पिता-स्व0 अब्दुल अजीज<br>3. ग्राम-खास श्यामपुर, पोस्ट-श्यामपुर, थाना-निरसा, प्रखण्ड-निरसा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-कमर में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0-367/25<br>2. आवेदक-दशरथ पेटल, पिता-स्व0 हिरामन महतो<br>3. ग्राम-चानो, पोस्ट-उचाघना, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0-368/25<br>2. आवेदक-बहादुर राम, पिता-स्व0 मुनु राम<br>3. ग्राम-मालवीय, पोस्ट-सदर हजारीबाग, थाना-सदर, प्रखण्ड-सदर हजारीबाग<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेस्ट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0-369/25<br>2. आवेदक-कुंजलाल साव, पिता-गुजर साव<br>3. ग्राम-नवादा, पोस्ट-नवादा, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0-513/25<br>2. आवेदक-ईकबाल अहमद, पिता-स्व0 शरिफुलहक<br>3. ग्राम-कथारा, पोस्ट-कथारा, थाना-बोकारो थर्मल, प्रखण्ड-बेरमो<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ आँख के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0-514/25<br>2. आवेदक-मो0 दिलदार हुसैन, पिता-अब्दुल क्यूम अंसारी<br>3. ग्राम-सुरजुडीह, पोस्ट-कसमार, थाना-कसमार, प्रखण्ड-कसमार<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48वर्ष, पहचान चिन्ह-जाँघ के उपर कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0-515/25<br>2. आवेदक-अफजाल अनीस, पिता-अबू मोहम्मद<br>3. ग्राम-कुरपनिया, पोस्ट-सण्डेबाजार, थाना-गाँधीनगर, प्रखण्ड-बेरमो<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-सीने में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0-516/25<br>2. आवेदक-कमाल अंसारी, पिता-स्व0 इसमाईल अंसारी<br>3. ग्राम-सुरही, पोस्ट-सुरही, थाना-नवाडीह, प्रखण्ड-नवाडीह<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44वर्ष, पहचान चिन्ह- बायाँ गर्दन में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0-237/25<br>2. आवेदक-सौकत अंसारी, पिता-मतीन अंसारी<br>3. ग्राम-हेसला, पोस्ट-हेसला, थाना-बगोदर, प्रखण्ड-बगोदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0-517/25<br>2. आवेदक-मो0इरफान अंसारी, पिता-स्व0 कमरूल होदा<br>3. ग्राम-असनापानी, पोस्ट-कथारा, थाना-कथारा, प्रखण्ड-गोमिया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ चेस्ट में कट मार्क का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0-370/25<br>2. आवेदक-नसीरूदीन अंसारी, पिता-स्व0 लाल मोहम्मद अंसारी<br>3. ग्राम-नारकी कुर्द, पोस्ट-नारकी कुर्द, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-कंधा में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0-371/25<br>2. आवेदक-मो0 सदीक अंसारी, पिता-अब्दुल अंसारी<br>3. ग्राम-बर्नाखिया, पोस्ट-नवादा, थाना-विष्णुगढ, प्रखण्ड-विष्णुगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0-238/25<br>2. आवेदक-मो0 असरफ अंसारी, पिता-बहादुर अंसारी<br>3. ग्राम-रामनगर, पोस्ट-गेलागी, थाना-निमियाघाट, प्रखण्ड-डुमरी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-पीठ में लहसन का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 56. | 1. आवेदन क्र0-372/25<br>2. आवेदक-हाफिज बख्तियार मलिक, पिता-स्व0 सतार मलिक<br>3. ग्राम-डुकरा, पोस्ट-पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0-373/25<br>2. आवेदक-इजराईल खाँ, पिता-मो0 हबीब<br>3. ग्राम-डुकरा, पोस्ट-पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0-374/25<br>2. आवेदक-हिकमतुल्लाह, पिता-तबारक हुसैन<br>3. ग्राम-खुटरा, पोस्ट-पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0-375/25<br>2. आवेदक-एजाज आलम, पिता-स्व0 मोहम्मद कयुम<br>3. ग्राम-आजादनगर, पोस्ट-पेलावल, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह- दाहिने हाथ में जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0-300/25<br>2. आवेदक-खुशीहाल राणा, पिता-अमृत राणा<br>3. ग्राम-ईद, पोस्ट-ईचाक, थाना-सिमरीया, प्रखण्ड-सिमरीया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-73 वर्ष, पहचान चिन्ह- दाहिने गाल में दाग का निशान। | कंडिका-2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरांव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355339 (Home) 25-26 (D)

# आतंक की परिभाषा?

पश्चिमी देश अपने स्वार्थों के लिये आतंकवाद पोषण की परिभाषा ही बदल देते हैं। उन्हें मानवता के प्रति अपराध करने वाले देश अपने निहित स्वार्थों के चलते पाक-साफ नजर आने लगते हैं। भारत समेत अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी तब हैरान हुई जब आईएमएफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये संतोषजनक प्रगति की है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने बेनकाब किया। भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। दरअसल, पाकिस्तानी हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं। भारत ने इस खतरे का हवाला देते हुए विश्व जनमत को हकीकत से अवगत कराने का प्रयास किया है। अब यह एफएटीएफ के कर्ता-धताओं के विवेक पर निर्भर करता है कि वे पाक के खतरनाक मंसूबों को कितनी जल्दी भांपने में कामयाब हो सकते हैं। एक ओर पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का हवाला देकर अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहा है, तो दूसरी ओर उसने अपनी रक्षा मद पर बीस प्रतिशत व्यय बढ़ा दिया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान इस रक्षा बजट वृद्धि का सारा पैसा राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च नहीं करेगा। धन के किसी भी दुरुपयोग का पता लगाने के लिये उसके नियमित खर्च की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को करनी चाहिए। भारत को निगरानी करने वाली वैश्विक संस्था को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वह आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क को खत्म करने के पाकिस्तान के दावे की हकीकत पता लगाए।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों की परिवर्तनकारी गाथा



**गर्व के ग्यारह साल : मोदी सरकार की स्वर्णिम यात्रा**

मोदी सरकार के उपलब्धियों से ड्डारे 11 साल पूरे होने पर मुझे इस बात का गर्व है कि मैं भी बतौर सिपाही इस स्वर्णिम यात्रा में शुरू से शामिल रहा हूँ। ये सरकार लगातार गरीबों, किसानों, लोअर मीडिल क्लास और आम लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की कोशिश में लगी है और उस रास्ते पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। देश आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत की राह पर अग्रसर है।

गरीबों और हाशिए पर रहने वालों के लिए तो सरकार की दर्जनों योजनाओं से क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। मैं बतौर जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के लोगों से उनकी समस्याओं पर जब बात करता हूँ तो वे भी उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में आ रहे बदलावों की चर्चा करते हैं। कुछ योजनाओं का मैं खास तौर से यहां जिक्र करना चाहता हूँ जिसने न सिर्फ लोगों की जिंदगी बदल दी बल्कि इतिहास रच दिया।

सबसे पहले मैं पीएम जनधन योजना की बात करता हूँ। इस योजना ने 55 करोड़ वैसे लोगों को देश के बैंकिंग सिस्टम से जोड़ दिया जिन्होंने 21वीं सदी आने के बावजूद बैंक का मुंह नहीं देखा था। मोदी सरकार जब सत्ता में आई तो महसूस किया कि योजनाओं का लाभ और उसके तहत मिलने वाली राशि आखिर कैसे दूर दराज के उन लोगों तक बिना लीकेज के सुरक्षित पहुंचाया जाये। लाखों लोग इस योजना से वित्तीय तौर पर सशुक्त हुए हैं। अब उनसे कोई हस्ताक्षर करवा कर योजना की राशि का कुछ हिस्सा नहीं हड़प सकता। आज देश में 80 प्रतिशत व्यस्कों के पास बैंक खाते हैं। आज करीब छह लाख गांवों को पांच किलोमीटर के भीतर बैंकिंग सेवाओं का फायदा मिल रहा है। इसी तरह डिजिटल लेनदेन का दायरा अब व्यापक हो गया है। गांव-देहात में भी लोग आपको बेहिचक धड़ल्ले से मोबाईल से पेमेंट करते दिख जाते हैं। मोदी सरकार ने करोड़ों लोगों को मुद्रा लोन के जरिए व्यवसाय करने और उसे बढ़ाने में मदद की। आंकड़ों की बात करें तो वित्त वर्ष 2025 में मुद्रा लोन का औसत आकार एक लाख रूपये से ज्यादा हो गया है जो 2016 में 38 हजार था।

अब मैं आयुष्मान भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा योजना की चर्चा करता हूं। ये भी अपने आप में क्रांतिकारी योजना है जो 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को मेडिकल कवरेज देती है। अस्पतालों में इलाज के लिए प्रति वर्ष पांच लाख तक का बीमा कवर है। यानि बीमार पड़ने पर अगर भर्ती की नौबत आ गयी तो पैसे के जुगाड़ करने की टेंशन नहीं होगी।इस योजना में अब 70 लाख से ज्यादा के बुजुर्गों को भी जोड़ा गया है, जिन्हें आय के साधन की परवाह किये बिना स्वास्थ्य कवरेज मिलता है। आयुष्मान भारत के अंतर्गत एक लाख 76 हजार से अधिक आरोग्य मंदिर बने हैं। इसी तरह जन औषधि केंद्र पर मिलनेवाली सस्ती दवाओं से लोगों को काफी राहत मिल रही है। सरकार के जेनरिक दवा के उत्पादन पर जोर देने से लोगों के पैसे बच रहे हैं।



-विष्णु दयाल राम

> इसी तरह पीएम उज्वला योजना से अब तक 10 करोड़ परिवारों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। जिससे लकड़ी की चुल्हे में धुआं झेलती महिलाओं के खराब स्वास्थ्य की चिंता तो दूर हुई ही, घरेलू प्रदूषण भी कम हुआ। देश के कई इलाकों में लोग मीलों दूर से पानी लाने को मजबूर थे। ग्रामीण इलाकों में पीने को साफ पानी नहीं मिलता था। आज जल जीवन मिशन से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

ऐसे ही पीएम आवास योजना गरीब लोगों को अपने घर का सपना पूरा करने में मददगार साबित हो रही है। चार करोड़ से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले चुके हैं। आनेवाले समय में ये आंकड़ा बढ़ता चला जायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आते ही जब स्वच्छ भारत का नारा दिया था तो विपक्षी दलों ने खिल्ली उड़ाई थी लेकिन ध्यान से स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की जाए तो वो कलजयी फैसला था। प्रधानमंत्री के दृढ़संकल्प से पीढ़ियों से खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर माताओं-बहनों को घर में शौचालय मिल गया। 2023 तक के आंकड़ों के मुताबिक इस योजना के तहत 11 करोड़ से ज्यादा टॉयलेट बनाए जा चुके थे।

इसी तरह पीएम उज्वला योजना से अब तक 10 करोड़ परिवारों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। जिससे लकड़ी की चुल्हे में धुआं झेलती महिलाओं के खराब स्वास्थ्य की चिंता तो दूर हुई ही, घरेलू प्रदूषण भी कम हुआ। देश के कई इलाकों में लोग मीलों दूर से पानी लाने को मजबूर थे। ग्रामीण इलाकों में पीने को साफ पानी नहीं मिलता था। आज जल जीवन मिशन से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

मोदी सरकार शहरी और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर शुरू से सजग हैं जिससे आम लोग भी लाभांवित हुए हैं। एक्सप्रेस वे का फैलता जाल, सुंदर सुंदर नेशनल हाईवे से लेकर शहरों के अंदर की सड़कें और ग्रामीण सड़कों का स्वरूप बदल चुका है। हिचकोले खाते हुए सफर अब इतिहास की बात हो चुकी है। गांवों का भ्रमण करके देखिए तो बदलाव साफ दिखता है। पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को देश के सबसे पिछड़ा इलाका में से एक माना जाता है लेकिन वहां भी केंद्र की योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया। पलामू जैसे अति पिछड़े जिले के विकास के लिए तकरीबन 50 हजार करोड़ की राशि केंद्र सरकार से आवंटित हुई जिनमें प्रमुख रूप से रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए।

मोदी सरकार ने पिछले . वर्षों में औपनिवेशिक काल के कानूनों को हटाकर और नये कानूनों को लागू करके भारतीय न्याय प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। भारतीय न्याय संहिता और संबंधित कानूनों ने समयबद्ध न्याय, डिजिटल सुविधाओं और आधुनिक अपराधों से निपटने की क्षमता को बढ़ाया है। यह निश्चित रूप से ऐतिहासिक उपलब्धि है जो भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने व स्वदेशी कानूनी ढांचे की दिशा में एक बड़ा कदम है।

लंबे अंतराल तक पुलिस सेवा में कार्य करने के अपने अनुभव के आधार पर यह कह सकते हैं कि खास तौर पर भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय सक्ष्य अधिनियम को बदलकर तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो एक जुलाई 2024 से लागू किये गये। इन बदलावों का उद्देश्य औपनिवेशिक मानसिकता को खत्म करना, कानून को सरल और नागरिक केंद्रित बनाना और समकालीन चुनौतियों जैसे साईबर अपराध, आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटना है। भारतीय न्याय संहिता 2023 अब आईपीसी की जगह लेता है। इसमें 533 धाराओं को संशोधित किया गया। 133 नई धराएं जोड़ी गई। नौ धाराओं को बदला गया और नौ धाराओं को हटाया गया। औपनिवेशिक राजद्रोह कानून को समाप्त कर धारा 150 के तहत देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के खिलाफ कृत्यों को दंडित करने का प्रावधान किया गया। इसमें मौखित, लिखित या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से देश के खिलाफ टिप्पणी करने पर सात साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। (भाजपा सांसद पलामू संसदीय क्षेत्र)

## लेटर टू एडिटर

### न्याय व्यवस्था की साख

हाल के समय में न्यायपालिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कई बार ऐसा लगता है कि न्यायिक फैसले सरकार के दबाव में दिए जाते हैं। न्यायपालिका को स्वतंत्र और बिना किसी दबाव के काम करना चाहिए। हाल ही में दिल्ली में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर मिली जलती नोटों की गड्डियां ने इन सवालों को और गहरा किया है। न्यायपालिका और विधायिका को मिलकर सुधारों की पहल करनी चाहिए।

**-जय भारद्वाज, गढ़वा**

### बुजुर्गों को हक

तमिलनाडु हाईकोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने बुजुर्गों को नया संबल दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि संतान या उत्तराधिकारी बुजुर्ग माता-पिता की सेवा और देखभाल में लापरवाही करें, तो बुजुर्गों को अपनी दी हुई संपत्ति वापस लेने का पूरा अधिकार होगा। एक बुजुर्ग महिला ने बेटे को गिफ्ट डीड द्वारा संपत्ति दी, लेकिन बेटे की मृत्यु के बाद बहू ने दुर्व्यवहार किया। अदालत ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि सेवा और सम्मान के अभाव में गिफ्ट डीड रद्द की जा सकती है। यह फैसला बुजुर्गों के सम्मान और आत्मसम्मान की रक्षा में मील का पत्थर है।

**-आरके जैन, रांची**

## X ट्वीट

**हर** भारतीय नागरिक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए 28 अगस्त, 2014 को मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरूआत की गई इस योजना के माध्यम से देश में वित्तीय समावेशन का स्तर तेजी से बढ़ा है और लाखों लोगों को सस्ती एवं सुलभ बैंकिंग सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

**- सीपी सिंह विधायक रांची**

# प्रेमचंद की अंतिम यात्रा और उससे पैदा होते सवाल

साहित्य

**दरअसल** प्रेमचंद की अंतिम यात्रा को लेकर हिन्दी लेखन जगत में गत नौ दशकों से यह बात स्थापित है कि उनकी शवयात्रा एक प्रतिष्ठित महान लेखक की तरह नहीं,बल्कि एक 'गुमनाम आदमी' की तरह निकली थी, जिसे देखकर राह चलते एक अनजान व्यक्ति ने किसी दूसरे से पूछा था- 'के रहल?' दूसरे ने जवाब दिया- 'कोई मास्टर था।' यह बात प्रेमचंद के बेटे अमृत राय ने अपने पिता की जीवनी 'कलम का सिपाही' में लिखी है। इस बात को शुक्ल ने कुछ क्षुब्ध भाव से लिखा है- ''प्रेमचंद जी की कहानियों, उपन्यासों और लेखों की तरह उनकी मृत्यु की ट्रैजिक गाथा भी हिंदी-लेखकों के सामूहिक अवचेतन में रिस गई है। कई पीढ़ियां मृत्यु की वही गाथा पढ़कर जवान हुईं, बूढ़ी हुईं और खप गईं।ङ्घआज यह पता लगाना असंभव है कि अमृत राय ने ऐसा क्यों लिखा, लेकिन दैनिक 'आज' में 9 अक्टूबर 1936 को प्रकाशित खबर के आलोक में इतना बिलकुल साफ है कि उन्होंने जो कुछ भी लिखा है वह न सिर्फ अशिव, अशोभन और मिथ्या है, बल्कि सचाई को और ट्रैजिक बनाकर पेश करने की वासना का नतीजा भी है। प्रेमचंद का पार्थिव शरीर 'गुमनाम आदमी' की लाश नहीं था।''

इसे पढ़कर प्रेमचंद के वामपंथी धारा के अनेक आलोचकों-प्रशंसकों में उबाल आ गया। दरअसल वे इस बात को स्वीकार करने को तैयार ही नहीं कि अमृत राय अपने पिता की अंतिम यात्रा के बारे ने कुछ गलत लिख सकते हैं। वे भूल जाते हैं कि अमृय राय ने यह बात नन्ददुलारे वाजपेयी की पुस्तक 'जयशंकर प्रसाद' के एक अध्याय 'व्यक्ति की एक झलक' के आधार पर ही लिखी है। प्रेमचंद की मृत्यु के समय अमृत राय महज पंद्रह वर्ष के थे लेकिन जब उन्होंने 'कलम का सिपाही' लिखी तब तक वे पूरी तरह से वामपंथी धारा में रंग कर वामपंथी लेखक-संपादक के रूप स्थापित हो चुके थे। यह भी सत्य है कि हिन्दी ही नहीं, किसी भी भाषा के वामपंथी, प्रगतिशील विचारधारा के लिए कवि-लेखक साहित्यकार, पत्रकार और किसान का 'गरीब, बेबस और लाचार' होना एक अनिवार्य तत्व है।

इन्हें गरीब रहना और गरीब दिखना ही चाहिए। हिन्दी का यह लेखक 'गुमनामी में मरा' और 'कृतघ्न हिन्दी समाज' ने उन्हें पूरा सम्मान नहीं दिया; ये त्रासदी से भरा झूठ पीढ़ियों से हिन्दी के साहित्यिक समाज के बौद्धिकों को इतना प्रिय रहा है की आज तक किसी ने इस तथ्य को पलटकर देखने की कोशिश तक नहीं की। अब जब उस दौर के महत्वपूर्ण समाचार-पत्र के आधार पर शुक्ल ने एक नया तथ्य उजागर किया है तो हिन्दी के स्वयंभू मठाधीशों को असहनीय पीड़ा हो रही है। इस बात को साहित्य-संस्कृति से जुड़ी नई पीढ़ी अच्छी तरह जान चुकी है कि हिन्दी साहित्यिक समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो दुख का कारोबार करता है, जो हर दिन ये बताना चाहता है की हम और हमारे लेखक तो बड़े महान हैं मगर हिन्दी पाठक बड़ा कृतघ्न है। 'हमारे पिता ने / हमने बहुत-बहुत गरीबी में दिन बिताए हैं।' वामपंथी मध्यवर्गीय सोच का यह प्रिय वाक्य रहा है। यह कहते-लिखते हुए वह बार-बार ह्युदुःख के दागों को तमगों-सा पहनाङ्ख दोहराता है। लेखक का गरीब होना और उपेक्षित रहना इतना जरूरी बना दिया गया है कि लोकप्रिय होने,आभिजात्य जीवन शैली जीने, अच्छा खाने-पीने, ओढ़ने-बिछाने को हमारे यहां 'अपराध' माना जाने लगा।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अमृत राय ने अपने पिता प्रेमचंद की जीवनी लिखते हुए उनकी ऐसी बेचारी छवि जानबूझकर गढ़ी थी? क्योंकि वे तो वहां मौजूद थे। फिर उन्होंने ऐसा क्यों लिखा? जब उनके सामने नंददुलारे वाजपेयी की किताब उपलब्ध थी तो परिपूर्णानन्द वर्मा की किताब 'बीती यादें' कैसे याद नहीं आई, जिसमें वे कहते हैं कि उनकी अंतिम यात्रा में वे स्वयं व कई अन्य लेखकों सहित जाने माने साहित्यकार जयशंकर प्रसाद सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हालांकि यह बात भी गौरतलब है कि 'कलम का सिपाही' अंततः एक पुत्र द्वारा लिखी जीवनी है और शायद इसीलिए उसका पूर्णतः वस्तुपरक न होना अस्वाभाविक नहीं। संभव है कि उस दौर के किशोरवय के अमृत राय के अवचेतन मन-मस्तिष्क में अपने पिता की छवि के अनुसार उनकी अंतिम यात्रा में विशाल हुजूम उमड़ने की आकांक्षा हो, लेकिन उनकी जीवनी लिखते समय वे भूल गए कि यह जीवनी घर के लिए नहीं, सार्वजनिक वितान के लिए होगी। वर्ष 1962 के आते-आते परिपक्व वामपंथी हो चुके अमृत राय ने अपनी विचारधारा की प्रवृत्तियों के अनुरूप जीवनीकार के रूप में इन बातों का भरसक ध्यान रखा है कि प्रेमचंद के जीवन की तस्वीर से हमें उनकी अनुकृति या व्यक्ति-चित्र नहीं बनाना है बल्कि उनकी छवियां गढ़ते हुए उन सब छवियों को अपने मुताबिक स्थापित भी करना है।

# बिना कोई कोचिंग नीट पास करने वाली शिवानी

प्रेरणा

**सत्येन्द्र मिश्र**

**पलामू** की एक बेटी ने वह कमाल कर दिखाया है जिसे जानकर आपको गर्व भी होगा और उसके संघर्ष की कहानी को देखकर आंखों से आंसू भी निकल जाएंगे। तरहसी प्रखंड के श्रीकेदाल गांव की रहने वाली शिवानी ने बिना कोचिंग किए सिर्फ खुद की पढ़ाई की बदौलत नीट एग्जाम क्लियर कर लिया है। इडब्लूएस कैटेगरी में 1073 रैंक लाकर शिवानी ने अपने परिवार और पूरे पलामू का मान बढ़ाया है। लेकिन जब आप शिवानी की कहानी को जानेंगे तो यकीनन यह कह पाएंगे की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ केवल नारों तक सीमित है। शिवानी कोचिंग इसलिए नहीं की क्योंकि उसके पिता के पास इतने पैसे नहीं थे, कि मोटी फीस चुका कर वो अपनी बेटी को दाखिला दिला सकें। आज भी शिवानी उस बात को याद कर फफक पड़ती है जब शिवानी के पिता ने खाना बनाने के लिए एक खाली रूम की दरख्वास्त अपने मकान मालिक से की थी। झल्लाकर मकान मालिक ने अभद्र जवाब दिया था। वह बात टीस की तरह शिवानी के बाल मन को चुभ गई और उसने ये ठान लिया कि अपने मेहनत के बदौलत वह अपने पिता को एक रूम नहीं बल्कि पूरा घर खरीद कर देगी। शिवानी अपने पूरे परिवार को अपनी सफलता का श्रेय दे रही है । शिवानी को पढाने के लिए पिता लगातार घर से बाहर रहे , कुछ समय तक मां को भी काम करना पड़ा। घर के बर्तन धोने तक का काम भाई किया ।



सबकी आंखों में शिवानी के डॉक्टर बनने का सपना पल रहा था ,और आखिरकार शिवानी ने अपने परिवार के सपने को साकार करके दिखाया। शिवानी को इस बात का मलाल है कि वह अपने दोस्तों के साथ अगर कोटा जाती तो और बेहतर करती लेकिन अब बेहद खुश भी है कि बिना किसी संसाधन के बिना किसी बड़े मार्गदर्शन के उसने जो कर दिखाया है उससे उसका आत्म बल और मजबूत हुआ है। अब शिवानी एमबीबीएस के बाद एक अच्छी गाइनेकोलॉजिस्ट बनना चाहती है उसने अपनी मां को बीमारी में कई डॉक्टरों की खाक छानते देखा है उसे महिला से जुड़ी बीमारियों में पारंगत होकर अपने क्षेत्र में सेवा देने का सपना है। शिवानी की मां को भी अपने बेटी की सफलता पर बेहद गर्व है शिवानी के पिता सुनील गिरी खुशी के इस मौके पर भी अपने परिवार के साथ नहीं थे। शिवानी की मां उसके पिता के संघर्षों को बताते हुए रो पड़ती हैं कि कैसे किसी खास पर्व त्यौहार के मौकों पर भी उसके पिता ने कोई छुट्टी नहीं ली ओवर टाइम किया सिर्फ इसलिए कि उनके बच्चे कामयाब बन सकें। शिवानी की मां बताती हैं कि शिवानी कभी-कभी बदहवास की तरफ पढ़ती थी रात के 1:00 बज जाते थे, खाना बगल में रखा हुआ होता था शिवानी के सिर पर सिर्फ एक जुनून था कि उसे कुछ करना है और अपने परिवार का और समाज का हालात बदलना है। **(व्यूरो चीफ, पलामू)**

**बेतला झारखंड के पलामू प्रमंडल में स्थित फोरेस्ट कंजरवेशन पार्क है। यह पूरे देश में चर्चित और रमणीक वन है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।**
**तस्वीरः अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



# तीज व कबिलाषी के जंगलों में पुष्पा लकड़ी काट रहे हैं तस्कर

## वन विभाग और पुलिस बनी मूकदर्शक

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग/ दारू।** कभी हरियाली से लहलहाते थे तीज और कबिलाषी पंचायत के जंगल अब उजड़े हैं, वीरान हैं, और इन पर कब्जा कर लिया है लकड़ी माफिया ने। सरकार कहती है पर्यावरण बचाओ, मगर जमीनी सच्चाई ये है कि झारखंड के कई जंगल अब तस्करी के अखाड़े बन चुके हैं, जहां न तो कानून की सुनवाई है, न प्रशासन की मौजूदगी। दारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीज और कबिलाषी के जंगलों में आजकल चोरों का तांडव है। इन जंगलों में अब पुष्पा जैसे लकड़ी तस्करों का राज है जो रात-दिन पेड़ों की कटाई में जुटे हैं। दो गिरोह सक्रिय हैं, जो न सिर्फ लकड़ी काटते हैं बल्कि उसे पिकअप वैन के जरिए चोरी-छुपे सप्लाई भी करते हैं। इन दोनों गिरोहों में एक अलग ही गैंगवार चल रहा है। जब कोई एक गिरोह हावी होने लगता है तो दूसरा पुलिस को सूचना देकर प्रतिद्वंद्वी के कुछ सदस्यों को पकड़वाता है, और खुद बच निकलता है। हाल ही में दारू पुलिस ने दो लकड़ी तस्करों को पकड़ा था जो तीज जंगल से अवैध लकड़ी लादकर ले जा रहे थे। लेकिन सवाल ये है कि जिनका आदेश लेकर ये सब हो रहा है, जिनके इशारे पर पूरा जंगल उजड़ रहा है वो सरदार कौन है? जंगल कट रहे हैं, जीव-जंतु बेघर हो रहे हैं, और पूरा इकोसिस्टम ध्वस्त हो रहा है, लेकिन वन विभाग और पुलिस की नींद अब तक नहीं टूटी। क्या कारण है कि मास्टरमाइंड अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है? क्या प्रशासन किसी दबाव में है या मिलीभगत का मामला है? जवाब जनता जानना चाहती है। वरना वो दिन दूर नहीं जब हरे-भरे झारखंड को रेगिस्तान बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### बरही में 300 सीएफटी खैर की लकड़ी बरामद

बरही। बरही वन क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार शाम वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी अमर आनंद सरस्वती के नेतृत्व में बुंडू, बेलहारा एवं गुड़ियों वन सीमा क्षेत्र में छापेमारी कर करीब 300 सीएफटी खैर प्रजाति की लकड़ी जब्त की गई। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पता चला कि खैर की लकड़ी को एकत्र कर बाहर भेजने की तैयारी चल रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे छापेमारी कर लकड़ी को बरामद कर वन कार्यालय में लाया गया। वन विभाग ने बताया कि एक माह के अंदर माफियाओं के विरुद्ध यह पांचवीं बड़ी कार्रवाई है।

# तिरपाल में मासूम का लिपटा शव

## हजारीबाग में सिस्टम की संवेदनहीनता की आखिरी हद

खबर मन्त्र संवाददाता



**टाटीझरिया।** बारिश के बीच एक पिकअप वैन भराजो गांव की संकरी गलियों से गुजरती है। भीतर एक मासूम की मां तिरपाल में लिपटी पड़ी है शव है, लेकिन कोई एम्बुलेंस नहीं। यह दृश्य किसी फिल्म का नहीं, बल्कि हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड का कड़वा सच है। संजू कुमारी की मौत के बाद उसके परिजनों ने जो सहा, वो सिर्फ एक पारिवारिक त्रासदी नहीं, बल्कि सिस्टम के मर चुके जमीर की कहानी है। बेडमाक्का गांव की संजू और भराजो के मुकेश की प्रेम कहानी पांच साल पहले शुरू हुई थी, जो सामाजिक स्वीकृति के बाद शादी में बदली। एक बेटा भी हुआ। लेकिन मुकेश की सेना में भर्ती के बाद से रिश्ते में दरारें बढ़ने लगीं। संजू के मायकेवालों के अनुसार, ससुराल में उस पर मानसिक और शारीरिक अत्याचार आम हो गया था। बुधवार को जब उसका शव घर में मिला और परिवार वाले फरार मिले, तो शक की सुई सीधे पति और उसके घरवालों की ओर घूमी। उन्होंने मुकेश और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है।

लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। असली सदमा तब मिला जब परिजनों ने शव के लिए एम्बुलेंस माँगी, पर घंटों तक कोई इंतजाम नहीं हुआ। हेल्पलाइन नंबरों से लेकर स्थानीय प्रशासन तक, हर दरवाजा खटखटाया गया, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। अंततः एक पिकअप वैन की मदद से शव को अस्पताल ले जाया गया। रास्ते कीचड़ से सना था, और बारिश हर दर्द को भिगो रही थी। आखिरकार संजू का शव पिकअप वैन में तिरपाल में लपेटकर लाया गया। और यह सब तब हुआ जब बारिश जोरों पर थी, रास्ते कीचड़ से भरे हुए थे और हर कदम पर मानो सिस्टम ने संवेदना को शर्मसार किया। आज सवाल ये है कि जब शव को अस्पताल ले जाने जैसी मूलभूत व्यवस्था भी नहीं हो पाती, तो आम जनता को इस तंत्र से क्या उम्मीद करनी चाहिए? संजू की मौत एक हत्या थी या आत्महत्या, ये जांच का विषय हो सकता है, लेकिन जो अपराध सिस्टम ने किया, वो पूरी मानवता के लिए एक कलंक है। सवाल ये है कि क्या हमारे सिस्टम में इतनी भी मानवीयता नहीं बची कि एक शव को सम्मानपूर्वक अंतिम पड़ाव तक पहुँचाया जा सके? क्या आम जनता के लिए सम्मान की कीमत इतनी सस्ती हो गई है? इस घटना ने साबित कर दिया कि हमारा तंत्र सिर्फ जीवितों के नहीं, मृतकों के प्रति भी असंवेदनशील हो चुका है।

### कुजू : डॉक्टर की कार ने युवक को कुचला, मौत

**कुजू।** नईसराय सीसीएल हॉस्पिटल के पास बुधवार को सड़क हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए। सीसीएल हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ निभा वर्मा अपने ड्राइवर के साथ हॉस्पिटल जा रही थी। इसी दौरान अस्पताल गेट के पास तेज गति से चल रही उनकी कार ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए। गंभीर अवस्था में उस युवक को सीसीएल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक अतिकुर्र रहमान चतरा जिला के जोरी गांव का निवासी था। मृतक के परिजनों ने बताया कि अतिकुर्र रहमान बच्चे का इलाज कराने रामगढ़ आया था। चिकित्सकों ने उसे दवा लेने भेजा था। जैसे ही वह अस्पताल के गेट पर पहुंचा, चिकित्सक की कार ने उसे टक्कर मार दी।

## हंगरी क्रिकेट टीम के चयन समिति के सदस्य बने भुरकुंडा के पराशर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हंगरी क्रिकेट संघ ने 2025 और 2026 सत्र के लिए हंगरी राष्ट्रीय चयन समिति के गठन की घोषणा की है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य हंगरी की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से जुड़ी चयन प्रक्रियाओं का पर्यवेक्षण करना होगा। इस नई चयन समिति में जिन प्रमुख सदस्यों को शामिल किया गया है, उनमें पटेलनगर भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण शर्मा एवं सुषमा शर्मा के पुत्र सह हंगरी की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान अभितेष पराशर का नाम भी शामिल है। यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि एक भारतीय मूल के खिलाड़ी को न सिर्फ कप्तान के रूप में, बल्कि चयन समिति के सदस्य के रूप में भी जिम्मेदारी दी गई है। चयन समिति में टॉम जोन्स राष्ट्रीय टीम कोच, अभितेष पराशर राष्ट्रीय टीम कप्तान, सचिन चौहान राष्ट्रीय टीम मैनेजर, बॉबी पटेल स्वतंत्र सदस्य, मार्क अहूजा स्वतंत्र सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर हंगरी क्रिकेट संघ ने बताया कि स्वतंत्र सदस्यों का चयन नामांकन प्रक्रिया के तहत किया गया, जिसमें कुल सात नामांकन प्राप्त हुए थे। हंगरी क्रिकेट बोर्ड द्वारा मतदान कर बॉबी पटेल और मार्क अहूजा को चयनित किया गया। हंगरी क्रिकेट संघ के महासचिव अली फारासात ने सभी चयनित सदस्यों को बधाई दी और विश्वास जताया कि यह समिति हंगरी राष्ट्रीय टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बरही के खोड़ाहार में लगा विशेष शिविर

**बरही।** खोड़ाहार पंचायत सचिवालय के सभागार में बुधवार को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर लगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अनिता देवी ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव जितेंद्र साव ने किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। किशुन यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने आधार कार्ड, राशन कार्ड, पोषण अभियान, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, मिशन इंद्रधनुष व मनरेगा जैसी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं।

### दामोदर नदी पर जर्जर पुल को लेकर मंत्री से मिले राजद नेता



**भुरकुंडा।** दामोदर नदी पर स्थित गिद्दी-भुरकुंडा के पुराने और जर्जर पुल की खतरनाक स्थिति को लेकर राजद का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप के नेतृत्व में झारखंड सरकार के श्रम एवं नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि उक्त पुल वर्षों पुराना होने के कारण बेहद जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। पुल पर कोयला लदे भारी वाहनों की अत्यधिक आवाजाही के कारण उसके पीलर कमजोर हो गए हैं और लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। राजद नेताओं ने मंत्री से अनुरोध किया कि जनहित में पुल की तत्काल मरम्मत कराई जाए और भविष्य को देखते हुए एक नए, अधिक क्षमता वाले पुल का निर्माण कराया जाए। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए पथ निर्माण विभाग को शीघ्र डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया। मंत्री के पहल पर पथ निर्माण विभाग ने मौजूदा पुल की मरम्मत के लिए लगभग 28 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# नया मोड़ में कई दुकानों व गैराज पर चला बुलडोजर

**वन विभाग पहले मापी करे, उसके बाद अतिक्रमण हटाये : विधायक**

खबर मन्त्र संवाददाता





कुजू। नयामोड़ पुराना एनएच 33 के किनारे वन भूमि पर बने अवैध कई दुकानों व गैराज पर वन विभाग व कुजू पुलिस द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग के द्वारा जेसीबी से दुकान, गैराज व होटल को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान प्रशासन से दुकानदारो ने कुछ दिनों का समय देने का आग्रह किया, लेकिन प्रशासन ने कहा कि दो माह पहले ही नोटिस जारी कर आप सभी लोगों को भूमि को खाली करने को बात कही गयी थी, लेकिन आपलोग तय समय पर भी खाली नही किये। मजबूरन आज अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाना पड़ा। मजिस्ट्रेट राम रतन पांडेय ने बताया कि वन भूमि पर अवैध रूप से दुकान व गैराज बनाए लोगों को नोटिस जारी कर सुबह में ही लाउडस्पीकर के माध्यम से भूमि को खाली करने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद भी दुकानदारों द्वारा भूमि को खाली नहीं कराया गया। जिसके बाद अभियान चलाते हुए वन भूमि को खाली कराया गया। अतिक्रमण अभियान चलाने की सूचना पाकर मांडू विधायक तिवारी महतो पहुंचे। साथ ही मौजूद मजिस्ट्रेट राम रतन पांडेय व कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान से 15 दिनों के समय लेते हुए अभियान को रोकने की बात कही। इस पर अधिकारियों ने कहा कि वन भूमि को खाली कराने को लेकर वरीय अधिकारियों का निर्देश है। तिवारी महतो ने कहा कि विभाग पहले मापी करे, उसके बाद अतिक्रमण अभियान चलाए। मापी में अगर दुकान व गैराज आता है तो करवाई करे, अन्यथा ऐसा न करे, सभी को जीने का हक है।

**अभियान में ये थे शामिल :** अतिक्रमण मुक्त अभियान में मजिस्ट्रेट राम रतन पांडेय, कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अनि आशीष गौतम, वनपाल रंजीत कुशवाहा के अलावे वनरक्षी के अलावे आजसू नेता नरेश महतो, अरविंद कुमार, मुखिया जयकुमार ओझा, राकेश मेहता रॉक शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बारिश से भैरवी का जलस्तर बढ़ा



**रजरप्पा।** लगातार हो रही बारिश से रजरप्पा में भैरवी नदी का जलस्तर बुधवार दोपहर बढ़ा, छिलका पुल के ऊपर से पानी बह रही है। दर्जनों प्रसादी की दुकानें जलमग्न हो गई। पुल के उपर पानी बहने पर से कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालू पिपरा जरा के समीप बने पुल की मदद से मंदिर परिसर पहुंचे। छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना सामान्य रूप से चल रही है। इधर, न्यास समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की है कि नदी के तेज बहाव के संपर्क में न रहें।

### रामगढ़ में दो दिन स्कूल बंद रहेंगे

रामगढ़। रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार, भारी बारिश को लेकर रामगढ़ जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय कक्षा 8 तक 19 व 20 जून तक बंद रहेंगे।

### करमा परियोजना में योग आयोजित



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना के रेस्ट हाउस में बुधवार को हुआ योग। योग प्रशिक्षक जे.के. जॉन व मजदूर नेता राजकुमार महतो ने अधिकारियों व कर्मियों को योग के विभिन्न आसन और व्यायामों का अभ्यास कराया। पीओ रामेश्वर मुंडा ने कहा कि सभी लोगों को योग को जीवन का हिस्सा बनाने की जरूरत है। ताकि हम स्वस्थ रहें, परिवार, राष्ट्र और कंपनी के लिए समर्पित रहें। मौके पर कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी मञ्जूनाथ, ललन यादव, तरुण रंजन, सत्येन्द्र, लालजी प्रसाद, राकेश कुमार, प्रीति, सुनीता, भारती आदि शामिल थे।

### जीआरसी सलाहकार समिति गठित



**रामगढ़।** प्रखंड सभागार चितरपुर में बुधवार को बीडीओ की अध्यक्षता में जीआरसी सलाहकार समिति का गठन किया गया। जीआरसी सलाहकार समिति के अध्यक्ष बीडीओ दीपक मिंज होंगे। जबकि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक लुकेश्वर साव संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखण्ड प्रमुख, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डीएलएसए प्रतिनिधि, पुलिस थाना प्रभारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी,एनजीओ /सीएसओ प्रतिनिधि, डीआरपी जेएसएलपीएस और प्रखण्ड के सभी संकुल संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### जेंडर रिसोर्स समिति का गठन

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय स्तर की एनजीओ विजय रेखा फाउंडेशन ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया अशोक कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से फाउंडेशन के क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय अनिल कुमार व कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र खदानें बंद होने के बाद लोगों के बीच हुए उत्पन्न आर्थिक व सामाजिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त किया गया। साथ ही गांव के खनन विकास के लिए वैकल्पिक रोजगार, स्वरोजगार, कृषि आधारित योजनाएं, कौशल विकास सरकारी सहयोग से संचालित विकल्पों पर बिस्तर पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर महेश महतो, इनामुल हक, तीर्थलाल बेदिया, प्रदीप राम, बसंती देवी, मीना देवी, फुलेश्वरी देवी, बीना देवी आदि शामिल थे।

### भाजपा ने कुजू में लगाया चौपाल




**कुजू।** सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि के अध्यक्षता में वार्ड नं 5 शक्ति केन्द्र पोचरा बस्ती में प्रमोद यादव के आवासीय कार्यालय में मोहल्ला चौपाल लगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित मोहल्ला वासियों को पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्य एवं सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों से संवाद किया गया । आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष और उसे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई और मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों का साहित्य वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व वंदना योजना, मुद्रा योजना,लखपति दीदी,ड्रोन दीदी,वीमा सखी योजना से महिलाओं को आर्थिक आजादी दी। कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण को लागू किया है जिससे अब 33 फीसदी महिलाएं सांसद और विधायक बनकर केंद्र और राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इससे पूर्व नारी शक्ति को पंचायत चुनाव में 50प्रतिशत का आरक्षण मिला है। मोदी सरकार में महिलाएं लाभार्थी से आगे बढ़ कर विकास की नेतृत्वकर्ता बनी है। गिरि ने 11वर्ष की उपलब्धियों का बुक वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष मंजू देवी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद यादव द्वारा किया गया। चौपाल में पूर्व महामंत्री सुनील साहू जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद रूबी कुमारी सविता देवी नागेश्वर यादव मनोज यादव पम्मी रीता देवी कुमारी रिया कुमारी सहित भारी संख्या में महिलाएं और मोहल्लेवासी मौजूद थे।

## एक नजर में

### चरही में नहीं बना सार्वजनिक शौचालय

चरही। चरही बाजार और चौक प्रखंड का मुख्य केंद्र होने के बावजूद आज तक यहां सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं हो सकी है। यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि रोजाना यहां आने-जाने वाले हजारों यात्रियों के लिए भी बेहद तकलीफदेह बनी हुई है। बीते कई दशकों से इस समस्या को लेकर आवाज उठती रही है, लेकिन अब तक न कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही कोई योजना धरातल पर उतरी। चरही चौक स्थित बस स्टैंड, ट्रैकर और टेंपो स्टैंड से हजारीबाग, रामगढ़, रांची, घाटो, लईयो, तापीन, परेज, केदला, इंदिरा जरबा, मुकरु, हरहद बासाडी, हिन्देगढ़ा, निमाड़ी समेत दर्जनों गांवों के लोग लगातार यात्रा करते हैं। लेकिन उनके लिए चरही में रुकने के दौरान शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सार्वजनिक जगहों पर काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### इरगा में आम उत्सव सह बागवानी मेला

दारू। प्रखंड के इरगा पंचायत भवन में बुधवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम उत्सव सह बागवानी मेला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, बीडीओ हारून रसीद, सीओ रामकुमार बालक, बीपीओ राजीव आनंद और मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से किया।डीडीसी ने आम की गुणवत्ता और किस्मों की जानकारी ली। बीडीओ ने इस योजना को ग्रामीण जीवन स्तर सुधारने की दिशा में अहम बताया। बीपीओ राजीव आनंद ने इसे किसानों के लिए आर्थिक मजबूती का सुनहरा अवसर कहा। किसानों को आम की खेती से संबंधित सिंचाई, उर्वरक और कीट नियंत्रण की जानकारी दी गई। किसान सोनी कुशवाहा ने बताया कि आम बागवानी से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल रही है, वहीं रामकुमार महतो ने बताया कि वे इस योजना से लाखों की आमदनी कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और अधिकारी उपस्थित रहे।

### छात्रों को नशे के खिलाफ किया गया जागरूक

**बरही।** झारखंड सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत बरही वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रोजेक्ट +2 उच्च विद्यालय करियातपुर एवं मध्य विद्यालय बुढ़ीडीह में स्कूली छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि नशे का सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं पर पड़ता है, युवा नशे के चंगुल में फंसकर अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। जिसके लिए उन्हें नशा नहीं करने और दूसरों को भी इससे बचाने की शपथ दिलाई गई। वन क्षेत्र पदाधिकारी अमर आनंद ने कहा कि नशा के सेवन से आज के युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। मौके पर वनरक्षी चेतन राम, भोला साहू, आशीष कुमार, शिशिर जोन मिंजए शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### बारिश से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर पानी भरा

बरही। रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पहली बारिश में तालाब में तब्दील हो गई है। रेल यात्रियों को स्टेशन जाने में काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश होते ही उनमें पानी भर जाता है। और सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। पैदल चलने वाले यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने के लिए या तो पानी में चलना पड़ता है या फिर किसी और का सहारा लेना पड़ता है। दोपहिया और चार पहिया वाहन तो किसी तरह पार कर जाते हैं। लेकिन उनके चलने से उस कीचड़ भरे रास्ते पर चलने वाले पैदल यात्रियों को काफी परेशानी होती है। पैदल यात्रियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क का बुरा हाल है। सभी सड़कें टूटी हुई हैं और गड्ढे बन गए हैं।

### ओरपरता के ग्रामीण पक्की सड़क कर रहे इंतजार

बरही। डापोक पंचायत के ओरपरता के ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र तक जाने वाली सड़क के लिए आज भी पक्की सड़क का इंतजार है। इस टोले में पक्की सड़क नहीं होने के कारण लोगों को बरसात के दिनों में कीचड़ भरे रास्तों से आवागमन करना पड़ता है। पक्की सड़क और नाला व्यवस्था नहीं होने के कारण जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। जिससे स्थानीय ग्रामीण काफी परेशान हैं, आश्चर्य की बात यह है कि एक ओर जहां राज्य सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है और हर गांव और हर गली को पक्की सड़क बना रही है। वहीं दूसरी ओर आज भी इस टोले के ग्रामीण स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में हल्की बारिश होने पर भी पूरी गली में पानी भर जाता है, जिसके कारण ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जल निकासी के लिए नाला और पक्की सड़क निर्माण की मांग की थी।

### बड़कागांव में आम उत्सव सह बागवानी मेला 23 को

बड़कागांव। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन 23 जून 11: 30 बजे बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में किया जाना सुनिश्चित की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के हस्ताक्षरित पत्र के आलोक में प्रखंड कृषि पशुपालन, कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक को पत्र निर्गत की गई है। सांसद, विधायक, उप विकास आयुक्त हजारीबाग, अंचलाधिकारी, प्रमुख उप प्रमुख जिला परिषद सदस्य, सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया,सभी वार्ड सदस्य, सभी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, व्यापारी संघ के अध्यक्ष, सचिव, सभी मीडिया कर्मी को प्रतिलिपि देकर इस मेले में आमंत्रित किया गया है।

### दारू : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

दारु : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तरवा मोड़ के पास बुधवार दोपहर भारी बारिश के बीच एक स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत सडक दुर्घटना मे हो गयी। मृतक का नाम मोहम्मद हसीब पिता हकीम अंसारी इरगा दारु का निवासी था। हसीब एक बहुत ही होनहार युवक था और वर्तमान मे सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कर रहा था । वह शादीशुदा है और उसके दो छोटे छोटे बच्चे है। हसीब का छोटा भाई मोहम्मद रकीब वर्तमान मे जेपीएससी क्वालीफाई कर शिक्षा विभाग मे उच्च पद पर कार्यरत है। हसीब अपनी लाल रंग कि स्कूटी संख्या जे एच 02 बीई 2120 से हजारीबाग से अपने घर इरगा दारु आ रहे तभी झुमरा से हजारीबाग की तरफ जा रहा पिकअप वाहन संख्या जे एच 10 सीडी 5384 द्वारा चकमा दिये जाने और बरसात होने के कारण अनियंत्रित होकर सडक पर गिर कर घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से तत्काल एक कार से सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

### जगन्नाथ रथयात्रा को ले विधायक ने की बैठक

चौपारण। भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव ने की बैठक। इसकी अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने की। इसमें जगन्नाथ मंदिर प्रबंधक संजय सिंह, विहिप मंत्री मुनेश्वर गुप्ता, शिव कुमार सिंह, राजदेव यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जल एवं स्वास्थ्य सुविधा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक मनोज यादव ने बताया कि इस वर्ष रथयात्रा को राज्यस्तरीय स्वरूप देने की तैयारी है, जिसमें रूस और यूक्रेन समेत कई देशों के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति एवं संघ कार्यकर्ता पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### देवचंदा मौजा की जमीन पर अवैध जमाबंदी

बरही। देवचंदा मौजा की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पशुपालन विभाग के गोरिया करमा पशु प्रक्षेत्र के प्रबंधक ने बरही अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अवैध जमाबंदी को रद्द करने और जारी रसीदों को खारिज करने की मांग की है। प्रबंधक ने बताया कि वर्ष 1950-51 में डीवीसी द्वारा एलए केस नंबर 2/7/1950-51 के अंतर्गत 499 .28 एकड़ गैरमजरूआ भूमि पशुपालन विभाग को हस्तांतरित की गई थी। इसमें खाता संख्या 1, प्लॉट संख्या 794, 796, 798 एवं 47 शामिल हैं।

# प्रकृति के पास बैठ उपासना की श्रेष्ठता को समझें



अन्नू अंबालिका

मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमःह्व कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है।

हमारी भाषा में निकटता के लिए उप शब्द का प्रयोग हुआ है। उप बड़ा प्यारा है। इसी से उपनिषद बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ उप-वास निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियम पालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में ह्लनियम से भोजन करने को व्रतह्व कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं।

ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो। (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में जल माताएं आपः मातरम हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैंः विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया हैः तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6)



ऋग्वेद, अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है ह्लजो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं। ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वे रूद्र और वसुओं के साथ चलती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं-मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मेरा उद्गम आकाश में अप् (सृष्टि निर्माण का आदि तत्व) है। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे ह्यराष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है। (10.125.3)

सूर्योदय के पूर्व का सौन्दर्य हैं ऊषा। ऋग्वेद के एक सूक्त (1.124) में ऊषा की स्तुति में कहते हैं ह्लये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं और मनुष्यों की आयु को लगातार कम करती हैं। (वही मन्त्र 2) फिर कहते हैं, ह्लऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी मयार्दा मार्ग से ही चलती है। (वही, 3) ऊषा देवी हैं, इसीलिए उनकी स्तुतियाँ है, वे सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं, छोटे से दूर नहीं होती, बड़े का त्याग नहीं करतीह्व (वही, 6) यहां समत्व दृष्टि की सीधी चर्चा है। ऋग्वेद में ह्लसम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैंह्व (1.123.2) प्रार्थना है कि ह्लहमारे मुख दिव्य स्तुति गान करे। बुद्धि सत्कर्मो को प्रेरित करेह्व (वही, 6) ऊषा सतत प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी और सूर्य देव के पहले आएगी। (वही, 8)

भारत का लोकजीवन देवी उपासक है। वह सब तरफ माता ही देखता है। देवी उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद के ऋषि समाज व्यवस्था से ही सामग्री लेते हैं, जो देखते हैं, वही गाते हैं। वे द्रष्टा ऋषि हैं। यहां पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये ऋग्वेद में तीन देवियां कही गयी हैं-इडा, सरस्वती, मही तिस्त्रो देवीर्मयो भुव। (1.13.9)एक मंत्र (3.4.8) में ह्यभारती को भारतीभिः कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः। यहां भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। फिर कहते हैं ह्लसजोषा इडा देवे मनुष्ये - इडा देवी मनुष्यों देवों के साथ यज्ञ अग्नि के समीप आयें और सरस्वती वाक्शक्ति के साथ पधारें। सरस्वती पहले नदी हैं, माता हैं। बाद में वे ज्ञान की देवी हैं, माता तब भी हैं। यज्ञ में मन्त्र पाठ के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। यज्ञ की विभिन्न क्रियाओं को देवी रूप कल्पित करके उन्हें होत्रा, इडा आदि नाम दिए गये। इडा यज्ञ कर्म की प्रतीक है, यज्ञ की अग्नि भारत है, यज्ञ में काव्य पाठ करने वालों की वाणी भारती है। मन की चंचलता कर्म साधना में बाधक है। मन की शासक देवी का नाम मनीषा है। ऋषि उनका आवाहन करते हैं प्र शुकैतु देवी मनीषा। (7.34.1)

प्रत्यक्ष देखे, सुने और अनुभव में आए दिव्य तत्वों के प्रति विश्वास बढ़ता है, पक्का विश्वास प्रगाढ़ भावदशा में श्रद्धा बनता है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नःह्व-

हम प्रातः काल श्रद्धा का आवाहन करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आवाहन करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा, हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) यहां श्रद्धा जीवन और कर्म की शक्ति हैं, श्रद्धा से ही श्रद्धा की याचना में गहन भावबोध है। श्रद्धा का मतलब अंधविश्वास नहीं है। ै-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) देवी उपासना प्रकृति की विराट शक्ति की ही उपासना है। मूर्ति, बिम्ब और प्रतीक नाम ढेर सारे हैं-दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, महालक्ष्मी या सिद्धिदात्री आदि कोई नाम भी दीजिए।

देवी दिव्यता हैं।

## अधिवक्ता संघ की बैठक में बलिदान दिवस को सफल बनाने का निर्णय



**अखिल** झारखंड अधिवक्ता संघ की एक बैठक आज न्यू बार भवन के प्रथम तल्ला पर संघ के महासचिव भरत चन्द्र महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 22 जून को आजसू पार्टी के द्वारा खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में मनाए जाने वाले बलिदान दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने कहा कि बलिदान दिवस को एतिहासिक रूप देना है। उन्होंने संघ से जुड़े अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया।

बैठक में रेखा वर्मा,अंजित कुमार, बी खंडित, समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

**जी सेवन की बैठक में शामिल दुनिया के शीर्ष नेता के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**



## बदलते मौसम के प्रभाव को दिनचर्या बदल कर निपटें

जीवीएस शास्त्री

**बरसात** का मौसम भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत दिलाता है। मानसून की शुरूआत होते ही मौसम में बदलाव आ जाता है और इसके साथ ही हमें अपनी दिनचर्या में कई तरह के बदलाव करने होते हैं, ताकि अपने आपको स्वस्थ रख सकें। इन दिनों में कई तरह के इंफेक्शन होने के खतरे बढ़ जाते हैं। गला सूखना, वायरल इंफेक्शन, फंगल इंफेक्शन और पानी की कमी जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इस मौसम को हम पूरी तरह एंज्वॉय नहीं कर पाते। लेकिन थोड़ा सा अपने स्वास्थ्य का अगर ध्यान रखते हैं तो इस मौसम में बीमार पड़ने से बच सकते हैं।

### खानपान पर दें ध्यान

शरीर में पानी की कमी को पूरी करने के लिए अलग-अलग तरह की हर्ब्स का इस्तेमाल करें। शरीर से बैक्टीरिया बाहर निकालने के लिए हर्बल चाय फायदेमंद होती है। इसके अलावा दालचीनी, अदरक, पुदीना भी हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखते हैं। रात के समय ज्यादा मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए। ऐसे खाने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है और गैस, अपच की दिक्कत होती है। कम नमक वाला भोजन खाना चाहिए।

*मौसमी सब्जियां और फल खाने चाहिए। भुनी मूंगफली, चने, उबला मक्का यह हमारे स्वास्थ्य को दुरुस्त रखते हैं। इन्हें जब हम भूनकर या उबालकर खाते हैं तो उस समय उनमें बटर या ऑयल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ज्यादा अचार और दूसरे तेल में तले स्नैक्स खाने से भी बचें।*

मौसमी सब्जियां और फल खाने चाहिए। भुनी मूंगफली, चने, उबला मक्का यह हमारे स्वास्थ्य को दुरुस्त रखते हैं। इन्हें जब हम भूनकर या उबालकर खाते हैं तो उस समय उनमें बटर या ऑयल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ज्यादा अचार और दूसरे तेल में तले स्नैक्स खाने से भी बचें।

### ज्यादा समय तक पानी में न रहें

मानसून के दिनों में त्वचा संबंधी रोग होने का खतरा ज्यादा होता है। गंदे पानी के कारण पैरों में भी फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

बाहर से आने के बाद अपने पैरों को अच्छी तरह से धोने के बाद उनमें टेलकम पाउडर का इस्तेमाल करें। अंडरआर्म्स के पसीने को सुखाने के लिए भी टेलकम पाउडर लगाएं। सिर धोने के बाद या गीले कपड़ो में एयरकंडीशन वाले कमरे में अचानक अंदर आने से आपको ठंड लग सकती है, इससे बचें। ऑफिस जाने के दौरान अगर बारिश में भीग जाते हैं तो अपने साथ एक्स्ट्रा कपड़े रखें ताकि लंबे समय तक गीले कपड़ों में न रहना पड़े और इससे किसी तरह का फंगल इंफेक्शन आपको न हो। यदि बारिश में भीग जाते हैं तो आते ही सिर और पैरों को सूखे कपड़े से साफ करें।

### बाहर के खाने को कहें ना

बारिश के मौसम में बहुत सारे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस हमारे पूरे वातावरण में होते हैं। बेहतर है इन दिनों बाहर का खाना न खाएं और डेयरी प्रोडक्ट्स जिनमें ज्यादा गर्मी और नर्मी के कारण बैक्टीरिया पैदा होने की आशंका होती है, उससे भी कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इसलिए पनीर, दूध, दही और चीज जहां तक हो सके ताजा और घर का बना ही खाएं। क्योंकि इनमें बारिश के दिनों में सबसे जल्दी बैक्टीरिया पैदा होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य को खराब करते हैं। नहाने के लिए किसी एंटीसेप्टिक साबुन का इस्तेमाल करें या पानी में एक रात पहले ही नीम की पत्तियों को भिगोकर रखें और इससे अपने बालों को धोएं। नीम की पत्तियों को तेल में डालकर तेल को जलाकर सिर में लगाएं ..ताकि किसी तरह का फंगल इंफेक्शन होने के खतरों को कम किया जा सके।

## रिश्तों के मजबूत आधार के भविष्य पर सवाल

रानी राज



**पिता** को सदा से जैविक अस्तित्व का आधार माना जाता रहा, लेकिन जिस तरह से सिंगल पैरेंटिंग व लिव इन रिलेशनशिप बढ़ रही है, कृत्रिम तकनीक से संतान पैदा हो रही हैं तो पिता का अस्तित्व सवालों के घेरे में है। इससे गहरे, सामाजिक और भावनात्मक सवाल खड़े हो गये हैं। भविष्य में संतान को बतौर पिता एक मार्गदर्शक व जिम्मेदारियां निभाने वाले की जरूरत होगी लेकिन जरूरी नहीं वह जैविक पिता हो। ऐसे में पिता वाले भावनात्मक अहसास शायद ही पहले जैसे प्रभावी रहें।

आधुनिक परिवार व्यवस्था बनने के बाद पिता रिश्तों की सबसे विराट संस्था रहे हैं। पिता के नाम पर कुल चलता है। पिता के नाम पर वंश चलता है। हर जगह पहचान का पहला बड़ा आधार पिता रहे हैं। यहां तक कि अभी सौ साल पहले तक दुनिया में जिस व्यक्ति के पिता का पता नहीं होता था, उससे बड़ा अपमान उस व्यक्ति के लिए कुछ और नहीं होता था। स्कूलों में बिना पिता के नाम के बच्चों का नाम नहीं लिखा जाता था। बिना पिता के हर परिचय एक समय तक अधूरा रहा है। लेकिन धीरे-धीरे रिश्तों की सबसे मजबूत कड़ी पिता छीज रहे हैं।

### कृत्रिम विधियों की ओर रुझान

एक जमाने में माना जाता था कि वही असली संतान है जिसकी रगों में पिता का खून दौड़ रहा है। यह कितनी विरोधाभासी बात है कि जिस पिता को सदा से जैविक यानी अपने अस्तित्व का आधार माना जाता रहा है, वही पिता का रिश्ता अब जैविक नहीं रहा। अब पिता नामक संस्था को सामाजिक संस्था के दायरे में डाल दिया गया है। जिस तरह से सिंगल पैरेंटिंग बढ़ रही है, जिस तरह से लिव इन रिलेशनशिप पूरी दुनिया में बढ़ रही है, जिस तरह से बायोलॉजिकल पिता का अस्तित्व धीरे-धीरे धुंधला पड़ रहा है, लोग बिना किसी हिचक के कृत्रिम तकनीक से संतान पैदा करने को तरजीह दे रहे हैं। मसलन इस समय दुनिया में करीब 80 लाख संतानें हैं जो या तो परखनली संतानें हैं या अंजान डोनर के शुक्राणुओं से पैदा हुई संतानें हैं अथवा जो मेडिकल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये सीमन और इनविट्रो फर्टिलाइजेशन की तकनीक से पैदा हुए हैं, उनके दिल-दिमाग में पिता नामक रिश्तों के सबसे वजनदार किरदार का वह हैंगओवर नहीं है, जो सदियों से हर संतान पर अपने पिता को लेकर रहता रहा है।

### अस्तित्व का सवाल

अगर वास्तव में इस बारे में गंभीरता से सोचा जाए तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि क्या अगले कुछ दशकों में पिता जैसे रिश्तों की विराट संस्था का अस्तित्व मिट जायेगा? या फिर उसका वह रूप हमेशा-हमेशा के लिए बदल जायेगा, जिसे आजतक दुनिया जानती रही है? हालांकि इस सवाल का जवाब इतना भी आसान नहीं है कि हां या ना में दे दिया जाए। लेकिन यह भी सच है कि जिस तरह से पिछले कुछ दशकों में रिश्तों के जैविक समीकरण तेजी से बदले हैं, उनके अस्तित्व पर कुछ बड़े प्रश्नचिन्ह लगे हैं, उनको देखते हुए यह सोचना कतई अतिवादी नहीं लगता कि भविष्य में पिता जैसी संस्था का अस्तित्व मिट सकता है। अगर नहीं भी मिटता तो यह तो तय है कि पिता जैसे संबंध पर हम जो गुरुत्वाकर्षण सदियों से देखते रहे हैं, वह ग्रेविटी नहीं ही रहेगी। पिता कभी हर संतान के लिए सामाजिक, भावनात्मक और जैविक हर तरह के आधार का मूल रहे हैं। पिता के बिना किसी संतान की कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। अब उसी पिता जैसे विराट अस्तित्व के सामने गहरे, सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक प्रश्नचिन्ह खड़े हो गये हैं।

### बदले ढांचे में पिता की जरूरत

अब जोर-शोर से यह कहने का चलन बन गया है कि पिता जैविक नहीं, एक सामाजिक और भावनात्मक संस्था हैं। लेकिन जिस तरह से परिवारों की संरचना तेजी से बदल रही है, संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार बन गये, एकल परिवार टूटकर लिव इन रिलेशनशिप का आधार बन गये और फिर लिव इन भी बदलकर सह-पालक का आधार बन गये हैं। हां, यह तय है कि किसी भी बच्चे के जीवन में एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत तो हमेशा बनी रहेगी, जो उसका मार्गदर्शन करे, उसे भौतिक और भावनात्मक सुरक्षा दे, उसके हिस्से की जिम्मेदारियां निभाये, उसे अनुशासन और नैतिकता सिखाए और सबसे बढ़कर बिना शर्त उसे अपनेपन का अहसास दे। लेकिन जरूरी नहीं है कि इन सारी खूबियों वाला व्यक्ति पिता ही हो या कि किसी को ये सारी खूबियां किसी एक व्यक्ति से ही मिलें। ये सभी भूमिकाएं एक व्यक्ति में न सिमटकर भविष्य में अलग-अलग या विभाजित हो सकती हैं। कहने का मतलब यह कि पिता की संस्था तो मिट जायेगी, उसका ढांचा और परिभाषा भी बदल जायेगी, पर पिता की जिम्मेदारियां, उसकी जरूरतें कम नहीं होंगी।

### पिता और संतान के संबंधों पर असर

सवाल है तो फिर आखिर भविष्य के पिता कैसे होंगे या कि भविष्य में पिता किस तरह बदलने जा रहे हैं? भविष्य में पिता और उनकी संतानों के बीच पारंपरिक रिश्ते देखने को नहीं मिलेंगे बल्कि वे परस्पर संबंधों की ओर बढ़ेंगे। मतलब यह कि भविष्य का पिता अपनी संतान को केवल आदेश देने वाला नहीं होगा बल्कि उसके साथ खुद भी सीखने वाला, उसके साथ बढ़ने वाला और उसकी भावनाओं के साथ साझीदारी करने वाला भी होगा। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पिता के नाम पर अभी हमारे सामने सदियों के लैंगिक बोध की जो तस्वीर है, भविष्य में वह तस्वीर चकनाचूर हो सकती है। मतलब जरूरी नहीं है कि पिता पुरुष ही हो। भविष्य में आपका पिता कोई ट्रांसजेंडर भी हो सकता है, समलैंगिक भी हो सकता है, दत्तक भी हो सकता है या आपकी पैदाइश में जैविक भूमिका निभाने वाला शुक्राणुओं का दानकर्ता भी हो सकता है, जिसे आप या आपकी मां भी शायद न जानती हो। पिता नामक विशिष्ट एक्सक्लूसिव किरदार जिसके नाम पर आपका सीना धड़कता था और बांहें फड़कती थीं, वह भावनात्मक वेगपूर्ण पिता का किरदार शायद नहीं रहेगा।

### जैविक पर हावी रहेगा भावनात्मक जुड़ाव

आजतक का चलन यही रहा है कि हर पिता को अपनी संतान के साथ अटूट मोह रहा है, भले उसने कभी उसके साथ जुड़ाव न महसूस किया हो, समय न बिताया हो। यही बात संतानों पर अपने पिता के लिए कही जा सकती है और इस सबका भावनात्मक आधार पिता के जैविक विस्तार होने पर रहा है। लेकिन भविष्य में पिताओं के साथ इस तरह से जैविक जुड़ाव शायद ही रहें बल्कि भावनात्मक और मानसिक रिश्ते शायद बेहतर रहें। अभी तक माना जाता रहा है कि जिसने जन्म दिया, वही पिता है। लेकिन शायद भविष्य में इसकी जगह शायद यह ज्यादा मजबूती के साथ माना जाए कि जिसने जीवन को संवारा, वही पिता है। डिजिटल युग के पिता अपने बच्चों को क्या सिखाएंगे? डिजिटल युग की संतानें सीखने के मामले में अपने पिताओं से ज्यादा तेज दिमाग हैं, तो ऐसा भी हो सकता है कि बच्चे इस धारणा से ही उबर जाएं कि उनके पिता, उनसे ज्यादा जानते हैं।

**(अंकेक्षण अधिकारी बिहार सरकार)**

## आसान नहीं ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल को उड़ाना

मुकुंद

**इजराइल** कई दिनों से ईरान को सामरिक चोट दे रहा है। ऐसी चोट जो ईरान को न रोने दे रही न हंसने दे रही। पिछले छह दिन से दोनों देश एक-दूसरे के आसमान से धरती पर कहर बरपा रहे हैं। इजराइल इस दौरान ईरान के कई प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों और शीर्ष सैन्य कमांडरों को ढेर कर चुका है। अमेरिका उस पर लगातार बिना शर्त समझौता करने का दबाव बना रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। वह समझौते को बेकरार हैं। यह बेकरारी इससे समझी जा सकती है कि वह कनाडा में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन को छोड़कर स्वदेश लौट आए और सीधे सिचुएशन रूम में अपने सैन्य रणनीतिकारों से विचार-विमर्श करने में जुट गए। माना जा रहा है कि इस दौरान ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर इजराइल के हमले की योजना को लेकर भी चर्चा हुई। यह ईरान का सबसे महत्वपूर्ण परमाणु सुविधा केंद्र हैं।



ईरान इसे लेकर बेहद संजीदा है। इसे उसने अभेद्य दुर्ग में तबदील कर रखा है। ईरान ने फोर्डो को कोम शहर के पास पहाड़ के नीचे विकसित किया है। फोर्डो ईंधन संवर्धन संयंत्र चट्टानों और मिट्टी के नीचे लगभग 80 मीटर (260 फीट) की गहराई पर है। इसे हवाई हमलों और सैन्य आक्रमण से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसको ईरान का माउंट डूम भी कहा जाता है। कहा तो यहां तक जाता है कि इसकी रक्षा के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली का बंदोबस्त है।

फोर्डो में काम 2009 में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक मिसाइल बेस के रूप में शुरू किया था। बाद में इसे यूरेनियम संवर्धन के लिए भूमिगत सुविधा में बदल दिया गया। इसे अमेरिकी और इजराइल शुरू से परमाणु हथियारों के उत्पादन के लिए एक संभावित खतरे के रूप में देख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों और विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय ईरानी परमाणु सुविधा रही है। ईरान का एक और भूमिगत परमाणु संवर्धन स्थल नातांज है। इजराइल हमले के पहले दिन ही इसे निशाना बना चुका है। यह दोनों मध्य ईरान में तेहरान के दक्षिण में हैं।

माना जाता है कि फोर्डो को हवाई हमलों का सामना करने के लिए बनाया गया है। 2015 के परमाणु समझौते के तहत, इसे बिना संवर्धन के एक अनुसंधान सुविधा के रूप में इस्तेमाल किया जाना था, लेकिन 2019 के बाद ईरान ने यहां संवर्धन फिर से शुरू कर दिया। समूची दुनिया इसी बात को लेकर चिंतित है। हालांकि फोर्डो को कई लिहाज से अभेद्य माना जा रहा है, मगर कुछ रिपोर्टों में यह दावा किया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के पास ईरान के इस फोर्डो को नष्ट करने की क्षमता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहकर सबको चौंका दिया है कि ईरान के आसमान पर अब हमारा पूरा नियंत्रण है। इजरायली सेना अमेरिका से खरीदे गए विमानों और हथियार प्रणालियों से लैस है। व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम से छनकर आई खबरों में दावा किया जा रहा है कि ट्रंप फोर्डो में इजराइल के संभावित हमले में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं। उनके सबसे करीबी सलाहकार भी सहमत हैं कि अब फोर्डो को उड़ाने का समय आ गया है। ट्रंप ने तो यहां तक कहा कि उन्हें पता है कि ईरान का सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छुपा है। हम फिलहाल उसे मारना नहीं चाहते। हालांकि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के नेता को निशाना बनाने की संभावना से इनकार नहीं किया है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बयान भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ईरानी परमाणु सुविधा केंद्र को समाप्त करने के लिए आगे की कार्रवाई करने का निर्णय ले सकते हैं। यह उनका अधिकार है।

यहां यह जानना भी जरूरी है कि ईरान के खिलाफ अब तक के पिछले हमलों का इतिहास बताता है कि उनके नतीजे अप्रत्याशित होते हैं। कोई 15 साल पहले सेंट्रीफ्यूज पर इजराइल के एक साइबर हमले ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल एक या दो साल के लिए ही धीमा किया था। इसके बाद ईरान परमाणु संवर्धन में वापस लौटा, तो वह पहले से कहीं अधिक ताकतवर हो गया था। जॉर्ज डब्ल्यू बुश के शासनकाल से पिछले दो दशकों में इजराइल और अमेरिका ने नातांज परमाणु संवर्धन केंद्र में हजारों सेंट्रीफ्यूज को निशाना बनाने के कई प्रयास किए हैं।

इजराइल सेंट्रीफ्यूज के लिए जरूरी पुर्जे बनाने वाले कारखानों को नष्ट कर चुका है। वह परमाणु हथियार कार्यक्रम में शामिल उसके प्रमुख वैज्ञानिकों को भी ठिकाने लगाता रहा है। हकीकत यह है कि इजराइल और अमेरिका के हर हमले के बाद ईरान का परमाणु हथियार कार्यक्रम और मजबूत हुआ है। मगर 2015 में हस्ताक्षरित समझौते के तहत ईरान को अपने 97 फीसद परमाणु ईंधन को छोड़ने और नातांज में संवर्धन को धीमा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। साल 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को आपदा बताते हुए पीछे हट गए। इसके तुरंत बाद ईरान ने परमाणु कार्यक्रम में तेजी के साथ काम करना शुरू कर दिया।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू तो यहां तक दावा करते हैं कि ईरान के पास अब भी नौ परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त ईंधन है। सवाल यह भी है ईरान ने फोर्डो परमाणु सुविधा स्थल के लिए कोम शहर को ही क्यों चुना? माना जा रहा है कि ईरानी शासक कोम को सबसे पवित्र शहर मानते हैं। यह देश का सातवा सबसे बड़ा महानगर है। कोम तेहरान के दक्षिण में 140 किलोमीटर (87 मील) दूर और को नदी के तट पर स्थित है। कोम को शिया इस्लाम में पवित्र माना जाता है, क्योंकि यह इमाम अली इब्न मूसा रिदा (फारसी में इमाम रजा 789-816) की बहन फातिमा बिन्त मूसा की दरगाह का स्थल है यकीन मानिए कि इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में यदि फोर्डो को उड़ा दिया जाता है तो इस पवित्र शहर की आत्मा इसके लिए अपने शासकों को जरूर कोसेगी। वह कहेगी फातिमा बिन्त मूसा को चैन से सोने भी नहीं दिया।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# एनएचआई टोल शुल्क लेती हैं, सुविधा नहीं देती हैं

## वर्षा जल जमाव से एनएच-20 पथ बनी तालाब

खबर मन्क्ष संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड में मानूसन के प्रवेश करते ही किसानों के चेहरे खिल गए हैं। लोगों को गर्मी से राहत भी मिल गई है। वहीं लगतार हो रही वर्षा से परेशानी भी बढ़ गई है। खासकर शास्त्री नौक स्थिति एनएच-20 पथ पर पानी का जमाव से रांची रामगढ़ पथ से गुजरने वाले वाहनों के साथ आसपास के दुकानदार व मकान में रहने वाले काफी परेशान हैं। शास्त्री चैक के स्थित वर्षा का पानी इस कदर जमा हो गई, देखने से तालाब सा नजर आने लगा है। सड़क से गुजर रहे वाहनों को गुजरने में चार पहिया वाहन के चक्के थम जा रहे हैं। वहीं कई दो पहिया वाहन चालक गिरते हुए पार कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत ओरमांझी में चल रहे एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण में ग्रामीणों के विरोध के बाद हुई बैठक में पहुंची, एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर (पीडी) एकता कुमारी को शास्त्री चैक स्थित तीन वर्ष से रूके ओवरब्रिजी निर्माण के साथ लोगों को होने वाली परेशानी से भी अवगत कराया गया था। लोगों के घर-नाली, मकान दुकान तोड़ दिए जाने के बाद, अब नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में प्रवेश कर रहे हैं। सौ से अधिक ग्रामीणों के साथ बैठक में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व जिप सदस्य सरिता देवी के सामने एकता कुमारी द्वारा ओवरब्रिज निर्माण जल्द कराने व समस्या दूर करने का आश्वासन दी गई थी। अब लोग ओवरब्रिज निर्माण करने से पूर्व वर्षा का पानी निकासी का उपाय कराने की मांग कर रहे हैं। खासकर वर्षा के मौसम में हालत और भी बदतर हो जाते हैं। मुकेष महतो के घर में नली का गंदा पानी घुस गया। बताया गया कि घर का पिछे की दिवार छेद कर पानी निकालने का प्रयास किया गया। स्थानी लोगों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानी है पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा एनएचआई टोल शुल्क तो वसूल रही है, पर सुविधा नही दे रही। क्षेत्र के लोग तीन वर्ष से परेशान हैं। समस्या दूर नहीं हुई तो, आन्दोलन व टोल शुल्क बंद कराने का का भी निर्णय लिया जा सकता है।


एनएच-20 पथ पर जल जमाव से बना तालाब।


नाली का गंदा पानी घुसने से परेशान घर के लोग।

# पीएमश्री विद्यालय सिलागाई बरसात के पानी से जलमग्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड स्थित पी एम श्री विद्यालय सिलागाई में बरसात के पानी से पूरी तरह जलमग्न हो गया है। बुधवार को जब शिक्षक व विद्यार्थी सुबह स्कूल पहुंचे तो मुख्य गेट तक बरसात का पानी भरा हुआ मिला। शिक्षकों व विद्यार्थियों को पानी में से ही होकर अपनी कक्षाओं में जाना पड़ा। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होने के साथ ही पूरी व्यवस्था ठप्प हो गई है। स्कूल परिसर पूरी तरह तालाब बन चुका है। शिक्षकों व विद्यार्थियों को पानी में से होकर कक्षाओं में जाना पड़ा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजू उरांव ने बताया कि शिक्षकों ने मिलकर जल निकासी की व्यवस्था की। जिसमें लगभग डेढ़ घंटे के समय लगा तब जाकर कक्षा को चालू किया गया। बताते चले कि विद्यालय में जो पानी का निकासी था जहां से नाली की व्यवस्था थी उस जगह पर यात्री शेड का निर्माण कर दिया गया है। जिससे बारिश का पानी समुचित ढंग से नहीं निकल पाता और बरसात में स्थिति ऐसी हो जाती है। समस्या से परेशान विद्यार्थी ने जिला सचिवालय से जलभराव की समस्या समाधान कराने की मांग की, ताकि पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रहे।

### क्यों खास है पीएम श्री विद्यालय

पीएम श्री स्कूलों की मुख्य विशेषताएं हैं: संस्कृति की समझ के साथ-साथ समग्र और बहुआयामी शिक्षा, नई शिक्षा नीति (2020) का कार्यान्वयन, आधुनिक अवसंरचना, पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण, शिक्षकों का प्रशिक्षण और विकास, और समुदाय एवं अभिभावकों की भागीदारी। साथ ही आधुनिक सुविधा मुहैया करना। ये स्कूल न्यायसंगत, समावेशी और आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करते हैं। यह हालात पिछले कई वर्ष से बने हुए है। समस्या के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। स्कूल परिसर में जलभराव से विद्यार्थी व शिक्षक परेशान है।



## मानसून की पहली बारिश मचा रही तबाही

- वीरान पड़ी हैं क्षेत्र की सड़कें
- जल जमाव से लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में मानसून की पहली बारिश खूब तबाही मचा रही है। जल का समुचित निकासी नहीं होने के कारण कई घरों में पानी घुस गया है। एनएच 75 में मुरगू और काठीटांड स्थित पटेल चौक में जल जमाव से लोग परेशान हैं। इससे राहगीर भी हलकान हैं। छोटी-बड़ी गाड़ियों के परिचालन ठप रहने से सड़कें वीरान पड़ी है। सरकारी व गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज व शिक्षण संस्थान में उपस्थिति नगण्य रही। प्रखंड व अंचल कार्यालय में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। मूसलाधार बारिश के कारण संगम रेस्तरां के समीप सकलदेव पटेल के घर में पानी घुसने से परिवार बेहाल है। उन्होंने बताया कि यहां 12 फीट की पक्की नाली थी। लेकिन, पड़ोसियों की ओर से अतिक्रमण कर उसमें बिल्डिंग खड़ी कर दी गयी। नाली बंद होने से बरसाती पानी घर में घुस रहा है। श्री पटेल ने सीओ रवि कुमार को अर्जी देकर अतिक्रमित नाली की मापी कराकर बिल्डिंग हटवाने की मांग की है।

**कई के गिरे आशियाने**

खबरों के मुताबिक, क्षेत्र के विभिन्न गांव के दर्जनों लोगों का कच्चे मकान पानी के भेंट चढ़ गये हैं। इससे प्रभावित परिवारों के समक्ष आवास की समस्या खड़ी हो गयी है। वह दूसरे के घरों में शरण लिये हुये हैं। मवेशियों के लिये तो यह बारिश क्यामत से कम नहीं है। बेजुबान जानवर भूख से तड़प रहे हैं। इसे लेकर किसान चिंतित हैं।

## बुंडू के थाना रोड में मोटरसाइकिल धू-धू कर जल गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू नगर के थाना रोड महाबीर मंदिर के सामने आज बुधवार के पौने बारह बजे खड़ा मोटर्साइकिल में अचानक आग लग कर धु धु जलने लगा। जिसे अग्निशामक दल ने बुझाया तब तक मोटरसाईकिल जलकर राख हो गया। हवांगहातु निवासी मनसा घरनी ने अपने बजाज के आर एस-200 मोटर्साइकिल ( नं.- जे एच 01- ईडी/5728) से बुंडू थाना रोड महावीर मंदिर के सामने पहुंचा। जहां रोड के बगल मोटर्साइकिल खड़ा कर मोबाइल दुकान जा रहा था, इधर गाड़ी मे अपने आप लग लगा। उसने तुरंत ही गाड़ी का बैटरी का कनेक्शन को तोड़कर पेट्रोल कि टंकी के ढक्कन को खोल दिया तब तक मोटरसाइकिल पुरी तरह आग लग गयी। पूरे थाना रोड मे अफरा तफरी मच गयी। आग मे मोटरसाइकिल का तेल टंकी ब्लास्ट होने के डर से दुकाने बंद हो गयी। रोड पुरी तरह जाम हो गया। तब तक अग्निशामक दल बुंडू ने पहुंच कर आग को बुझाया।तब लोगों का मन शांत हुआ। मोटरसाईकिल पुरी तरह जल कर राख हो गया। जिसे रोड के बगल में कर आवागमन चालू हुआ।

## 11 हजार वोल्ट के बिजली तार टूट कर रास्ते में गिरा

**नामकुम।** मंगलवार रात हुई भारी बारिस के कारण थाना क्षेत्र के हाईटेंशन स्थित जियाडा गली में नाली निर्माण के लिए किए गए गड्ढे में धंसकर बिजली का पोल बीच रास्ते में ही गिर गया। जिससे पोल से गुजरने वाले 11 हजार वोल्ट का बिजली तार टुट कर सड़क पर गिर गया। उक्त सडक कॉफी भीड़भाड़ वाली सडक है पर सड़क पर गुजर रहे लोग उसकी संपर्क में आ पाते उसके पहले ही दो कुत्ते तार के संपर्क में आ गए। जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। इसके बाद घटना की जानकारी नामकुम पुलिस को दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंचे नामकुम थानेदार मनोज कुमार ने बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली कटवायी। मामले में स्थानीय लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए बारिश के मौसम खत्म होने तक प्रशासन से नाली निर्माण काम बंद रखने की मांग की है।

## पहली बारिश के बाद हुंडरू, जोन्हा और सीता फॉल पुरे शबाब पर



सिकिदिरी। लगातार हो रही बारिश से पर्यटन स्थल गुलजार हो रहे है। गेतलसूद और हुंडरू फॉल के बीच स्थित स्वर्ण रेखा नदी का जलस्तर बढ़ने से हुंडरू फॉल पुरे शबाब पर है। गर्मी में फॉल से गिरने वाली पानी की एक पतली धार अब बृहत झरने में तब्दील हो गई। गर्मी में शांत रहने के बाद झरने से गिरते पानी के तेज गर्जन की आवाज फॉल की भव्यता का एहसास कराती है। हालांकि बारिश के कारण पर्यटक नहीं के बराबर पहुंचे थे। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि बारिश कम होने के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। स्थानीय दुकानदारों की चेहरे में खुशी है। इधर जोन्हा फॉल में भी राढू नदी का जलस्तर बढ़ने से फॉल की सुंदरता देखते ही बन रही है। जोन्हा फॉल पुरे उफान पर है। पर्यटन कर्मी हरेंद्र महतो ने बताया कि फॉल में अब पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। जोन्हा फॉल के बगल में स्थित सीता फॉल भी बारिश के बाद पुरे उफान पर है। पर्यटनकर्मी सोहन बेक ने बताया कि सीता फॉल की सुंदरता बढ़ गई है। जोन्हा और सीता फॉल एक दूसरे से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर है।

## जान मारने की धमकी देते हुए रंगदारी मांगी, मामला दर्ज

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग के रहनेवाले शेहबूद आलम उर्फ अब्दुल मुन्तालिम ने खरसीदाग ओपी में आवेदन देकर चार अज्ञात युवको पर जान मारने की धमकी देते हुए दो लाख रूप्ये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में शेहबूद आलम ने बताया है कि वह साहेबगंज के राधानगर थाना के नासघर का रहनेवाला है। वर्तमान में कोचबोंग के सुकरा मुंडा के मकान में अपने स्टाफ गुधु मुर्मू के साथ बतौर किराएदार रहकर कुंआ में रिंग डालने का ठेका लेकर काम करता है। शनिवार 14 जून की शाम वह अपने मकान से निकल कर भूसुर चौक की ओर नास्ता करने गया था। वापस जब लगभग नौ बजे अपने मकान में लौट रहा था। उसी दौरान उसने देखा की दो व्यक्ति मुंह पर रूमाल बांधे उसके मकान से निकल कर जा रहे है। उसके बाद उसका स्टाफ गुघू मुर्मू कमरे से रोता हुआ उसके पास पहुंचा और बताया कि दस मिनट पूर्व चार युवक मुंह पर कपड़ा बांधे उसके कमरे में घुसे। एक युवक ने उसकी कनपटी पर पिस्तौ सटा कर गालिंया देते हुए उससे पुछा कि तुम्हारा मालिक पैसा कहां रखता है। जब उसने नहीं बताया तो सभी ने उसपर जानलेवा हमला करते हुए पिटायी की और कहा कि अगर तेरा मालिक शेहबूद आलम एक सप्ताह के अंदर हमें दो लाख रूपया नही देगा तो तुम दोनो को जानमार कर फेंक देगे। मामले में ओपी प्रभारी भवेस कुमार ने बताया कि ओपी पुलिस ने पीड़ित शेहबूद आलम के ब्यान पर अज्ञात चार युवको पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# खलारी कोयलांचल में लगातार बारिश से आम जनजीवन त्रस्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** दक्षिण पश्चिम मानसून के आगमन होते ही खलारी व मैक्लुस्कीगंज सहित कोयलांचल क्षेत्र में लगातार बारिश से गर्मी से राहत तो मिली है। लगातार बारिश के चलते क्षेत्र के कई प्रमुख मार्गों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसका खामियाजा आम जनता व छोटे बड़े वाहनों को उठानी पड़ रही है। बीते तीन वर्षों से चूरी होयर के समीप पतरातूझमैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर बने सड़क में बने गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हो गया है। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने झारखंड सरकार को कोस कर अपना गुस्सा निकाल रहे है। वही उक्त मार्ग में बड़ी दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है। उक्त मार्ग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों भी समस्या से अवगत होने के बावजूद भी स्थायी समस्या का समाधान नहीं निकाल पाया। वही लगातार बारिश से मैक्लुस्कीगंज व खलारी क्षेत्रो के सपही नदी और दामोदर नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा गया।

## डकरा व केडी चौक बाजार में ट्रैफिक से लोग त्रस्त



**खलारी।** डकरा व केडी मुख्य बाजार में शाम होते ही ट्रैफिक जाम हो जाता है। मुख्य बाजार में ट्रैफिक जाम के कारण आमजनमानस को बड़े ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। केडी व डकरा बाजार जाम का कारण खरीददारी करने आये लोगो के दोपहिया व चारपहिया वाहनों को मुख्य मार्ग में यहाँ वहाँ अपने मर्जी से खड़े कर देने से जाम का मुख्य कारण बन जाता है। इन बाजारों के दुकानदारों ने अपने ग्राहकों के लिए कोई पार्किंग की व्यवस्था नही किया गया है। जिसके कारण कोई भी ग्राहक अपने वाहनों को वेवजह दबंग रवैये अपनाते हुए सड़क किनारे खड़े कर देते है। सड़क पर खड़े वाहनों व ट्रैफिक जाम देखने पर खलारी पुलिस कोई करवाई भी नही करती है। जिसके कारण आम दुकानदारों व ग्राहकों का मन बढ़ा हुआ है। जिसके कारण वाहनों का मुख्य मार्ग पर वाहनों का कतार लगी रहती है।

## कॉलोनी में विशालकाय अजगर मिला



**खलारी।** एनके एरिया के सीसीएल चुरी कॉलोनी में सुबह लगभग आठ बजे विशालकाय अजगर देख गया। अजगर कॉलोनी के लोगो का पाले हुए मुर्गी खाने के लिए जंगल से उतर कर कॉलोनी के तरफ आया। जिसके बाद कॉलोनी में रह रहे ग्रामीणों की नजर विशालकाय अजगर पड़ी। अजगर को देख आसपास के कॉलोनी के लोग भीड़ लगा दिए। जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना किया गया। लेकिन फॉरेस्ट के कोई भी कर्मचारी नही पहुँचे। अंतः ग्रामीणों ने अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल मे छोड़ दिया गया।

## सिल्ली : चिकित्सक के निधन से शोक की लहर



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्र के लोगों को अपनी चिकित्सा-सेवा से प्रभावित करने वाले व्यवहार कुशल चिकित्सक डॉ आर एन पांडे के आकस्मिक निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह पिछले के माह से बीमार चल रहे थे। एवं इलाज के क्रम में कोलकाता में ही बुधवार को दिन 10 बजे निधन हो गया। गुरुवार को मुरी स्वर्ण रेखा स्थित घाट में अंत्येष्टि दी जाएगी। डॉ आर एन पांडे आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के सदस्य एवं समाजसेवी थे। वे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। निधन पर पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, रतन लाल महतो, प्रो विजय प्रसाद मंडल, अरविंद कुशवाहा, विनय साव, विजय साव, दिवाकर प्रसाद, विश्वनाथ साय, बबलु साव, संजीव भगत, सुशांत भगत, दिनेश महतो, रमेश जालान, अरुण जालान, विजय जालान, प्रकाश अग्रवाल, रमेश बड़ाइक, मनोज सिंह, संजय मंडल, मदन सिंघानिया, कपील कुम्हार, पवन अग्रवाल समेत विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठन के लोग उनके निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया।

## सड़क पर जमा हुआ पानी, कई घरों में घुसा पानी



**चान्हो।** प्रखंड के तरंगा गांव में मंगलवार रात से हो रही लगातार बारिश के कारण मुख्य सड़क पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। सड़क में नाली जाम हो जाने कि वजह पानी की निकासी नहीं हो पाती है। तरंगा में मुख्यत कारोबारी लोग निवास करते हैं। इस सड़क से तरंगा के साथ-साथ बुढ़मू प्रखंड के कई गांव के लोग और विद्यार्थी इसी रास्ते से चलते हैं। लेकिन जल जमाव के कारण वहां के लोगों का भी परेशानी हो रही है। वैसे ये समस्या नई नहीं है पिछले कई वर्षों से तरंगा वासी इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत अधिकारियों से भी नाली सफाई की गुहार लगाई और जन प्रतिनिधियों द्वारा दो बार नाली साफ किया गाय। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। पिछले वर्ष इस पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास हो चूका है मगर अभी तक मुख्य पथ में किसी तरह का कोई निर्माण कार्य सुरु नहीं हुआ है।

## मादक पदार्थो पर रोक हेतू शपथ ग्रहण



सिल्ली। मादक पदार्थो पर रोक के लिए पूर्णत: संकल्पित झारखंड सरकार की पहल पर नशे को ना जिंदगी को हां, को साकार करने के लिए सिल्ली प्रखंड के सभागार में संध्या पाच बजे से एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य के रूप में रांची जिला परिषद उपाध्यक्षा बीणा चौधरी थी एवं पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली ब्रह्मदेव प्रसाद की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया। सभागार को प्रखंड प्रमुख जीतेन्द्र बड़ाइक एवं सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने मादक पदार्थों से होने वाले नुकसानों को लेकर बहुत सारी बातें को बताया। उपस्थित सामाजिक एवं गणमान्य लोगों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव को रखा एवं समाज में नशा को रोकथाम करने के लिए लोगों को जागरूक करना एवं गांवों में कमेटी का गठन कर कमेटी के द्वारा निगरानी करते हुए नशा करने वाले लोगों को जागरुक कर छुड़वाने का काम किया जा सकता है। वहीं प्रशासन के द्वारा चौक चौराहा पर एवं गांव में विशेष गस्ती टीम के द्वारा छापामारी अभियान चलाया जाएगा।

## आईडीबीआई बैंक के पास पलटा सवारी गाड़ी

**मुरी।** मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की अगले सुबह आईडीबीआई बैंक के नजदीक रांची पुरुलिया मुख्य पथ के किनारे एक सवारी गाड़ी जो सिल्ली की ओर से मुरी की तरफ जा रही थी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि सवारी गाड़ी खाली था। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार गाड़ी के चालक को हल्की-फुल्की चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी और बारिश भी काफी तेज रफ्तार से हो रही थी जिससे गाड़ी के चालक ने अपना संतुलन खो दिया और वाहन पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले को लेकर क्षाणबीण में जुट गई है।

# बेड़ो में बारिश ने मचायी तबाही, चचकपी मुख्य सड़क धंसी पाकलमेड़ी डायवर्सन बहा, ग्रामीणों की आवाजाही ठप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत कई क्षेत्रों में मंगलवार शाम से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने प्रखंड के चचकपी और पाकलमेड़ी गांव में तबाही मचा दी है। बुधवार की सुबह चचपकी गांव की मुख्य संपर्क सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंसकर बह गया। जिससे ग्रामीणों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से पूरी तरह से टूट गया है। यह वर्षों से ग्रामीणों की आवागमन का एकमात्र प्रमुख सड़क है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने इसकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया। नतीजतन अब बारिश ने इसे पूरी तरह से बहा दिया है। सड़क के धंसते ही गांव के लोगों को खेतों और कीचड़ भरे पगडंडियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। सड़क के टूटने से सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। बीमारों को अस्पताल पहुंचाना अब एक चुनौती बन गया है। ग्रामीण रामनाथ उरांव ने बताया कि पहले से ही रास्ता खराब था।अब तो पूरी तरह से खत्म हो गया है। अगर कोई इमरजेंसी हो जाए तो मरीज को बाहर ले जाना असंभव है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क की मरम्मत और वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की मांग की है। जिससे उन्हें राहत मिल सके। इधर भारी बारिश से बेड़ो पाकलमेड़ी सड़क पर पाकलमेड़ी पुल का डायवर्सन पानी के तेज बहाव से बुधवार को टूट कर बह गया। जिससे बेड़ो प्रखंड मुख्यालय आने जाने वाले क्रमशः पाकलमेड़ी, टेरो, महुगांव, इडरी, चटकपुर व मुरतो आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।


भारी बारिश से धंसी चचकपी गांव की मुख्य सड़क।


भारी बारिश से बेड़ो पाकलमेड़ी सड़क का बहा डायवर्सन।

## विधायक राजेश कच्छप से लगा बिजली ट्रांसफार्मर



**अनगड़ा** प्रखंड के बीसा पंचायत के दापुल टोली ग्राम में विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर स्वीकृत बिजली ट्रांसफार्मर का उद्‌घाटन प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष एतवा उरांव, महासचिव अजय करमाली, कांग्रेस नेता अजय मुंडा, बिपता बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किये। उक्त बिजली ट्रांसफार्मर महीनों से खराब थी, ग्रामीणों ने विभाग के चक्कर भी काटे कई जनप्रतिनिधियों से भी सम्पर्क किए मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया। बाद मे विधायक ने तत्काल समस्या को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों को शीघ्र 25 केवीए का नया बिजली ट्रांसफार्मर मुहैया कराया ।इस मौके पर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष योगेंद्र बेदिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश भोगता, जीतराम बेदिया, धर्मा बेदिया, लालजी बेदिया, चमरा भोगता, कमल बेदिया, अमर बेदिया, दशरथ पाहन, तिरथ मुंडा, चरण बेदिया, अद्यनु बेदिया सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बुमराह-सिराज और जडेजा के पास इतिहास रचने का मौका

▸▸ निशाने पर 73 साल पुराना महारिकॉर्ड

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जाएगा। इस मैदान भारतीय टीम का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। भारत ने आखिरी बार यहां पिछला मुकाबला 2002 में जीता था। वहीं, अगर इस मैदान पर भारत बनाम इंग्लैंड के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो यहां दोनों की अब तक कुल सात टेस्ट भिड़ंत हुई हैं। जिनमें से इंग्लैंड ने चार मैच जीते हैं तो भारत को सिर्फ ही जीत नसीब हुई हैं, जबकि एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। ऐसे में नये कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा टीम इंडिया के लिए यहां चुनौती बेहद मुश्किल होने वाली है।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टेस्ट में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा के पास लीड्स में इतिहास रचने का मौका है। संयोग से ये तीनों ही यहां एक-एक मैच खेले हैं और तीनों ने ही दो-दो विकेट अपने नाम किए हैं। अगर इन तीनों में से जो भी 20 जून से खेले जाने वाले टेस्ट में 6 विकेट लेने में सफल होता है तो वह भारत के लिए लीड्स में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बन जाएगा।

## लीड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट में कैसी होगी पिच, क्यूरेटर ने खोला राज

**लीड्स।** लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए अच्छी सतह की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। लीड्स आमतौर पर किसी श्रृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है लेकिन यहां शुरूआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन ने कहा, वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरूआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा। बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।



**सिर्फ इन प्लेयर्स को लीड्स में टेस्ट खेलने का अनुभव:** इंग्लैंड दौरे पर गई भारत की मौजूदा स्क्वॉड में अधिकतर खिलाड़ियों के लीड्स में टेस्ट खेलने का अनुभव नहीं है, जिनमें खुद कप्तान शुभमन गिल शामिल हैं। सिंर्फ चार भारतीय खिलाड़ी ही इस टीम में ऐसे हैं, जो यहां खेल चुके हैं। इनमें स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, केएल राहुल और बल्लेबाज ऋषभ पंत शामिल हैं।

### 73 साल पहले बना रिकॉर्ड आज तक है कायम

लीड्स में 73 साल पहले भारतीय गेंदबाज गुलाम अहमद ने बनाया था। उन्होंने 1952 में खेले गए एक ही मैच में सात विकेट चटकाए थे। इसके बाद रोजर बिन्नी ने 1996 में सात विकेट अपने नाम कर गुलाम अहमद के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद 2002 में अनिल कुंबले सात विकेट चटकाते हुए भारत को आखिरी बार यहां जिताया। इस तरह रोजर बिन्नी और अनिल कुंबले ने गुलाम अहमद के रिकॉर्ड की बराबरी तो की, लेकिन उनसे आगे नहीं निकल सके।

### इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार गिल ने बनाए थे कुल 452 रन

अब सवाल यह उठता है कि क्या शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे धाकड़ युवा बल्लेबाज इस लिस्ट में अपना नाम शामिल कर पाएंगे? भारतीय टीम के मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने 2020 में डेब्यू किया था। अब तक खेले 32 टेस्ट मैचों में उनके नाम 1893 रन दर्ज हैं। उनका औसत 59.92 का है। इस प्रारूप में पांच शतक और सात अर्धशतक लगा चुके गिल इंग्लैंड के खिलाफ अपने हुनर का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। 2024 में जब वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने उतरे थे तब उन्होंने नौ पारियों में 452 रन बनाए थे। भारत ने यह सीरीज 4-1 से अपने नाम की थी।



### जायसवाल 2023 से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

यशस्वी जायसवाल 2023 से भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 19 टेस्ट मैचों में 52.88 के औसत से 1798 रन बनाए हैं। इनमें चार शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 2023 से चार शतक और इतने ही अर्धशतक की मदद से 1164 रन बनाए हैं। गिल भारत के लिए टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 2023 से लेकर अबतक 1157 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। कोहली (1111) और जडेजा (847) क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।

# आइसीसी ने महिला टी-20 विश्वकप 2026 का पूरा कार्यक्रम किया जारी

**एजेंसी**

**दुबई।** अगले साल होने वाले महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित हो गया है और भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आइसीसी और मेजबान इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) ने बुधवार को इसका पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी।

**लॉर्ड्स में खेला जाएगा फाइनल**

24 दिनों तक चलने वाला महिला टी20 विश्व कप 12 जून से पांच जुलाई तक खेला जाएगा और इसमें कुल 33 मैच होंगे और इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। भारत और पाकिस्तान एजबेस्टन में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे, जबकि टूर्नामेंट का पहला मैच इंग्लैंड मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 12 जून को होगा। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

**दो ग्रुप में छह-छह टीमें शामिल**

टूर्नामेंट में शामिल होने वाली 12 टीमों को छह-छह टीमों के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता आस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी।

**भारत के मुकाबले**

पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरूआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा, जबकि उसका सबसे मुश्किल मुकाबला 28 जून को आस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

### इलाज के लिए लंदन पहुंचे सूर्यकुमार

**नयी दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इन दिनों स्पोर्ट्स हर्निया की समस्या से परेशान हैं और अब इस समस्या का इलाज करवाने के लिए इंग्लैंड रवाना हो गए हैं। वहां वे इस बीमारी के विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेंगे और यदि जरूरत पड़ी, तो सर्जरी का फैसला भी लिया जा सकता है। आइपीएल के बाद भी उन्होंने मुंबई टी20 लीग में हिस्सा लिया, जबकि वह पहले से ही इस चोट से जूझ रहे थे। सूर्यकुमार यादव पिछले तीन महीने से स्पोर्ट्स हर्निया की समस्या से जूझ रहे थे, जिसमें आईपीएल में लगातार यात्रा के चलते उनका दर्द काफी ज्यादा बढ़ गया था। समाचार एजेंसी पीटीआई को सूर्या के एक करीबी ने दिए अपने बयान में बताया कि सूर्यकुमार यादव पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।

# बीसीसीआइ को बड़ा झटका, बॉम्बे हाईकोर्ट ने 538 करोड़ रुपये चुकाने का दिया आदेश

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को बाम्बे हाईकोर्ट से झटका लगा है। बाम्बे हाईकोर्ट ने आइपीएल की पूर्व फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरला के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

**अदालत ने बीसीसीआई से भुगतान करने कहा**

न्यायमूर्ति आर चागला ने पारित आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई स्पष्ट अवैधता नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। अदालत ने बीसीसीआइ से इस राशि का भुगतान करने को कहा है। कोच्चि टस्कर्स केरला फ्रेंचाइजी को रोंदिवू स्पोर्ट्स वर्ल्ड (आरएसडब्ल्यू) के नेतृत्व वाले समूह को दिया गया था और बाद में इसे कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड (केसीपीएल) द्वारा संचालित किया गया था। टीम ने 2011 में आइपीएल में भाग लिया लेकिन अगले साल बीसीसीआई ने उनका अनुबंध समाप्त कर दिया था। न्यायमूर्ति चागला ने कहा, आर्बिट्रेशन एक्ट की धारा 34 के तहत इस अदालत का अधिकार क्षेत्र सीमित है। बीसीसीआइ द्वारा विवाद के मूल मुद्दों में हस्तक्षेप करना इस धारा के विपरीत है। तथ्यों पर असहमति मध्यस्थता फैसले को चुनौती देने का आधार नहीं बन सकती।

**बीसीसीआई के पास बचा है रास्ता**

यह विवाद बीसीसीआई द्वारा इस आधार पर समझौते को समाप्त करने के इर्द-गिर्द है कि केसीपीएल और आरएसडब्लू कथित रूप से अपेक्षित बैंक गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहे। केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू ने 2012 में मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू की और अनुबंध को इस तरह खत्म करने को गलत बताया गया। मध्यस्थता पंचाट ने 2015 में उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इसने केसीपीएल को 384.8 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने के साथ ब्याज और लागत के साथ आरएसडब्लू को 153.3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस करने का आदेश दिया। बीसीसीआई ने इन आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि अभी भी बीसीसीआइ के पास इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्ता खुला हुआ है। हालांकि आखिरी फैसला बोर्ड को ही करना है। कोच्चि टस्कर्स केरल ने आइपीएल 2011 में खेले कई खिलाड़ियों को पूरे पैसे आज तक नहीं दिए हैं।

### अल्काराज और ड्रेपर क्वींस क्लब में दूसरे दौर में

**लंदन।** टेनिस जगत के दिग्गज कार्लोस अल्काराज और जैक ड्रेपर ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए क्वींस क्लब चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। स्पेन के स्टार अल्काराज ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स वाल्टन की चुनौती को पार करते हुए सीजन का अपना पहला ग्रास-कोर्ट मैच 6-4, 7-6(7) से जीत लिया।

### बांग्लादेश ने दूसरे दिन नौ विकेट पर 484 रन बनाये

**एजेंसी**

**गॉले (श्रीलंका)।** बारिश के खलल के बाद श्रीलंकाई गेंदबाज थरिंडु रत्नायके, असिता फर्नांडो और मिलन रत्नायके ने बांग्लादेश को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नये सत्र के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को छह विकेट झटककर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई। दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने नौ विकेट पर 484 रन बना लिये थे और हसन महमूद और नाहिद राणा ने अभी खाता नहीं खोला है और क्रीज पर मौजूद रहे। बांग्लादेश ने कल के तीन विकेट पर 292 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। अभी बांग्लादेश ने कल के स्कोर में 17 रन जोड़े थे कि असिता फर्नांडो ने नजमुल शांतो को मैथ्यूज के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। नजमुल शांतो ने अपनी 148 रनों की पारी में 279 गेंदों का सामना किया।

### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित, क्रिस वोक्स की वापसी, कार्स भी शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी। बुधवार को ईसीबी ने बताया कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में भारत के खिलाफ हेडिंग्ले में खेलने के लिए तैयार है। इसमें क्रिस वोक्स की वापसी हुई है, जिन्हें आखिरी बार दिसंबर में खेलते देखा गया था। वहीं, ब्रायडन कार्स पहली बार घरेलू धरती पर खेलते नजर आएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून से यानी शुक्रवार से खेला जाएगा। इसी के साथ इंग्लैंड की टीम नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत करेगी। हेडिंग्ले में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए ईसीबी ने प्लेइंग 11 का एलान कर दिया है। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है।

**आर्चर और वुड की खलेगी कमी**

इंग्लैंड हाल के दिनों में अपने सबसे कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण के साथ पहले मैच में उतरेगा जिसमें जेम्स एंडरसन संन्यास ले चुके हैं जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड की जोड़ी चोटिल है जिससे ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स जैसे गेंदबाजों को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी। कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी बल्लेबाजों की गैरमौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों पर दबाव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा- जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वे कई वर्षों से अनुभवी खिलाड़ी हैं और आप जानते हैं कि विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं।

### पंजाब और तमिलनाडु ने पुरुष वर्ग में कर्नाटक तथा महाराष्ट्र ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 में बुधवार को पुरुष वर्ग में पंजाब ने पुडुचेरी को , तमिलनाडु ने केरल को तथा महिला वर्ग में कर्नाटक ने केरल को और महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश की टीम को हराया। बुधवार को उद्घाटन सत्र के पहले मैच में कर्नाटक ने महिला वर्ग में केरल को 7-0 से हराया। कर्नाटक की ओर से स्नेहा सी (15वें, 17वें, 50वें) मिनट में गोलकर टूर्नामेंट की पहली ऐतिहासिक हैट्रिक बनाई। कप्तान केके कृतिका ने (42वें, 55वें) मिनट में दो गोल किए, जबकि उषा विनयकुमार ने (22वें) और जोसेफिन लोर सेक्वेरा ने (50वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम को टूर्नामेंट में पहली जीत दिलाई। महिला वर्ग के दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने हिमाचल को 5-0 से हराया।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से हारी

**उट्रेच (नीदरलैंड)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में निर्धारित समय में गोल रहित ड्रॉ के बाद हुए शूटआउट में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय और नीदरलैंड की टीम चारों क्वार्टर में कई मौकों के बावजूद गोल करने में विफल रही। निर्धारित समय में दोनों टीमों के बीच गोल रहित ड्रा के बाद शूटआउट शुरू हुआ।

# पूर्व चैंपियन क्वितोवा, डैन इवांस को विंबलडन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दो बार की विंबलडन चैंपियन चेक गणराज्य की पेट्रा क्वितोवा, जो इस साल मातृत्व अवकाश से लौटी हैं, ब्रिटिश नंबर 1 डैन इवांस के साथ विंबलडन मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड प्राप्त करने वालों में शामिल हैं। स्थापित नामों और अगले टेनिस सितारों के मिश्रण को चैंपियनशिप के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश दिया गया है, जिसके लिए क्वालीफाइंग 23 जून से शुरू होंगे और मुख्य ड्रॉ 30 जून से शुरू होगा। क्वितोवा 1990 के दशक में जन्मी पहली खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने ग्रैंड स्लैम खिताब जीता, जब उन्होंने 2011 के विंबलडन फाइनल में मारिया शारापोवा को हराया। उन्होंने 2014 में वीनस रोजवाटर डिश को फिर से हासिल किया। 35 वर्षीय





खिलाड़ी वर्तमान में 572वें स्थान पर हैं और उन्होंने पिछले महीने रोम में इरिना-कैमेलिया बेगू पर अपनी वापसी का पहला मैच जीता था। इवांस इस सप्ताह एचएसबीसी चैंपियनशिप में 2023 में मैनचेस्टर में डेविस कप के बाद से रैंकिंग के हिसाब से अपनी सर्वश्रेष्ठ जीत हासिल करने के लिए फ्रांसेस टियाफो को हराने के बाद अपने 10वें विंबलडन मुख्य ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इवांस के साथ वाइल्ड कार्ड पाने वाले अन्य पुरुष 2023 के लड़कों के एकल चैंपियन हेनरी सियरल, जे क्लार्क, जैक पिनिंगटन जोन्स, जोहानस मंडे, जॉर्ज लोफहेगन और ओलिवर क्रॉफर्ड हैं। इस बीच, जैक ड्रेपर, जैकब फर्नले, कैम नॉरी और बिली हैरिस को पुरुष एकल में सीधे प्रवेश मिला है। महिलाओं की ओर से एम्मा राडुकानू, केटी बौल्टर और सोने कार्तल सभी को सीधे प्रवेश मिलेगा, कार्तल 1997 के बाद से क्वालीफायर के रूप में तीसरे दौर तक पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश महिला बनने के एक साल बाद वापस आ रही हैं। फ्रेंच ओपन गर्ल्स सिंगल्स के फाइनल में पहुंचने के बाद, हन्ना क्लुगमैन पिछले साल क्वालीफाइंग के अंतिम दौर तक पहुंचने से एक कदम पीछे रह जाने के बाद सीनियर ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में पदार्पण करेंगी। साथी उभरते सितारे मिमी जू और 2024 यूएस ओपन गर्ल्स सिंगल्स चैंपियन मिका स्टोजसावलजेविक, फ्रांसेस्का जोन्स, हैरियट डार्ट, जोडी बरेज और हीथर वॉटसन के साथ क्लुगमैन में शामिल होंगी। क्वालीफाइंग के लिए, पुरुषों और महिलाओं के प्रत्येक ड्रॉ में पांच ब्रिट्स को वाइल्ड कार्ड मिले। आर्थर फेरी, ओलिवर टार्वेट, रयान पेनिस्टन, पॉल जुब और 2025 लेक्सस 18 अंडर जूनियर नेशनल चैंपियन ओलिवर बॉन्डिंग पुरुषों की श्रेणी में शामिल हैं, जबकि अमर्नी बैंक्स, लिली मियाजाकी, एला मैकडोनाल्ड, अमेलिया राजेकी और राना स्टोइबर महिलाओं की श्रेणी में शामिल हैं।

# कंगना रनौत विश्व पैरा एथलेटिक्स की ब्रांड एंबेसडर सितंबर-अक्तूबर में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मशहूर फिल्म अभिनेत्री और राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को विश्व पैरा एथलेटिक्स की ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। बता दें कि, 39 वर्षीय कंगना वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद हैं।

**कंगना ने जताई खुशी**

'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा- 'भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं।



मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है।

**26 सितंबर से पांच अक्तूबर तक होगा चैंपियनशिप का आयोजन**

इस मौके पर पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कंगना की तारीफ की। उन्होंने कहा भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है। मालूम हो कि झाझरिया दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी भी हैं। यह प्रमुख प्रतियोगिता 26 सितंबर से पांच अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी और इसमें 100 से अधिक देशों के एथलीट भाग लेंगे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर दुमका डीसी ने दिये निर्देश

## बगैर हेमलेट और शराब पीकर बाईक चलानेवालों के खिलाफ कड़े कदम उठायें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय भवन कार्यालय में बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर डीसी ने निर्देश दिया कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और ट्रैफिक नियमों के पालन को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। बैठक में हिट एंड रन जैसे लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारियों को नियमित रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

खासकर हेलमेट नहीं पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया। जिससे ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन की प्रक्रिया आरंभ की जा सके। इधर डीसी के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में नगर थाना के समीप जांच अभियान चलाया गया। जिसमे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 26 दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों से कुल 53 हजार की राशि जुर्माना के रूप में वसूली गई। बैठक में एसडीओ कौशल कुमार, डीटीओ मनोज करमाली, एसडीपीओ सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मनोज कुमार घोष, रमन कुमार वर्मा, मुस्ताक अली, नीलकंठ झा एवं दीपक कुमार, मनोज,अमित कुमार उपस्थित थे।

## मोकलचक की घटना से संबंधित मामले को लेकर गोड्डा डीसी से मिलने पहुंचे समाजसेवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा/बसंतराय।** मोकलचक की घटना से संबंधित वार्ता करने को लेकर समाजसेवी आर्यन चंद्रवंशी अन्य समाजसेवियों संग पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे।

वहीं समाजसेवी ने बताया कि बसंतराय के मोकलचक में ऋषि कुमार की हत्या को लेकर हम सभी पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के लिए आए हैं। ताकि जिला प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार करे और मृतक ऋषि कुमार को न्याय मिले। आर्यन ने बताया कि घटना को हुए इतने दिन बीत चुके हैं पर ना तो मामले की जांच पूरी हो पाई है और ना ही पुलिस अभी कर आरोपी को गिरफ्तार कर पाई है। वहीं इस घटना के मामले में मृतक के परिजन मनोज सिंह का कहना है कि कुल मिलाकर 10 अभियुक्त है जिसमें से एक ने उसे बुला कर ले गया था। घर में किसी को मालूम नहीं था, खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। दूसरे दिन बबुल के पेड़ पर शव लटका हुआ मिला। अचानक हुई इस घटना से परिजन काफी हताहत हैं, हम सभी जिला प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यह आत्महत्या है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि गांव में भागवत कथा का आयोजन था इतने बड़े आयोजन के बीच कोई आत्महत्या कैसे कर सकता है। यह जरूर कोई सोची, समझी साजिश है। इस दौरान डॉक्टर रामदेव सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से अनुरोध है कि इस मामले की जल्द से जल्द संज्ञान ले।

परिवार जनों को न्याय दिलाएं, ताकि परिवार सदमे से बाहर निकल सके। इस दौरान आर्यन चंद्रवंशी, रामदेव सिंह मृतक के पिता मनोज सिंह, बिहारी बाबा, कुंदन सिंह, विक्की कुमार, सूरज कुमार, विमल सिंह उपस्थित थे।

### एक नजर में

### बेरमो : लगातार बारिश के कारण तेनु डैम का दो फाटक खोला गया, अलर्ट जारी



बेरमो। लगातार हो रही बारिश के कारण तेनुघाट डैम का दो रेडियल गेट सुबह 9 बजे के बाद खोल दिया गया है। दोनों रेडियल गेट खोलने से दामोदर नदी में 2200 क्यूसेक पानी पर सेकंड डैम से डिस्चार्ज किया जा रहा है। इसको लेकर लोगों को सतर्क भी किया गया है। दामोदर किनारे सरकारी विभाग को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। जरूरत पड़ने पर और भी रेडियल गेट खोलने की बात कही गई है।

### दुमका डीसी ने की कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक, दिया निर्देश



दुमका। कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन और किसानों को लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर तक हर पात्र किसान को सुनिश्चित करें। कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि श्रीविधि तकनीक का प्रशिक्षण कृषकों को दें। इस तकनीक को वीडियो के माध्यम से सभी किसानों को दिखाए। फ्लो चार्ट और पैंपलेट के माध्यम से भी किसानों में जागरूकता लाए। कहा कि जिले में ज्वार, मडुआ, बाजरा, रागी की खेती को बढ़ावा दें। ओट्स बनाने का प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का प्रोपोजल बनाए। बीज वितरण में कृषकों को 50 फीसदी अनुदान दी जाती है। इसे शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करे। इसी क्रम में डीसी ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक योग्य लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिया। कहा जिस प्रखंड में सुकर, पशु, बकरी शेड का कार्य लंबित है। उसे जल्द पूर्ण करे। मत्स्य विभाग की समीक्षा में संबंधित अधिकारी को प्रॉन मछली का उत्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### ईवीएम वेयरहाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

दुमका। डीसी अभिजीत सिन्हा ने ईवीएम वेयरहाउस का बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की गई। ईवीएम वेयर हाउस के सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। उन्होने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रख-रखाव का जायजा लिया। डीसी द्वारा परिसर के अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### डीएवी कथारा में योग दिवस की तैयारियों का शुभारंभ



कथारा। कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में सीसीएल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर विंग में कक्षा नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के छोटे बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीसीएल के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान जी द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और शांत मन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है और सभी बच्चों को प्रतिदिन योग करने की आदत डालनी चाहिए। यह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अति उत्तम है। वीडियो के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न योगासन देखे और उनका अभ्यास भी किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षिका सुजला के, मंतोष कुमार, कुमारी ज्योति, रिया सरकार, रंजीता सिंह, वंदना कुमारी, रिया सिन्हा, शीलेश मंडल, सच्चिदानंद शर्मा, प्रेम तिवारी, गुंजन कुमारी, पूजा सिंह, सोनाली सिंह आदि उपस्थित थे।

### बेरमो : छेदी नोनिया बने पुन: प्रखंड अध्यक्ष, महासचिव बने सलीम जावेद उर्फ मोती



बेरमो। फुसरो के ढोरी पांच नंबर धौडा मे कांग्रेस की बैठक की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने किया वहीं बैठक का विस्तार करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। जिसे देखते हुए बेरमो प्रखंड में कांग्रेस कमेटी का विस्तार किया गया। वही बेरमो प्रखंड अध्यक्ष 6 जून दुनिया उपाध्यक्ष केदार सिंह उपाध्यक्ष फूलचंद महतो महासचिव संतोष कुमार सिंह महासचिव आनंद राम महासचिव प्रदीप महतो महासचिव मुन्ना सिंह महासचिव मोहम्मद महबूब आलम महासचिव मोहम्मद सलीम जावेद उर्फ मोदी महासचिव तुलसी रविदास महासचिव उत्तम कुमार गुप्ता महासचिव रूपा देवी को बनाया गया वहीं जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना सभी का काम है। वही सभी मनोनीत लोगों ने जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। बेरमो प्रखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का कार्य करूंगा।

### आजसू पार्टी फुसरो नगर समिति की हुई बैठक



बेरमो। आजसू पार्टी फुसरो नगर समिति की बैठक सांसद आवासीय कार्यालय मकोली में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने की एवं संचालन नगर सचिव मनोज महतो (गोपी) के द्वारा किया गया। बैठक में फूसरो नगर प्रभारी अशोक कुमार महतो एवं बेरमो प्रखंड प्रभारी कमलेश महतो उपस्थित हुए। प्रभारी अशोक महतो एवं कमलेश कुमार महतो ने कहा आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं से राँची चलने का आह्वान किया गया ताकि झारखंड निर्माण के आंदोलन में बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जा सके और संगठन की एकता एवं संकल्प को मजबूत किया जा सके। मौके पर केंद्रीय सदस्य सूरज महतो केंद्रीय सदस्य महेंद्र चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान फुसरो नगर कार्यकारी अध्यक्ष संतोष रवानी उपाध्यक्ष शंकर गिरी, छात्रसंघ सचिव विक्की महतो, भारत महतो, बबलू, शशि चौहान, रोहित चौधरी यशवंत, सुरेंद्र उपस्थित थे।

### डीसी अंजलि यादव से मिले गोड्डा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी



गोड्डा। गोड्डा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रितम गाडिया के नेतृत्व में बुधवार को डीसी और एसपी से मिला चैम्बर का प्रतिनिधि मंडल डीसी अंजलि यादव और पुलिस कप्तान मुकेश कुमार को रामायण की पुस्तक, पुष्पगुच्छ और चेंबर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चैम्बर अध्यक्ष गाडिया ने डीसी से एक कार्यालय के लिए स्थान मुहैया कराने का अनुरोध किया और नगर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का अनुरोध किया। एसपी से शहर की ट्रेफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और अपराध की घटना को कंट्रोल करने के विषय पर चर्चा हुई। दोनो हि पदाधिकारियो के साथ चैम्बर की बैठक सकारात्मक रही। गोड्डा के साथ महागामा चेंबर के सदस्यगण ने अपनी बाते रखी। जिसमे महागामा के प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी लगाने की बात की गई। प्रीतम गाडिया, मो कामरान, मुकेश बरनवाल, मुकेश भगत, प्रीतेश नंदन, बिकास टेकरीवाल, महताब आलम, अफसर जमा, नलिन रंजन, सुधांशु ठाकुर, चेतन दत्ता आदि सदस्य मौजूद थे। महागामा चेंबर के अध्यक्ष मोहन केशरी के नेतृत्व मे मनोज पोद्दार, उदय भगत, अरुण ठाकुर भी मौजूद थे।

### नीट यूजी में डीपीएस चास की अदिति को मिले 557 अंक



बोकारो। डीपीएस चास की छात्रा अदिति शुभम ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 557 अंक प्राप्त किए। उसने 99 .56 परसेंटाइल हासिल की तथा ऑल इंडिया रैंक 9511 और जनरल कैटेगरी रैंक 4308 प्राप्त की। विद्यालय के एक और प्रतिभाशाली छात्र दीप्तांशु प्रकाश ने भी सराहनीय प्रदर्शन के साथ क्वालीफाई किया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी सफलता की कहानियां कड़ी मेहनत व समर्पण और विश्वास से बनती हैं। विद्यालय की निदेशिका एवं प्राचार्या डॉ मनीषा प्रो-वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन और सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्पीड न्यूज

### कथारा वाशरी के नये परियोजना पदाधिकारी बने अमरेन्द्र कुमार



कथारा। कथारा वाशरी परियोजना कार्यालय में नए परियोजना पदाधिकारी कथारा वाशरी अमरेन्द्र कुमार ने योगदान दिया। वहीं पूर्व परियोजना पदाधिकारी वी मोहन बाबु ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इस अवसर नए परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार के स्वागत के साथ पूर्व परियोजना पदाधिकारी वी मोहन बाबू विदाई दी गई। नए परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार का स्वागत वी मोहन बाबू द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने वी मोहन बाबू के कार्यकाल और अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही। वहीं वी मोहन बाबू ने सभी कर्मचारियों को वाशरी के सफल संचालन में सहयोग देने के लिए सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। नए परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि मेहनतकश मजदूरों, अधिकारियों एवं सभी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं टीम बनाकर उत्पादन लक्ष्य से आगे बढ़ने का सार्थक प्रयास उनकी प्राथमिकता रहेगी। मौके पर अधिकारियों में एसबीएन सिंह, अनंत पासवान, मनीष कुमार सहित यूनियन नेता सर्वजीत कुमार पांडेय, रामेश्वर कुमार मंडल,राजू रविदास, मों फिरोज, सुरेश कमार, कृष्ण बहादुर, दिलीप कुमार, रंजय कुमार सिंह, एम एन सिंह आदि मौजूद थे।

### बेरमो : तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत



बेरमो/ललपनिया। गोमिया थाना क्षेत्र के होसिर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत मियाबांध गांव निवासी अघनु रविदास (60वर्ष) वृद्ध की मौत बुधवार को देवानबांध तालाब में नहाने के दौरान डूबने से हो गयी। स्थानीय मुखिया की सूचना पर गोमिया थाना पुलिस घटना स्थल पहुंची। जानकारी के अनुसार अघनु रविदास मंगलवार दोपहर 12:00 बजे घर से बकरी चराने गया हुआ था। इसके बाद वह घर वापस नही आया, परिजनों व लोगो के बहुत खोजबीन के बाद भी नही मिला। हालांकि दुसरे दिन बुधवार को शक संदेह पर देवानबांध तालाब में खोजबीन करने के बाद उनका मृत शव करीब दोपहर साढ़े 3:00 बजे निकाला गया। अघनु रविदास के मौत से पूरा परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं मुखिया पार्वती देवी ने शौक व्यक्त किया। मंत्री प्रसाद ने कहा कि दु:खद घटना है। वही परिजनों को ढाढस बंधाया है और उन्होंने परिजनों को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि परिजनों के दु:ख सुख में साथ है। इनके मौत पर पंसस महेश रविदास सहित गांव के लोगों में शौक की लहर है।

### गोड्डा के एसडीओ की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा। पथरगामा प्रखंड सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गोड्डा अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव के नेतृत्व में बीएलओ एवं सुपर बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्रों का नजरी नक्शा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रत्येक बीएलओ को उनके बूथ क्षेत्र का सटीक व दृश्यात्मक नक्शा तैयार करना सिखाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुति दी गई।

# दुमका : बगीचा में पार्टी मना रही किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार, गये जेल

### दो दोस्तों ने अलग-अलग जगह ले जाकर किशोरी से किया दुष्कर्म

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुलिस अलग-अलग मामले में तीन को गिरफ्तार कर भेजी जेल।

**दुमका।** बगीचा में 16 जून को दो सहेली व पांच दोस्तों के साथ पार्टी मनाने गई 16 वर्षीय आदिवासी किशोरी के साथ उसके ही दो दोस्तों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों दोस्तों ने अलग-अलग जगह ले जाकर गंदा काम किया। घटना जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विजयपुर की है।

मंगलवार की देर शाम मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। आरोपियों को स्थानीय लोगों ने धर दबोच पुलिस के हवाले किया। बुधवार को पुलिस देवघर जिला के चितरा और गोडडा जिले के पोड़ैयाहाट के सलैया निवासी 20 वर्षीय संदीप हेम्ब्रम एवं 18 वर्षीय अशोक बास्की को विशेष अदालत पोक्सो प्रभारी प्रधान जज सह डीजे वन शत्रुन्जय सिंह के अदालत में बयान दर्ज करा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दुमका के रामगढ़ प्रखंड की रहने वाली किशोरी 16 जून को श्रीअमड़ा में रहने वाली सहेली डोली मरांडी से मिलने के लिए आई थी। उसके घर में पहले से ही पिंकी सोरेन भी मौजूद थे। शाम को सभी ने विजयपुर पुल के पास बगीचा में छोटी पार्टी का आयोजन किया। इसमें डोली ने अपने दो दोस्त देवघर के पालोजोरी और चितरा के जैश मरांडी को भी बुला लिया।

बाद में डोली का एक और दोस्त पोड़ैयाहाट का संदीप हेम्ब्रम और मैथ्यूज हेंब्रम भी पार्टी में शामिल हो गया। रात करीब 12 बजे खाने पानी का सामान लेने के लिए पीड़िता किशोर की बाइक से शहर आ रही थी। इसी क्रम में अशोक ने मयुराक्षी नदी के समीप झाड़ी में ले जाकर किशोरी से दुष्कर्म किया। इसके बाद वापस पार्टी में ले आया।

आधा घंटा के बाद संदीप नदी से कुछ दूर किशोरी को ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने सहेलियों को सारी बताई तो वे उसे अपने घर ले गई। पीड़िता ने माता पिता को इसकी जानकारी दी और अगले दिन शाम को थाना में मामला दर्ज कराया।

> किशोरी के साथ उसके ही दो दोस्तों ने दुष्कर्म किया है। सभी लोग बगीचा में पार्टी मनाने के लिए गए थे। आरोपी की गिरफ्तारी हो गई है। एक आरोपित नाबालिग हैं। उसे रिमांड होम भेज दिया गया है।
> **कुमार सत्यम पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना**

### नाबालिग से यौन शोषण करने वाला धराया

दुमका। नगर थाना पुलिस नाबालिग से यौन शोषण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कारूडीह गांव निवासी संजय मोहली है। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र की किशोरी ने युवक पर प्रेम जाल में फंसा यौन शोषण का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर विशेष अदालत पोक्सों डीजे वन के न्यायालय में बयान दर्ज करा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### सीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण बड़ी घटना होते-होते बची






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोमिया।** घटना बुधवार को प्रथम पाली के करीब एक से डेढ़ बजे की है सुबह में डोजर लेकर ऑपरेटर सुखलाल महतो साइट पर गया उसके बाद करीब 11:00 से 12:00 बजे के बीच वापस तेल लेने के लिए और मेंटेनेंस करवाने के लिए नीचे आया। उसके बाद करीब 1:30 बजे दोबारा वह अपने साइट पर जाने लगा इसी क्रम में चेंबर में आग लग गई। इसमें सुखलाल महतो का दोनों हाथ और सामने का हिस्सा करीब करीब झुलस गया। आनन फानन में प्राथमिक उपचार के लिए कथारा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि सीसीएल सुरक्षा को लेकर इतनी लापरवाह कैसे हो सकती है जब डोजर मेंटेनेंस के लिए आया तो उसकी पूरी जांच क्यों नहीं की गई। कहीं ना कहीं यह घटना इलेक्ट्रीशियन के लापरवाही के कारण घटी है वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ऑपरेटर डोजर लेकर जैसे ही अपने कार्य स्थल पर पहुंचने वाला था कि चेंबर में आग लग गई, और सुखलाल महतो का दोनों हाथ और सामने का हिस्सा झुलस गया। वही गोविंदपुर पीओ अनिल कुमार से दूरभाष पर बात हुई उन्होंने बताया कि सुखलाल महतो ज्यादा जला हुआ नहीं है लेकिन बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर किया गया।

## बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन की प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन की धमन भट्टी प्रबंधन के साथ हुई बैठक में मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को उठाया गया एवं ठेका मजदूरों के हो रहे कथित दोहन पर भी गहन चर्चा हुई। प्रबंधन की तरफ से आश्वासन दिया गया कि ठेका श्रमिकों को सीएलसी पेमेंट नहीं करने की कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अगर मिले तो यूनियन प्रबंधन को बताने का कार्य करे। यूनियन अध्यक्ष कमल रंजन दुबे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस सकारात्मक वार्ता के बाद ठेका श्रमिकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। बैठक में प्रबंधन की तरफ से धमन भट्टी के सीजीएम शोभिक राय सहित जीएम जयंत जोरदार अशोक राय मानस सरकार विनय कुमार श्याम सुंदर कार्मिक विभाग से प्रियवर्थ रोसलिन मिंस इशिता जैन एवं सीडी के पदाधिकारी के अलावा बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष कमल रंजन दुबे प्रभारी महामंत्री दीनानाथ पाण्डेय उपाध्यक्ष रघुनाथ महतो संयुक्त महामंत्री गोपाल ठाकुर सहायक संयुक्त महामंत्री मिराजुद्दीन अंसारी सचिव संतोष राय संतोष कुमार सिंह नईम अख्तर संजय दास कुमार सानू मनीष मिश्रा सूरज मिश्रा बीके मांझी उमेश कुमार मेहरा उत्तम मंडल शराफत अंसारी अब्दुल रब अख्तर अजय कुमार प्रदीप मरांडी रमेश महतो संतोष महल जीएन दास आदि मौजूद रहे।

## बेरमो : नेपाल में आयोजित 11वें कराटे चैंपियनशिप मे छात्रों ने जीते 9 पदक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**फुसरो।** नेपाल में आयोजित 11वां माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियन शिप में बेरमो के प्रसिद्ध कराटे कोच उमेश नायडू के छात्रों ने देश के लिए 9 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते। इनके सम्मान के लिए करगली गेट स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मानव सेवा माधव सेवा के संस्थापक गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन उमा शंकर महतो ने किया। गजेंद्र सिंह व उमा शंकर ने मुख्य प्रशिक्षक उमेश नायडू, सह प्रशिक्षक रितेश कुमार शर्मा, शाहिल कुमार सहित छात्रो को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होने छात्रो का उत्साह बढ़ाया। कहा कि छात्रों की मेहनत, लगन और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि बेरमो के साथ झारखंड राज्य पूरे भारत वर्ष का नाम रौशन किया यह बेरमो की गर्व की बात है। इन खिलाड़ियों ने अभाव में इस दुर्गा मंदिर के प्रांगण में प्रशिक्षण ले रहे थे। जिसका परिणाम स्वरुप नेपाल में आठ देशों के खिलाड़ियों के बीच अपना उम्दा प्रदर्शन दिखाया। बेरमो के कराटे कोच उमेश नायडू ने बताया कि 11वां माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे टूर्नामेंट में उनके सात छात्रों ने 9 अंतरराष्ट्रीय मेडल जीते।

बेरमो क्षेत्र से इन्होंने जीता पदकः देव नायडू काता ने सिल्वर फाइट में बरोंच, अन्नु कुमारी फाइट में गोल्ड, तम्मना कुमारी फाइट में सिल्वर, दीप्तकृति कुमारी फाइट में गोल्ड मेडल, दिव्यांशु कुमार महतो काता में सिल्वर, देव राज महतो, फाइट में बरोंच, फाइट में अदिति गोहिल फाइट में बरोंच मेडल की जीत हासिल की।

## चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न, 28 को देंगे धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** समाहरणालय प्रांगण में झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के जिला कोषाध्यक्ष शांति दे दलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री सपन कुमार कर्मकार ने कहा कि झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्षों बाद भी चतुर्थवर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति की सुविधा नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि चतुर्थवर्गीय कर्मचारी विभागीय कार्यों की रीढ़ हैं फिर भी उन्हें वाजिब अधिकार और सम्मान नहीं मिल रहा। प्रदेश भर के कर्मी अपनी दयनीय स्थिति से मुख्यमंत्री एवं विधायकों को अवगत करा चुके हैं किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मकार ने राज्य सरकार से मांग की कि प्रोन्नति वेतनमान और ग्रेड पे से संबंधित लंबित मामलों को शीघ्र निपटाया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि चार सूत्री मांगों को लेकर 28 जून को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना तथा 30 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक को जगत पासवान अमित कुमार राय कमलेश कुमार संजय बाउरी नागेंद्र कुमार राजाराम कोड़ा विद्याधर महतो राजन रविदास लालजी गंजू गणु गौराई बदन तुरी शंकर दयाल और काजल कुमार मौजूद थे।

# हर माता-पिता की होती है ख्वाहिश, घर-आंगन में गूंजे किलकारी

संजीव मिश्रा/नीतू झा

**रांची।** माता-पिता बनने की ख्वाहिश हर किसी की होती है। हर कोई चाहता है कि उसका परिवार, घर-आंगन बच्चों की किलकारियों और हंसी से गुंजायमान रहे। मगर कई बार लाख चाहने और कोशिशों के बावजूद भी कई दंपति माता-पिता नहीं बन सकते। ऐसा कई करणों से हो सकता है, जैसे कि बांझपन, स्वास्थ्य समस्याएं या कोई अन्य कारक। ऐसे में वे बच्चे को गोद लेने का विकल्प चुन सकते हैं ताकि वह अपने परिवार को पूरा कर सकें। उनकी इस इच्छा को पूरी करने के लिए कई केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण अहम पहल कर रहा है।

**झारखंड में 2024-25 में 70 बच्चे लिए गये गोद :** रही बात झारखंड की तो यहां संचालित स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी यानी एसएए की सक्रियता की बदौलत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 70 बच्चे गोद लिए गये हैं। इनमें सबसे ज्यादा 28 बच्चे-बच्चियां रांची में संचालित एसएए से जुड़े हैं। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 90 बच्चे गोद लिये गये थे। कारा की पहल पर 8,598 नए चिन्हित बच्चों को गोद लेने से जुड़े पुल में शामिल किया गया है।

रांची में दो एडॉप्शन सेंटर हैं : अगर आप राजधानी रांची के किसी अनाथ/बेसहारा बच्चे को गोद लेने के इच्छुक हैं। रांची में दो एडॉप्शन सेंटर संचालित हैं। सहयोग विलेज नामक संस्था अशोकनगर में है, जबकि करुणा संस्था बरियातू में चल रही है। रांची जिला की बात करें 2024-25 में अभी तक 28 बच्चे गोद लिए जा चुके हैं।

**बिहार- यूपी के लोग लड़के को गोद लेना पसंद करते हैं :** करुणा संस्थान के प्रबंधन लाला लक्ष्मी लाल ने बताया कि जो पढ़े-लिखे परिवार है। वह लड़की लेना ज्यादा पसंद करते हैं और जो रूढ़िवादी है खास करके बिहार और यूपी के लोग लड़के को गोद लेना ज्यादा पसंद करते हैं। अगर हम विदेश में बसे लोगों की बात करें तो वह लड़कियों को लेना ज्यादा पसंद करते हैं।

**गोद लेने वाले 35,701 और बच्चे सिर्फ 2,435:** गोद लेने की इच्छा रखने वाले लोगों की संख्या के मुकाबले गोद दिए जाने वाले बच्चों की संख्या बेहद कम हैं। अप्रैल 2025 तक (कारा) के केयरिंग पोर्टल पर गोद लेने के इच्छुक 35,701 दंपतियों ने पंजीकरण कराया है। इनमें 32,873भारतीय नागरिक ओएएस बच्चों को गोद लेने के इंतजार में हैं। 300 एनआरआई, 216 ओसीआई और 319 विदेशी भी कतार में हैं।

## अनाथ बच्चा गोद लेकर अपनी इच्छा पूरी कर रहे हैं लोग




**भारत में लगातार वृद्धि :** भारत में बीते एक दशक में गोद लेने की संख्या में शानदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 2015-16 के मुकाबले गोद लिए बच्चों की संख्या 3,677 से बढ़कर 2018-19 में 4,027 हो गई है। हालांकि, इसमें कोविड-19 के दौरान थोड़ी गिरावट आई, लेकिन 2024-25 में रिकॉर्ड 4,515 बच्चों को गोद लिया गया। यह बीते एक दशक में सबसे अधिक संख्या है। इस साल अब तक 420 बच्चे अनाथ/परित्यक्त/सौंपे गए (ओएएस) श्रेणी से गोद लिए जा चुके हैं। इनमें से 342 को ड्डारतीयों ने, आठ को एनआरआई, छह को ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) और 11 को विदेशियों ने गोद लिया। इससे पता चलता है कि बच्चों को कानूनी तौर पर गोद लेने की स्वीकार्यता बढ़ रही है। इसमें केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण यानी 'कारा' की अहम भूमिका रही है।

**कारा की पहल का दिख रहा है असर :** कारा ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गोद लेने की समयसीमा, सीडब्ल्यूसी सदस्यों का प्रशिक्षण, फॉस्टर केयर और भावी दत्तक माता-पिता के लिए गोद लेने संबंधी परामर्शों सहित 45 वर्चुअल प्रशिक्षण सत्रों के साथ-साथ वास्तविक राज्य अड्डािविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए. इसके अलावा, गोद लेने संबंधी जागरूकता अभियान के तहत, 'कारा' ने अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक दत्तक माता-पिता के साथ बैठकें आयोजित करने के लिए 16 राज्यों के साथ भागीदारी की।

**अब सिंगल पैरेंट भी गोद ले सकते हैं :** देश में अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग रह रहे लोग भी बच्चा गोद ले सकते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने नये नियम के तहत यह अनुमति दी है। इन दिशा-निर्देशों के तहत फॉस्टर पेरेंट्स को पांच साल की देखभाल के बाद बच्चा गोद लेने की इजाजत होगी। देश में अब सिंगल पैरेंट्स भी बच्चा गोद ले सकेंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक नयो नियम के तहत अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग रह रहे 35 से 60 साल की उम्र के अकेले लोगों को ड्डी बच्चे को गोद लेने की अनुमति दे दी है। इससे पहले, 2016 के मॉडल फॉस्टर केयर गाइडलाइंस के तहत, केवल विवाहित जोड़ों को ही बच्चे को गोद लेने की अनुमति थी। हालांकि, एक अकेली महिला किसी ड्डी लिंग के बच्चे को गोद ले सकती है, लेकिन एक पुरुष केवल पुरुष बच्चे को ही गोद ले सकता है।

### गोद लेने के लिए 'कारा' में रजिस्ट्रेशन

- **बच्चों को कानूनी रूप से स्वतंत्र करना :** कारा के माध्यम से गोद लिए जाने वाले बच्चों को कानूनी रूप से स्वतंत्र होना चाहिए, जिसे जिला बाल कल्याण समिति द्वारा प्रमाणित किया जाता है।
- **योग्य होना :** आपके पास गोद लेने के लिए कुछ योग्यताएं होनी चाहिए, जैसे कि आयु, वित्तीय स्थिति, और मानसिक स्वास्थ्य आदि।
- **देखभाल की क्षमता:** गोद लेने के लिए योग्य होने के लिए आपको एक स्थिर और प्यार ड्डारा घर प्रदान करने की क्षमता होनी चाहिए, और बच्चों की देखभाल करने की क्षमता होनी चाहिए।
- बच्चे और गोद लेने वाले व्यक्ति की उम्र में कम से कम 21 साल का अंतर होना चाहिए।
- एकल पुरुष केवल लड़के को गोद ले सकते हैं, जबकि अविवाहित महिलाएं लड़की या लड़के को गोद ले सकती हैं।
- कुछ संदायों का प्रतिषेध: किसी भी व्यक्ति को दत्तक के बदले कोई संदाय या इनाम नहीं दिया जा सकता है।
- विदेशी माता-पिता के लिए विदेशी माता-पिता भी भारत में बच्चों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उनके पास गोद लेने के लिए कुछ अतिरिक्त दस्तावेज और योग्यताएं होनी चाहिए।
- गोद लेने की प्रक्रिया में सुधारभारत में बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में सुधार किया जा रहा है, और सरकार ने गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। हाल ही में, सरकार ने एकल माता-पिता को भी गोद लेने की अनुमति दे दी है।

# भारत में बनेंगे फाल्कन 2000 जेट

## डसॉल्ट एविएशन ने रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर के साथ किया समझौता

एजेंसी

नयी दिल्ली। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन अब वैश्विक बाजार के लिए भारत में फाल्कन-2000 बिजनेस जेट बनाएगी। इसके लिए बुधवार को पेरिस एयर शो में कंपनी ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्कर लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस एयरोस्ट्रक्कर लिमिटेड (आरएएल) के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के बाद भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राजील के बाद अगली पीढ़ी के बिजनेस जेट बनाने वाले देशों के कुलीन क्लब में शामिल हो गया है। यह पहली बार है कि जब डसॉल्ट एविएशन फ्रांस के बाहर फाल्कन-2000 जेट का निर्माण करेगा, जिससे भारत रणनीतिक वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बिजनेस एग्जीक्यूटिव जेट्स के लिए पहली असेंबली लाइन डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड (डीआरएएल) महाराष्ट्र के नागपुर में स्थापित की जाएगी। यहां जेट का पूर्ण ढांचा और विंग असेंबली संचालन के हस्तांतरण के साथ-साथ प्रमुख सुविधा उन्नयन होगा, जहां से 2028 तक फाल्कन 2000 की पहली उड़ान का मार्ग प्रशस्त होगा।

**नागपुर में स्थापित होगी पहली असेंबली लाइन**

डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि यह नया समझौता भारत की 'मेक इन इंडिया' प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति शृंखला में भारत को एक प्रमुख भागीदार के रूप में मान्यता दिलाएगा। यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जबकि रणनीतिक रूप से वैश्विक विमानन आपूर्ति शृंखला में एकीकृत है। डसॉल्ट एविएशन फाल्कन 8 और फाल्कन 6 के फ्रंट सेक्शन की असेंबली के अलावा फाल्कन-2000 के पंखों और पूरे धड़ की असेंबली भी डीआरएएल को सौंपेगा। रिलायंस समूह के संस्थापक अध्यक्ष अनिल डी. अंबानी ने कहा कि यह समझौता आत्मनिर्भर भारत' और 'विश्व के लिए भारत में निर्माण' के दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत में फाल्कन बिजनेस जेट के निर्माण के लिए डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारी साझेदारी देश, विमानन उद्योग और रिलायंस समूह के लिए एक निर्णायक क्षण है। इससे भारत को वैश्विक एयरोस्पेस मूल्य शृंखला में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। इस ऐतिहासिक पहल से भारत हाई-एंड बिजनेस जेट निर्माण के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभरेगा। नई फाइनल असेंबली लाइन भारत और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग को पूरा करेगी। डसॉल्ट एविएशन और रिलायंस एयरोस्ट्रक्कर के बीच संयुक्त उद्यम डीआरएएल की स्थापना 2017 में हुई थी। उसी के बाद नागपुर के मिहान में एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा की स्थापना के साथ परिचालन शुरू हुआ। 2019 में अपना पहला फाल्कन-2000 फ्रंट सेक्शन देने के बाद से डीआरएएल ने फाल्कन-2000 के लिए 100 से अधिक प्रमुख उप-खंडों को इकट्ठा किया है। डीआरएएल को अपने विस्तारित परिचालन का समर्थन करने के लिए अगले दशक में कई सौ इंजीनियरों और तकनीशियनों की भर्ती करने की उम्मीद है।



# आकाश और अनंत अंबानी बने भारत के अमीर शख्स

**मुकेश अंबानी के दोनों पुत्रों की संपत्ति 3.59 लाख करोड़**

एजेंसी

**मुंबई।** उद्योगपति धीरूभाई अंबानी की विरासत को शीर्ष पर पहुंचाने वाले मुकेश अंबानी के दोनों पुत्र आकाश और अनंत अंबानी भी इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए 3.59 लाख करोड़ रुपये की संयुक्त संपत्ति के साथ भारत की सबसे अमीर जोड़ी बन गए हैं।

भारत की आर्थिक शक्ति और उद्यमशीलता के नए आयामों को रेखांकित करते हुए 360 वन वेल्थ ने प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के सहयोग से 360 वन वेल्थ क्रिएटर्स लिस्ट के बुधवार को जारी पहले संस्करण उन 2,013 व्यक्तियों का व्यापक और डेटा-संचालित प्रोफाइल प्रस्तुत करता है, जिनकी व्यक्तिगत संपत्ति 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। इन सभी की कुल संपत्ति मिलाकर लगभग 100 लाख करोड़ रुपये के बराबर है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई है। मुंबई देश का सबसे बड़ा फाइनेंशियल हब बनकर उभरा है। यहां 577 ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति बनाई है। इनकी संपत्ति देश की कुल संपत्ति का 40% है। दिल्ली 17% के साथ दूसरे और बेंगलुरु 8% के साथ तीसरे स्थान पर है। अहमदाबाद का योगदान 5% है। भारत में 40 साल से कम उम्र के 143 लोग ऐसे हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति बनाई है। इनमें से कई डिजिटल वेंचर चला रहे हैं।



# ईरान ने इजराइल पर 25 'फतह-1' मिसाइलें दागीं

**तेहरान।** ईरान ने पहली बार इजराइल के खिलाफ फतह-1 मिसाइल से हमला किया है। उसने एक साथ ऐसी 25 मिसाइलें दागकर भारी तबाही मचाई है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरान की खबर के अनुसार इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि फतह-1 मिसाइल हमला इजराइली प्रायोजक संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कड़ा संदेश है। फतह-1 उन्नत मिसाइल है। यह लक्ष्य को कुछ ही मिनट में तबाह करने में सक्षम हैं। आईआरजीसी ने कहा कि फतह-1 को तेल अवीव ईरान की ताकत का संदेश देने के लिए भेजा गया, ताकि उसका युद्ध प्रिय सहयोगी अमेरिका भी जान सके कि लड़ाई कैसी होगी। फतह-1 ने इजराइल के आसमान पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है। उसके ताजा हमले के बाद इजराइल के लोग रक्षा विहीन हो गए हैं।



### मतदाता फोटो पहचान पत्र 15 दिन में बनेगा

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मतदाताओं को उनके फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) तेजी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के लिए नई मानक प्रक्रिया (एसओपी) तय की है। अब नए नामांकन या मतदाता विवरण में किसी भी बदलाव के 15 दिनों के भीतर मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड प्राप्त हो जाएगा।

यह पहल मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही विभिन्न पहलों का हिस्सा है, जिन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू व डॉ. विवेक जोशी के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है।

# ईरान से भारतीयों के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू

## 110 छात्रों को लेकर विमान आज भारत पहुंचेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष और क्षेत्रीय हालात के बिगड़ने के मद्देनजर भारत सरकार ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन सिंधु की शुरूआत की है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत 17 जून को ईरान के उत्तरी हिस्से में फंसे 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। इन छात्रों को भारतीय दूतावास की निगरानी में सड़क मार्ग से ईरान से आर्मेनिया की राजधानी येरेवान पहुंचाया गया। वहां से सभी छात्र बुधवार को दोपहर 2:55 बजे विशेष विमान द्वारा भारत रवाना हुए और इनके 19 जून की तड़के नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। यह ऑपरेशन सिंधु का पहला चरण है। भारत ने इस पूरे अभियान में सहयोग के लिए ईरान व आर्मेनिया की सरकारों का विशेष आभार जताया है, जिन्होंने निकासी प्रक्रिया को सहज और सुरक्षित बनाने में भरपूर सहायता की। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### तेहरान में हेल्पलाइन नंबर

1.केवल कॉल के लिए: +98 9128109115, +98 9128109109
2.व्हाट्सएप: +98 901044557, +98 9015993320, +91 8086871709
3.बंदर अब्बास:+ 989 9177699036
4. जाहेदान: +98 9396356649

**नयी दिल्ली में हेल्पलाइन नंबर**

800118797 (टोल फ्री), + 91-11-23012113, + 91-11-23014104, + 91-11-23017905।
व्हाट्सएप: +91-9968291988

# लगातार दूसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 139 और निफ्टी 41 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, यूटिलिटीज, धातु, पावर, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 17 समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 138.64 अंक की गिरावट लेकर 81,444.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.35 अंक फिसलकर 24812.05 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 45,690.53 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 53,033.80 अंक रह गया।इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2448 में बिकवाली जबकि 1532 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2955 कंपनियों में से 1851 में गिरावट जबकि 1026 में तेजी रही वहीं 78 में टिकाव रहा।

बीएसई के 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 0.66, ऊर्जा 0.41, एफएमसीजी 0.47, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.52, इंडस्ट्रियल्स 0.40, आईटी 0.76, दूरसंचार 0.01, यूटिलिटीज 0.75, कैपिटल गुड्स 0.48, धातु 0.65, तेल एवं गैस 0.47, पावर 0.67, रियल्टी 0.46, टेक 0.53, सर्विसेज 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.75 प्रतिशत लुढ़क गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक की गिरावट लेकर 81,314.62 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,858.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 81,237.01 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 81,583.30 अंक के मुकाबले 0.17 प्रतिशत उतरकर 81444.66 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 65 अंक गिरकर 24,788.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24947.55 अंक के उच्चतम जबकि 24,750.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,853.40 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,812.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टीसीएस 1.79, अडानी पोर्ट्स 1.55, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.35, बजाज फिनसर्व 1.16, नेस्ले इंडिया 0.95, एनटीपीसी 0.85, एचसीएल टेक 0.84, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, टाटा मोटर्स 0.73, एलटी 0.64, इंफोसिस 0.45, आईटीसी 0.37, टाटा स्टील 0.36, रिलायंस 0.10 और एसबीआई 0.06 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, इंडसइंड बैंक 5.12, टाइटन 1.99, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.24, मारुति 1.12, एशियन पेंट 0.74, भारती एयरटेल 0.54, एक्सिस बैंक 0.35, और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.22 प्रतिशत लाभ में रहे।



### निवेशकों को 1.72 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने दो लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 446.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 447.91 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 1.72 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## स्पीड न्यूज

### आंध्र प्रदेश में मुठभेड़ तीन नक्सली नेता ढेर

**पाड़ेरू।** अल्लूरी सीतारामाराजू जिले में मंगलवार देर रात देवीपटनम मंडल के कोंडामोडालु वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन प्रमुख माओवादी नेता मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से तीन एके-47 राइफलें बरामद की हैं। इनमें हाल ही में मारे गए माओवादी शीर्ष नेता चलपति राव की पत्नी और स्पेशल जोन कमेटी की सदस्य अरुणा के साथ-साथ सेंट्रल कमेटी के सदस्य गजरला रवि उर्फ उदय और एओबी स्पेशल जोन कमेटी की एसीएम अंजू भी शामिल हैं। नक्सली रवि उर्फ उदय पर 25 लाख और अरुणा पर भी 20 लाख रुपये का इनाम था।

### पाक में विस्फोट, जाफर एक्स. के 4 डिब्बे बेपटरी

**जाकोबाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार को विस्फोट से जफर एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। यह धमाका जाकोबाबाद में रेलवे ट्रैक पर हुआ है। जाकोबाबाद सिंध प्रांत का शहर और जिला मुख्यालय है। यह सिंध के उत्तर और बलूचिस्तान के साथ प्रांतीय सीमा पर स्थित है। जाकोबाबाद को खंगेर के नाम से भी जाना जाता है। खैबर पख्तूनख्वा के आदिवासी क्षेत्र की रिपोर्टों के लिए जाना जाता है।

### बीएसएनएल 5-जी सेवा जल्द शुरू होगी

**नयी दिल्ली।** बीएसएनएल की 5-जी सेवा का इंतजार अब खत्म होने वाला है। बीएसएनएल 4-जी के बाद अपने 5-जी नेटवर्क को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। दूरसंचार कंपनी ने अपने 5-जी नेटवर्क को एक नया नाम क्यू-5जी यानी क्वांटम 5-जी दिया है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने एक्स पोस्ट पर अपनी 5-जी सर्विस को लेकर अपडेट दिया है। कंपनी ने अपने 5-जी नेटवर्क को नया नाम दिया है, जो क्यू-5जी यानी क्वांटम 5-जी है। बीएसएनएल ने बताया है कि 5-जी नेटवर्क बहुत जल्द लॉन्च कर दिया जाएगा।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज उत्तराखंड जायेंगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरूवार को उत्तराखंड की तीन दिन की यात्रा पर रवाना होंगी जहां वह विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी तथा योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस दौरान मुर्मू देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में रहेंगी।

### लॉस एंजिल्स से निषेधाज्ञा हटी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में लॉस एंजिल्स की महापौर कैरेन बास ने लॉस एंजिल्स डाउनटाउन के एक हिस्से में एक सप्ताह से लागू निषेधाज्ञा को हटा दिया है। सुश्री बास ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि निषेधाज्ञा और चल रहे अपराध रोकथाम प्रयासों ने दुकानों, रेस्तरां, व्यवसायों और आवासीय समुदायों को अप्रवासी समुदाय से बचाने में काफी हद तक सफलता पायी है। मैं आज से प्रभावी निषेधाज्ञा को हटा रही हूं और चूंकि हम वाशिंगटन से आने वाली अराजकता के साथ तेजी से निपट रहे हैं। जरूरत पड़ने पर मैं फिर से निषेधाज्ञा लागू करूंगी।

### इजरायल-ईरान युद्ध की मध्यस्थता कर सकता है रूस : जेफरी

**मॉस्को।** अमेरिकी अर्थशास्त्री एवं कोलंबिया विश्वविद्यालय में सतत विकास केंद्र के निदेशक जेफरी सैक्स ने कहा कि रूस, ईरान और इजरायल के बीच तनाव को कम करने तथा दोनों को वार्ता की मेज पर वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सैक्स ने रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से कहा कि रूस का इस क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है जो इस तरह के प्रयास में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा, रूस का मध्यस्थता करना बहुत अच्छा रहेगा। यह आवश्यक है कि इजरायल की आक्रामकता तुरंत खत्म हो और ईरान के खिलाफ प्रतिबंध समाप्त करने और उसकी सुविधाओं की निगरानी के लिए वार्ता फिर से शुरू हो।

